आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 22°C |


इनसाइड न्यूज

सीएम योगी के नेतृत्व में 'नल से जल' क्रांति से लगी जेई व एईएस...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 18 अक्टूबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 08 www.janexpresslive.com/epaper

रेलवे टिकट की एडवांस बुकिंग अब... 12

# बहराइच हिंसा : सरफराज और तालीम का एनकाउंटर

## दोनों के पैर में गोली लगी, रामगोपाल की हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार

- हिंसा के आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर बोले, पांचों आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

बहराइच के महाराजगंज में हुए हत्याकांड के दो मुख्य आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए हैं। उनके पैरों में गोली लगी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने नानपारा बायपास पर हांडा बसेहरी नहर के पास आरोपियों की घेराबंदी की। जहां पुलिस व आरोपियों के बीच जवाबी फायरिंग हुई जिसमें दो आरोपी घायल हो गए। आरोपियों के नाम मोहम्मद सरफराज और मोहम्मद तालिम हैं। यूपी के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने कहा कि एनकाउंटर के बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये सभी हिंसा के आरोपी थे। उन्होंने कहा कि आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे। घायल आरोपियों को इलाज के लिए नानपारा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इस बीच मेडिकल कॉलेज को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। परिसर में चारों तरफ भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल की तैनाती की गई है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।



### यह है पूरा मामला

बता दें कि बहराइच के महाराजगंज में रविवार शाम को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल में राम गोपाल मिश्रा नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने जिले में जमकर उत्पात मचाया। मंगलवार और बुधवार को जिले में शांति रही। बृहस्पतिवार को महाराजगंज इलाके में भी इंटरनेट बहाल कर दिया गया। वहीं, हत्याकांड के आरोपियों की पुलिस द्वारा घर से उठाए जाने और उनका एनकाउंटर होने की बात सामने आ रही है।

### दो आरोपी हुए घायल

पुलिस के साथ मुठभेड़ में सरफराज और तालिम घायल हो गए हैं। पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. अरशद जमाल सिद्दीकी और सीएचसी प्रभारी डॉ. सीबी राम ने बताया कि दोनों घायलों को 2 बजकर 35 मिनट पर पुलिस सीएचसी लेकर आई थी। सरफराज को बाएं पैर में तो तालिम के दाएं पैर में गोली लगी है। दोनों की उम्र 22 से 24 वर्ष के बीच है और उनकी हालत स्थिर है।

### सरफराज की बहन बोली, कल ही पुलिस ने उठा लिया था

वहीं, बहराइच में जिस मकान मालिक अब्दुल हमीद पर राम गोपाल मिश्रा पर गोली चलाने का आरोप है उसकी बेटी रुखसार बता रही है कि कल 4 बजे मेरे पिता अब्दुल हमीद, मेरे दो भाई सरफराज, फहीम और उनके साथ एक अन्य युवक को यूपी एसटीएफ ने उठा लिया है। मेरे पति और मेरे देवर को पहले उठाया जा चुका है किसी भी थाने से उनकी कोई खबर नहीं मिल पा रही है। हमें डर है कि उनका एनकाउंटर कर हत्या की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिजनों की सुरक्षा की अपील की है।

### घायल आरोपियों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था

पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों घायलों को लेकर नानपारा सीएचसी से मेडिकल कालेज की ओर रवाना हो गई है। मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मौके पर पुलिस व पीएसी तैनात है। सुरक्षा के लिए लिहाज से मेडिकल कॉलेज के बाहर फोर्स तैनात है। बताया जा रहा है कि आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे तभी उनकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मामले की जानकारी पर लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। बता दें कि रविवार को युवक की हत्या के बाद जिले में बवाल मच गया था।

### सीएम योगी को दी गई एनकाउंटर की अपडेट

लखनऊ में एडीजी ऑफिस में पुलिस के बड़े अधिकारियों की बैठक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहराइच हिंसा के आरोपियों के पुलिस मुठभेड़ में घायल होने की जानकारी दी गई है।यह भी बताया गया है कि बहराइच हिंसा के पांचों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीएम योगी ने अधिकारियों को बहराइच में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। यह तस्वीर उस वक्त की है, जब मुठभेड़ में घायल सरफराज और तालिब को पुलिस हांडा बसेहरी नहर से नानपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ला रही थी। दोनों को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### जहां बवाल हुआ, वह अब्दुल हमीद के घर की छत थी

राम गोपाल को गोली मारने का जो वीडियो सामने आया है, वह अब्दुल हमीद नामक शख्स की छत का है। इसी घर में राम गोपाल की हत्या हुई थी। रविवार को दुर्गा प्रतिमा विजर्सन के दौरान जो बवाल हुआ था, उसकी शुरुआत अब्दुल हमीद के घर से ही हुई थी। पहले डीजे को लेकर विवाद हुआ। फिर पथराव शुरू हो गया। इसी दौरान मौका पाकर राम गोपाल छत पर चढ़ गया। उसने वहां लगा झंडा उतार दिया और भगवा झंडा लहराया था। इसके बाद वह झंडा समेट रहा था, तभी उसे दूर से गोली मारी गई है। पुलिस ने राम गोपाल की हत्या में अब्दुल हमीद, उसके दो बेटे समेत 6 को नामजद किया है। मुकदमे में 4 अज्ञात हैं।

# निर्माण श्रमिकों का कल्याण नहीं अत्याचार कर रहा सरकारी अमला

*एक साल से श्रमिक पोर्टल बंद, इस कारण निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण नहीं हो रहा है और न ही पंजीकृत श्रमिकों का नवीनीकरण हो रहा*

- इस वजह से सरकार से मिलने वाली सभी आर्थिक मदद, योजनाओं का लाभ इन्हें नहीं मिल पा रहा
- बेटियों की शादी अनुदान हो या आवास के लिए सहायता से भी वंचित

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** जिस सरकारी अमले के कंधों पर निर्माण श्रमिकों के कल्याण की जिम्मेदारी है उनका संवेदनहीन रवैया और लापरवाही श्रमिकों के अत्याचार का कारण बन रहा है। अधिकारियों की वजह से श्रमिक सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं। इस बात का अहसास कराए जाने के बावजूद अफसर शाही की नींद नहीं टूट रही है। खामियाजा श्रमिक और उनके परिजन भुगत रहे हैं। लगभग एक वर्ष से श्रमिक पोर्टल को बंद कर दिया गया है। जिस कारण इनका पंजीकरण नहीं हो रहा है और न ही पंजीकृत श्रमिकों का नवीनीकरण हो रहा है। इस वजह से सरकार से मिलने वाली सभी आर्थिक मदद योजनाओं का लाभ इन्हें नहीं मिल पा रहा है। बेटियों की शादी अनुदान हो या आवास के लिए सहायता किसी भी योजना का आवेदन नहीं हो रहा है। जिसको लेकर निर्माण श्रमिकों में काफी रोष है। इस संबंध में भवन निर्माण मजदूर परिषद संस्था ने श्रम विभाग से जनसूचना अधिकार के माध्यम से जवाब मांगा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। संस्था के महामंत्री और एडवोकेट कृष्ण कुमार गौतम के अनुसार नियम अनुसार सूचना के अधिकार के तहत अपर श्रमायुक्त से कारण जानने की कोशिश की गई। इसके बावजूद अभी तक कोई कारण नहीं बताया गया है। सरकार की मंशा के बावजूद योजनाओं का लाभ न मिलने से श्रमिक और उनके परिजन परेशान हैं।

### ऐसे मजदूरों के पास अस्थाई और अनियमित रोजगार होता है

दरअसल,निर्माण कार्य में लगे श्रमिक असंगठित श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। दयनीय स्थिति में कार्य करने के कारण ऐसे मजदूरों के पास अस्थाई और अनियमित रोजगार होता है। इनके काम का समय भी निश्चित नहीं होता है। मूलभूत एवं कल्याणकारी सुविधाओं की कमी आदि के कारण इनकी स्थिति अत्यंत कमजोर एवं दयनीय है। पर्याप्त कानूनी प्रावधानों की कमी के कारण श्रमिकों को सटीक जानकारी प्राप्त करना एवं जिम्मेदारी तय करना और सुधारात्मक उपायों को लागू करवाना एक दुर्लभ कार्य सा है। जिम्मेदार अधिकारियों ने भी इनकी समस्या पर मौन धारण कर रखा है।

### सरकार ने निर्माण श्रमिकों कल्याण के लिए श्रमिक पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत की

उत्तर प्रदेश में श्रमिक पंजीकरण का उद्देश्य ऐसे लोगों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जो निर्माण कार्य से अपना और परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। सरकार ने ऐसे लोगों के लिए श्रमिक पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत की है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पोर्टल का निर्माण किया है। इसके जरिए प्रदेश के सभी निर्माण श्रमिक अपने आप को श्रमिक पोर्टल पर आनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिसके माध्यम से इन्हें भी सरकार की ओर से चलायी गयी योजनाओं का लाभ मिल सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दिवाली पर योगी सरकार ने दिया बड़ा तोहफा, 1.86 करोड़ परिवारों को मिलेंगे मुफ्त एलपीजी सिलेंडर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष की तरह इस दीपावली पर भी मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। योगी सरकार के इस कदम से प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं सीएम योगी के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही मुफ्त एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रदेश में साल में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। इसी के तहत दीपावली से पहले एलपीजी सिलेंडर वितरित करने का शासनादेश जारी कर दिया गया है।

### यूनियन बैंक का 22 करोड़ हड़पने वाले बिल्डर को ईडी ने किया गिरफ्तार, जांच में नहीं कर रहा था सहयोग

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 22 करोड़ रुपये हड़पने वाले गाजियाबाद के बिल्डर राजीव त्यागी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के संचालक राजीव त्यागी को ईडी ने पूछताछ के लिए राजधानी स्थित जोनल कार्यालय बुलाया था, जहां जांच में सहयोग नहीं करने पर उसे गिरफ्तार करने का निर्णय लिया गया।

### राज्य कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, दिवाली से पहले होगी बढ़े डीए की घोषणा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। दिवाली से पहले यूपी के कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि का तोहफा मिल जाएगा। इसका लाभ 17 लाख से ज्यादा राज्य कर्मियों और शिक्षकों को मिलेगा। वर्तमान में यहां के कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों को मूल वेतन पर 50 प्रतिशत डीए मिल रहा है। केंद्र के समान ही तीन प्रतिशत वृद्धि होगी, जो जुलाई से लागू होगी। केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है।

# राज्य मुख्यालय ब्यूरो के पद पर नियुक्त हुए संतोष दीक्षित

- श्री दीक्षित ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से विधि स्नातक व मास कम्युनिकेशन की शिक्षा ग्रहण की है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



जौनपुर में बतौर जिला संवाददाता कार्यरत संतोष कुमार दीक्षित पुत्र श्री सीताराम दीक्षित निवासी रुधौली थाना सरपतहा तहसील शाहगंज जिला जौनपुर को जन एक्सप्रेस राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र में राज्य मुख्यालय ब्यूरो के पद पर 14 अक्टूबर को नियुक्त किया गया। श्री दीक्षित ने पिछले दो दशकों से अधिक समय से पत्रकारिता जगत में निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकार के रूप में ख्याति प्राप्त की है। जनपद में इनकी कार्य क्षमता एवं अनुभव को देखये हुए इन्हें प्रदेश के राज्य मुख्यालय ब्यूरो पद की जिम्मेदारी दी गई है। बताते चलें कि श्री दीक्षित ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से विधि स्नातक व मास कम्युनिकेशन की शिक्षा ग्रहण की है। श्री दीक्षित ने वर्ष 1993 से 1994 तक दैनिक जागरण जौनपुर में कार्य किया है। इन्होंने, वर्ष 1995 से वर्ष 2023 तक अमर उजाला जौनपुर में कार्य किया।

श्री दीक्षित द्वारा वर्ष 2023 से वर्तमान में लखनऊ से प्रकाशित जन एक्सप्रेस के लिए जनपद जौनपुर में जिला संवाददाता के पद पर बहुत ईमानदारी व लगन के साथ अपने व संस्थान द्वारा दिये गए दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है।

श्री दीक्षित की कार्यक्षमता को देखते हुए समाचार पत्र प्रबंधतंत्र ने दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को इन्हें राज्य मुख्यालय पर ब्यूरो के पद पर नियुक्त किया था। श्री दीक्षित ने वृहस्पतिवार को जन एक्सप्रेस मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपना कार्यभार ग्रहण किया।

# यूपी उपचुनाव : सपा-कांग्रेस मिलकर लड़ेंगी चुनाव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी की दस सीटों में होने वाले उपचुनावों में कांग्रेस और सपा मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सपा आठ सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस को दो सीटें मिलेंगी। फिलहाल चुनाव आयोग ने नौ सीटों के लिए चुनावी कार्यक्रम तय किया है। मिल्कीपुर की सीट पर पिटीशन होने की वजह से यहां के लिए चुनाव की तारीखें तय नहीं हुई हैं। बाकी सीटों पर 13 नवंबर को चुनाव होना है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि कांग्रेस को उपचुनाव में गाजियाबाद और खैर सीट दे दी गई है। खैर सीट अलीगढ़ जिले में आती है। इन दो सीटों के अलावा बाकी सीटें सपा लड़ने जा रही है। कुंदरकी सीट के अलावा पार्टी ने बाकी सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं।

### सपा इन सीटों पर लड़ रही है चुनाव

सप 9 अक्तूबर को ही मिल्कीपुर के साथ करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां में प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब प्रत्याशी उतारने के लिए कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद और खैर सीटें बची थीं। आज ही शाम को सपा ने मीरापुर में प्रत्याशी घोषित कर दिया था। समाजवादी पार्टी ने मीरापुर विधानसभा उपचुनाव के लिए सुंबुल राणा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं। सूत्रों के मुताबिक, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच इस मुद्दे पर श्रीनगर में बुधवार को चर्चा हुई थी। कांग्रेस पहले से ही यह दो सीटें मांग रही थी।



### मिल्कीपुर सीट पर नहीं हो सका फैसला

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर लंबित चुनाव याचिका को वापस लेने की अपील पर बृहस्पतिवार को फैसला नहीं हो सका। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के बाद सपा नेता अवधेश प्रसाद के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दाखिल की गई थी। इसके लंबित होने के कारण चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की थी। याचिकाकर्ता भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ ने याचिका वापस लेने की अपील की। इस पर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने एक हफ्ते में अधिकृत गजट प्रकाशित करने का आदेश दिया। इसके 15 दिन बाद मामले की सुनवाई होगी। अदालत ने वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के सभी प्रत्याशियों को नोटिस भेजने का आदेश भी दिया। भाजपा नेता के अधिवक्ता संदीप यादव ने बताया कि चुनाव याचिका वापस लेने की अपील पर सपा नेता अवधेश प्रसाद के वकील ने विरोध जताया। उनका कहना था कि मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस भेजी जानी चाहिए।

### मिल्कीपुर में चुनाव लड़ने से भाग रही सपा: जेपीएस

अयोध्या जिले की मिल्कीपुर (सुरक्षित) सीट पर 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में दाखिल याचिका फैसला टलने के लिए भाजपा ने सपा को जिम्मेदार ठहराया है। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि सपा इस सीट पर हार से डर रही है। इसलिए जानबूझ कर याचिका का विरोध किया है। इससे स्पष्ट है कि सपा चुनाव लड़ने से भाग रही है। उन्होंने कहा कि अगर सपा वास्तव में चुनाव कराना चाहती है तो उसे चुनाव आयोग में लिखित रूप से देना चाहिए और चुनाव कराने की मांग कर करनी चाहिए।

# महाकुंभ 2025 : महाकुंभ में चुस्त-दुरुस्त होगी बिजली व्यवस्था

- गंगापार झूसी क्षेत्र और न्यू बेली में दो नए सब स्टेशन का किया जा रहा निर्माण
- विद्युत विभाग के साथ समन्वय से मेला प्रशासन ने की व्यापक तैयारी

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

महाकुंभ 2025 में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चुस्त और दुरुस्त होगी। पूरे मेला क्षेत्र में बिजली की कहीं कोई कमी नहीं होगी, इसके लिए विद्युत विभाग के साथ समन्वय से मेला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। इसके अंतर्गत दो नए सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सब स्टेशनों की क्षमता वृद्धि, इंटरलिंक लाइन के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। यही नहीं विद्युत लाइन को भूमिगत करने की कार्यवाही भी जारी है। इसके साथ कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### दो नए सब स्टेशन का निर्माण

महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत गंगापार झूसी क्षेत्र में 132/33 के.वी. पारेषण उपकेन्द्र हेतापट्टी का निर्माण हो रहा है। यह उपकेन्द्र मेला क्षेत्र और लगभग 2.50 लाख आबादी वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों (आवास विकास, त्रिवेणीपुरम्, सहसों, हेतापट्टी) को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इसी प्रकार, न्यू बेली उपकेन्द्र भी बन रहा है, जो बेली, म्योराबाद, कटरा और राजापुर जैसे क्षेत्रों की लगभग 1 लाख आबादी को बिजली प्रदान करेगा।

### सब स्टेशनों की क्षमता वृद्धि

फाफामऊ उपकेन्द्र की क्षमता वृद्धि हो रही है, जिससे फाफामऊ बाजार, ग्रामीण क्षेत्र और शांतिपुरम् के लगभग 50 हजार निवासियों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी। इसके साथ ही शहर के प्रमुख उपकेन्द्रों को इंटरलिंक लाइन के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, जिससे 7 लाख लोगों को निर्बाध बिजली मिलेगी।



### इंटरलिंक लाइन का निर्माण

शहर के 12 प्रमुख 33/11 के.वी. उपकेन्द्रों को जोड़ने के लिए 12 इंटरलिंक लाइनें बनाई जा रही हैं। इससे सिविल लाइन्स, बैरहना, रामबाग, हाईकोर्ट, करैली, खुशरोबाग, प्रयागराज जंक्शन, बेली और फाफामऊ जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति होगी।

### विद्युत लाइन को भूमिगत करने की कार्रवाई

एयरपोर्ट रोड, बाघम्बरी रोड और पेशवाई मार्ग की सभी एच.टी. और एल.टी. लाइनों को भूमिगत कर दिया गया है। इससे इन क्षेत्रों में सुन्दरता और दुर्घटनाओं से बचाव होगा। साथ ही, अखाड़ों की पेशवाई के दौरान बाधक बिजली लाइनों को हटाकर भूमिगत किया जा चुका है।

### आर.एम.यू. की स्थापना

महाकुंभ के दौरान बिजली सप्लाई को लगातार चालू रखने के लिए आवास विकास, दारागंज, फोर्ट रोड और सोमेश्वरनाथ उपकेन्द्रों पर 33 के.वी. आर.एम.यू. (रिंग मेन यूनिट) स्थापित किए जा रहे हैं। इससे किसी भी फॉल्ट की स्थिति में आपूर्ति 10 से 15 सेकंड में फिर से चालू हो जाएगी, जिससे मेला क्षेत्र को निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी।

### पार्किंग और परेड क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था

पार्किंग क्षेत्र और परेड क्षेत्र की 33 के.वी. लाइनों को भूमिगत कर दिया गया है, जिससे मेला के दौरान बिजली से संबंधित कोई भी दुर्घटना नहीं होगी। परेड क्षेत्र में डिजाइनर पोल लगाए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में सुंदरता के साथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

### आरयूबी में बाधक लाइनों का भूमिगतकरण

प्रयागराज जंक्शन और प्रयाग स्टेशन के सामने की बिजली लाइनों को भी भूमिगत किया गया है। इससे मेला के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई बाधा नहीं होगी और रेलवे स्टेशनों के सामने सुरक्षित मार्ग बनाए रखा जा सकेगा।

# विमानों में बम की अफवाहें फैलाने पर आठ सोशल मीडिया खाते निलंबित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कई भारतीय विमानों को इस हफ्ते बम से उड़ाने की फर्जी धमकी देने वाले करीब आधा दर्जन सोशल मीडिया खातों को साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने निलंबित या ब्लॉक कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि साइबर, विमानन सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त टीम ने इन सोशल मीडिया खातों का विश्लेषण किया। जिसके बाद इन खातों को तुरंत निलंबित करने के आदेश जारी किए गए। इन खातों ने लगातार धमकियां दी जा रही थीं। सूत्रों ने बताया कि सोमवार से अब तक सात-आठ सोशल मीडिया खातों को निलंबित या ब्लॉक कर दिया गया है। इन सोशल मीडिया खातों में से अधिकांश %एक्स% पर थे। इन खातों से सभी से सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर संचालित होने वाली उड़ानों को बम और आतंकवादी हमलों की फर्जी धमकियां दी जा रहीं थीं।

### विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने क्या कहा

उड़ानों में फर्जी बम धमकियों को लेकर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, इस पर कार्रवाई की जा रही है। हम किसी भी प्रकार की साजिश पर टिप्पणी नहीं कर सकते। लेकिन जितना हमें पता है, ये फोन कॉल कुछ नाबालिगों और शरारती तत्वों द्वारा की जा रही हैं। ये सभी छोटी और अलग-अलग घटनाएं हैं। कोई बड़ी साजिश नहीं है। हमारी ओर से हम देखेंगे कि हम क्या सबसे अच्छा कर सकते हैं। हम एयरलाइन, सुरक्षा एजेंसियों और मंत्रालयों से बातचीत कर रहे हैं। विचार-विमर्श चल रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं दीप्ति त्रिपाठी यात्रीकर, मालकर अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। साथ ही आम जनमानस को सडक सुरक्षा शपथ दिलायी गयी। समापन समारोह में समस्त ट्रक, टैक्सी टैम्पों एवं बस एशोशिएयन के पदाधिकारी उपस्थिति रहे। परिवहन विभाग द्वारा सडक सुरक्षा कार्यक्रम पखवाडा के अन्तर्गत एनजीओ, गुड सेमेरिटन, मास्टर ट्रेनर एवं रोड सेफ्टी क्लब के कर्मिकों को प्रशस्त्रि पत्र प्रदान किया गया। साथ ही दो पहिया चालकों को हेलमेट वितरित्त किये गये। इस मौके पर राजू गुप्ता, महेन्द्र त्रिपाठी, दीनू गौतम, पवन मालवीय, ज्ञानेन्द्र शुक्ला, अन्नू, बबलू, विमल महाराज, राजा महराज, मो असलम खान, कमलेश कुमार, मुनेन्द्र तिवारी, रंजीत कुमार, अजय कुमार, अरूण कुमार पाण्डेय, अंकित सिंह, प्रवर्तन सिपाही दामोदर तिवारी आदि मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह तथा आरक्षी शाकिर अली द्वारा कल्लू यादव निवासी डांडी मजरा रुकमा खुर्द को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### पानी के रिसाव को लेकर हुई मारपीट में घायल वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लहरिया पुरवा में बनी डूडा कालोनी में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट में घायल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के हमीद खां 62 वर्ष को लहरिया पुरवा मुहल्ले में बनी डूडा कालोनी आवंटित हुई थी, जिसमें वह अपनी पत्नी अजीजन के साथ रहता था। जो गुब्बारा बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया गया कि गुरुवार को ऊपर वाली कालोनी निवासी सुनीता पत्नी स्व. राजू से बाथरूम के पानी को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान सुनीता के पुत्र विशाल 22 वर्ष ने नीचे आकर हमीद के साथ मारपीट कर दी। जिससे घायल होने पर आसपास के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज में पहुंचते ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ऐतिहासिक पवित्र रामलीला मेला का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस/खण्डेहा, चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र के खण्डेहा ग्राम पंचायत में दशकों से चली आ रही परम्परा के तहत गुरूवार से 10 दिवसीय ऐतिहासिक पवित्र रामलीला, मेला का शुभारम्भ हो गया। इस दौरान रामलीला कलाकारों ने पहले दिन नारदमोह लीला का मंचन किया। खण्डेहा में गुरूवार को मंत्रोच्चारण के बीच गणेश पूजन के बाद श्रीराम व रावण के दिग्विजय जन्म एवं नारद मोह लीला का मंचन किया गया। रामलीला समिति के सदस्य चन्द्र प्रकाश सिंह लम्बरदार, राजीवन सिंह, ज्ञान सिंह, कौशल सिंह, अजय सिंह ने बताया कि श्री रामलीला, मेला, विराट इनामी दंगल का आयोजन लगभग आठ दशक से होता चला आ रहा है। अब तक इस परम्परा का निर्वहन पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व चन्द्रभान सिंह द्वारा किया जाता था। विगत वर्ष उनके निधन के बाद से अब नई समिति गठित की गयी है। जिसमें समिति के अध्यक्ष अरूणेन्द्र सिंह द्वारा गुरूवार को पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने बताया कि 19 और 20 अक्टूबर को दो दिवसीय विराट दंगल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय व क्षेत्रीय पहलवानों के अलावा पुरूष व महिला पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, कानपुर, प्रतापगढ, जौनपुर, वाराणसी, मध्य प्रदेश के सतना, रीवां, कटनी, पन्ना, छतरपुर आदि जिले के नामी ग्रामी पहलवानों को बुलाया गया है।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



प्रभु श्रीराम के आदर्श को लिपिबद्ध कर संपूर्ण सृष्टि को कालजई रचना रामायण का अनुपम उपहार देने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर वाल्मीकि रामायण पाठ भजन कीर्तन, हवन वाल्मीकि आश्रम लालपुर में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, महंत भरत दास महाराज उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी संत महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों ने वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही तमशा नदी का पूजा अर्चन एवं आरती की। इसके बाद सभी संत महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों ने हरी संकरी पौधे का पौधरोपण किया। साथ ही वाल्मीकि स्थल पर लगे विजय पताका ध्वजारोहण का आरती एवं पूजन किया।

इस अवसर पर लोक कलाकार दयाराम रैकवार बांदा द्वारा रामायण पाठ एवं संगीतमय लवकुश प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कामदगिरि आरती स्थल विपिन विराट महाराज कि टीम द्वारा रामजय, आरती एवं स्वास्तिक वाचन प्रस्तुत किया गया। साथ ही संत महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हवन किया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति बांदा द्वारा लौकिक प्रसंग भी प्रस्तुति किया गया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में वाल्मीकि जयंती पर जनपद के प्रमुख मंदिरों, मठो में पूजन अर्चन एवं आरती भी किया गया।

इस मौके पर अध्यक्ष जिला पर्यटन व संस्कृति विभाग आनंद सिंह पटेल, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, भाजपा महामंत्री अश्वनी अवस्थी, आलोक पांडेय, सह प्रांत संघ संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ कानपुर प्रान्त वीरेंद्र चतुर्वेदी, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा रामचंद्र कनौजिया, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, पीओ नेडा एके श्रीवास्तव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान बगरेही केदारनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में अजनारी रोड़ रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी ईलू गुप्ता 32 वर्ष पुत्र मुन्नालाल राठ रोड़ ओवरब्रिज के नीचे कन्फैक्शनरी की दुकान किए था और उसी के बगल में उसके पिता भी दुकान किए हैं। बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे उसने फोन से कई लोगों से बात की और दुकान बंद कर दी। इसके बाद उसने कुछ स्टेटस भी वाट्सएप पर लगाए। रात को दुकान बंद करके वह घर नहीं पहुंचा, तो भाई धर्मेंद्र गुप्ता के साथ अन्य लोगों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। सुबह जब उसके परिजनों को सभासद ने कबीर आश्रम के पास ट्रेन से कटे युवक की फोटो दिखाई तो उसकी शिनाख्त हो सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक तीन भाई थे, उसने खुदकुशी क्यों की अभी इसका पता नहीं चल सका। वहीं घटना के बाद से उसकी पत्नी रेखा गुप्ता व दो वर्षीय बेटी बिट्टो का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सपा छात्रसभा ने दोबारा परीक्षा घोषित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा बोर्ड के जारी परीक्षा परिणाम में पॉलिटेक्निक में 80 प्रतिशत से अधिक छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित करने। साथ ही दोबारा कॉपी मूल्यांकन के नाम पर प्रति पेपर 500 रूपए लिए जा रहे हैं। परीक्षा देने के बाद भी कई छात्रों को अनुपस्थित दिखाया गया है। परीक्षा लापरवाही से करने का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा घोषित करने की मांग की। समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियां नौजवानों के भविष्य को अंधकार में धकेल रही हैं। शिक्षित बेरोजगारी भाजपा सरकार में विकराल रूप से चुकी है। भ्रष्टाचार को भाजपा का प्रश्रय पूरी व्यवस्था के लिए अभिशाप हैं। साथ ही भाजपा सरकार में युवाओं की समस्याओं का कोई समाधान संभव नहीं। समाजवादी सरकार में ही प्रदेश में प्रगति और खुशहाली आएगी। भाजपा सरकार में बेकारी एक बड़ा मुद्दा है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

भर्तियों में पेपर लीक होता है। निवेश की बाते बड़ी-बड़ी हुई पर कहीं कोई निवेश नहीं आया। भाजपा सरकार में निर्दोष नौजवानों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। फर्जी एनकाउण्टर कर उनकी हत्या की जा रही है। भाजपा खास तौर पर पीडीए के नौजवानों के साथ अन्याय कर रही है। युवाओं के साथ खिलवाड करना भाजपा की सोची समझी नीति है।

## मेडिकल कॉलेज में वाइट कोट सेरेमनी व चरक शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस | उरई**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में गुरुवार को **वाइट कोट सेरेमनी** एवं चरक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन नव प्रवेशित एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच 2024-25 के लिए किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शपथ ग्रहण कराई एवं अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान एवं मरीजों के प्रति दया का भाव रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन माँ सरस्वती की पूजा के साथ हुआ। उक्त कार्यक्रम सह-आचार्य बायोकैमेस्ट्री विभाग डॉ. आफरीना नासिर के निर्देशन एवं सहायक आचार्य एनाटमी विभाग डॉ. अमृता के संचालन में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सीएमएस डॉ. प्रशान्त निरंजन, विभागाध्यक्ष बालरोग विभाग डा. जीएस चौधरी, डॉ. आलोक, डॉ. पार्थ सारथी, डॉ. प्रशान्त त्रिपाठी, डॉ. छवि जायसवाल, डॉ. चरक सांगवान, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डा. अनन्त सचान, डा. अन्जू चन्द्रा, डा. हिना रहमान, डॉ. लता सचान, डा. निकिता वर्मा, डा. पूजा एवं समस्त चिकित्सा शिक्षक तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# एसडीएम–कृषि अधिकारी की टीम ने सहकारी समितियों तथा उर्वरक की दुकानों में की चेकिंग

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप किसानों को उर्वरक की उपलब्धता तथा मिलावट खोरी पर नियंत्रण के लिए अभियान चलाया गया।

जिला कृषि अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने सहकारी समितियों के गोदामों समेत कई दुकानों में उर्वरक की चेकिंग करके सैम्पल भरने की कार्रवाई की है। जिले में पिछले दिनों से समितियों तथा दुकानों में उर्वरक की कमी तथा किसानों की भीड़भाड़ के मामले सुर्खियां बने हुए थे। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव की टीम



ने गल्ला मंडी परिसर में स्थित सहकारी संस्था पीसीएहफ गोदाम को चेक किया।

इस दौरान खाद की बोरियों की गणना करके अभिलेखों से मिलान किया गया तथा उर्वरक का नमूना भर गया। इसके उपरांत टीम ने महेवा सहकारी समिति स्थित आलमपुर के गोदाम में पहुंचकर खाद की बोरियों की गणना की तथा सैंपलिंग भर लिया गया। अभियान के तहत टीम के द्वारा मुख्य बाजार की कई दुकानों में यूरिया एवं डीएपी खाद का स्टॉक जाचा तथा मशीनों तथा अभिलेखों से मिलान किया गया।अधिकारियों ने सहकारी समितियां के संचालकों तथा प्राइवेट लाइसेंस धारक दुकानदारों को निर्देश दिया के उर्वरक की बिक्री निर्धारित रेट में ही किया जाए। अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम तथा कृषि अधिकारी की टीम की भनक सुनकर बाजार के कई उर्वरक कारोबारियों में खलबली मच गई तथा कई दुकानदारों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों के सटक गिरा दिए। पूर्वक उर्वरक के भरे गए सैंपलों को परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे गए हैं। परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

## कुल्हाड़ी मारकर बहू की हत्या करने के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

कुल्हाड़ी मारकर बहू की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी जेठ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 20 जून 2022 को रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी गांव के निवासी राजेश रैदास ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

राजेश के अनुसार उसके बेटे की बारात 21 जून को जानी थी। इस दौरान घर में चल रही तैयारियों के बीच उसकी पत्नी कुसमा (45) पर उसके बड़े भाई बाबूलाल उर्फ बबुलिया रैदास ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे कुसमा गम्भीर रूप से घायल हो गई। वहां मौजूद उनके बेटे पंकज ने 112 नम्बर पर फोन करके इसकी जानकारी दी और 108 एम्बुलेंस के जरिए कुसमा को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया।

यहां गम्भीर हालत के चलते प्राथमिक इलाज के बाद कुसमा को रिफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वादी राजेश के अनुसार उसकी पत्नी लगभग दो महीने पहले बरेठी में उनकी बहन ननकी के यहां गई थी। इस बात को लेकर भाई बाबूलाल नाराज था। इसके चलते वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे घर के सदस्यों और महमानों की मौजूदगी में उसने घर के आंगन में कुसमा पर कुल्हाडी से हमला किया था।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी बाबूलाल उर्फ बबुलिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि में हुआ दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय और ब्यंजना आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जीवन पर्यन्त कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने किया।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में गोस्वामी तुलसीदास सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया है। पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक महान विद्वान संत है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामायण अवधी भाषा में आज विश्व प्रसिद्ध रामचरितमानस जनमानस के समस्त समस्याओं का समाधान है। उन्होंने अवधी भाषा की महत्ता पर प्रकाश



डाला। साथ ही अवधी भाषा को समुच्य भाषा माना है। पद्मश्री विदुषी विधा बिंदु सिंह ने कहा कि अवधी भाषा, लोकलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वर्तमान समय में अवधी और भोजपुरी भाषा में भी फिल्म का निर्माण हो रहा है, जो कि एक महत्वपूर्ण योगदान है। कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने जीवन पर्यन्त कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य और उत्तराधिकारी रामचंद्र दास का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ गोपाल मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ इला द्विवेदी, डॉ कल्पना दुबे, दिबया दुबे, वेणु वनिता, डॉ रामशंकर, विश्वविद्यालय के डीन महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ हरिकांत मिश्रा, डॉ सुशील कुमार, विनोद कुमार मिश्र, डॉ गुलाब धर, डॉ निहार मिश्रा, डॉ ज्योति, डॉ भविष्या माथुर, डॉ संध्या पांडेय, डॉ विशेष दुबे, हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ किरण तिवारी, डॉ शांत चतुर्वेदी, डॉ दुर्गेश मिश्र, एस पी मिश्रा, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## वृद्ध को गोली मारने की सूचना पर मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस | जालौन**

शहजादपुरा में रात में वृद्धा को गोली मारने की सूचना पर कोतवाली पुलिस परेशान रही। पुलिस ने गांव में जानकारी ली। पुलिस के अनुसार गोली नहीं चलाई गई। वहीं, परिजनों की ओर से भी अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी बेवा कटोरी देवी (72) मायके में अपने भाई के साथ रहती हैं। बुधवार की देर रात करीब डेढ़ बजे पुलिस को सूचना मिली कि किसी व्यक्ति ने कटोरी देवी को गोली मार दी है। उन्हें घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा है। परिजन वृद्धा को लेकर मेडिकल कॉलेज चले गए। वहीं, गांव में गोली चलने की सूचना मिलते ही कोतवाली वीरेंद्र पटेल, सीओ शैलेंद्र बाजपेई व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों से गोली चलने के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि किसी ने भी गोली की आवाज नहीं सुनी है। आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व मनीराम आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर चबूतरा बना रहे थे। इसको लेकर बीती 14 अक्टूबर को ठाकुर प्रसाद, राजवीर सिंह, कन्हैयालाल, श्रीराम, लालता प्रसाद, चंदन सिंह, बलवान सिंह, वली मोहम्मद, बृजकिशोर, लल्लू, अच्छेराम आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र भी दिया था। इसके बाद यह घटना पता चली। हालांकि अभी वृद्धा के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। इस बाबत सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि वृद्धा को गोली मारने की सूचना मिली थी। तत्काल गांव में जाकर जानकारी की गई लेकिन गोली चलने की कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है। रास्ते को लेकर विवाद का मामला जरूर सामने आया है। मेडिकल कॉलेज में वृद्धा का हालत देखने के बाद भी गोली से घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। फिर भी पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

## हत्या के मामले में 21 वर्ष चले ट्रायल के बाद एक को हुआ आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस | उरई**

शासकीय अधिवक्ता महेन्द्र सिंह विक्रम ने बताया कि जिला झांसी थाना ककरबई ग्राम धनौरा निवासी विजय पाल सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 1981 में उसके पिता तेजप्रताप सिंह की उसके गांव के ही रहने वाले प्रमोद मिश्रा ने कि थी। जिसका बदला 1999 में उसके भाई जितेंद्र प्रताप ने प्रमोद कुमार मिश्रा की हत्या करके बदला ले लिया।

इसी रंजिश के कारण 27 जून 2003 को वह ओर उसका भाई जितेंद्र प्रताप व महिपाल, इंद्रपाल व शत्रुघ्न सिंह, रामपाल ताश खेल रहे थे। तभी उसके गांव के सुरेश कुमार मिश्रा, संतोष, ओम प्रकाश, दृगचंद्र, गोरेलाल, नत्थू, मूलचंद्र, मन्नू लाल अपने अपने हाथों में लिए राइफल और बद्री सिंह कल्लू सिंह, भूरी सिंह, शिवन पाल अपने हाथों में भी राइफल लिए ललकारते हुए दरवाजे पर आए सुरेश मिश्रा ने उसके भाई जितेंद्र प्रताप पर राइफल से जान से मारने की नियत से ताबड़तोड़ फायरिंग की और उसके 14 साथियों ने भी जान से मारने की नियत से फायरिंग की। जिससे उसके सगे भाई जितेंद्र प्रताप उर्फ गुड्डु व महिपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने 14 लोगों पर हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और सुरेश मिश्रा, संतोष, ओम प्रकाश, हगचंद्र गोरेलाल, बालादीन, नत्थू, मूलचंद्र, नत्थू अहिरवार मन्नूलाल बद्रीसिंह, कल्लू सिंह भूरी सिंह शिवनपाल आदि लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। सभी आरोपियों ने हाईकोर्ट से जमानत ले ली थी। जिससे सभी आरोपी जमानत पर चल रहे थे। ट्रायल के दौरान आरोपियों ने जिला जालौन में निवास बना लिया था। सभी आरोपियों ने मुकदमे को जिला झांसी से उरई ट्रांसफर करने के लिए हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट के आदेश से जिला न्यायालय उरई में मुकदमे का ट्रायल चल रहा था। 21 साल पुराने मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को पूरी हुई, जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शिवकुमार ने पत्रावली का अवलोकन किया और 82 पन्नों का आदेश पढ़कर फैसला सुनाया।

**द्धद्धद** | सांस्कृतिक संध्या में लोकनृत्यों की रही धूम, दिखी राज्य की संस्कृति और आंचलिकता की छाप

# नानाजी के 108वें जन्मदिवस पर चित्रकूट में त्रिदिवसीय शरदोत्सव का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

दीनदयाल शोध संस्थान व जिला प्रशासन सतना के सहयोग से संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश द्वारा भारत रत्न नानाजी देशमुख के जन्मदिवस शरद पूर्णिमा के अवसर पर पारम्परिक एवं समकालीन कलाओं पर केन्द्रित त्रिदिवसीय शरदोत्सव का आयोजन 16 से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

जिसके प्रथम दिवस का शुभारम्भ बुधवार को मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, दिव्यजीवन दास दिगंबर अखाडा भरत मंदिर, डॉ रामनारायण त्रिपाठी गायत्री शक्तिपीठ, संत मैथिली भाई रामकिंकर आश्रम, पवन बाबा सती अनसूया आश्रम, पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन उषा ठाकुर, कुलगुरु महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो भरत मिश्रा, महापौर सतना योगेश ताम्रकार, मोहन नागर उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद, जिलाधिकारी सतना अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता, वीरेंद्र चतुर्वेदी सदस्य प्रबंध समिति दीनदयाल शोध संस्थान, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित द्वारा राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के 108वें जन्मदिवस शरद पूर्णिमा पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन के साथ विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। मध्यप्रदेश के केबीनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि शरद पूर्णिमा के दिन दो महापुरुषों महर्षि वाल्मीकि और राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की जयंती का विशेष दिन है। भगवान् राम का चित्रकूट की धरा पर जिस तरह कण कण में



निवास है, उसी तरह नानाजी का योगदान भी अमिट है। हर काल खंड में किसी न किसी महापुरुष ने जन्म लिया है और समाज को दिशा देने का कार्य किया है। नानाजी ने समाज को संगठित कर वनवासी उपेक्षित क्षेत्र में बदलाव लाने का कार्य किया है। प्रथम दिवस की सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गोंडवाना संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य जलवा से हुई, जिसे कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

जिसमें पारंपरिक पोशाक पहने हुए महिला कलाकारों ने तबला, हारमोनियम, नगडिया, मंजीरा, रामतूला, और लोकगीतों की थाप पर थिरकना शुरू किया तो सभागार में मौजूद दर्शक एक टक देखते रह गए। इसके बाद सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा गुजरात के प्रसिद्ध लोक नृत्य गरबा में माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना को प्रस्तुत किया गया। जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के बच्चों द्वारा योग पर आधारित प्रदर्शन हुआ। आनन्द रघुनन्दन नाट्य प्रस्तुति निर्देशन अनामिका सिंह परिहार सतना की प्रस्तुति हुई। भजन गायक पवन तिवारी टीकमगढ़ ने मंच संभाला और देर रात्रि तक एक के बाद एक भजनों से नानाजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि लोक संस्कृति, लोककलाओं और अन्य लोक विधाओं को सुरक्षित रखा जा सके। इसी उद्देश्य से शरदोत्सव का आयोजन किया जाता है।



**नायब 2.0...**

हरियाणा में नायब सैनी ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ले ली है। सैनी राज्य के 19वें मुख्यमंत्री बने। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले वे 11वें नेता हैं। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम योगी के नेतृत्व में 'नल से जल' क्रांति से लगी जेई व एईएस पर लगाम

## योगी सरकार के मार्गदर्शन में जेई-एईएस से प्रभावित जनपदों में पहुंचाया गया स्वच्छ जल, सामूहिक प्रयास से मृत्यु के आंकड़े हुए शून्य

- बतौर सांसद योगी आदित्यनाथ ने सड़क से संसद तक लड़ी थी इंसेफेलाइटिस की लड़ाई
- सीएम ने जब सत्ता संभाली तो जेई-एईएस की रोकथाम का अभियान अपने हाथ में लिया
- मुख्यमंत्री का प्रयास लाया रंग, जेई-एईएस से अब नहीं सूना होता किसी घर का आंगन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पूर्वांचल में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) से बच्चों की मौत ने देश की संसद को हिला दिया था। सिर्फ 2005 में ही 6000 से ज्यादा बच्चे इसकी चपेट में आए। इनमें से 1400 से ज्यादा की मौत हो गई थी। 2017 के पहले तक जेई और एईएस से मौतों का आंकड़ा 50 हजार के पार हो गया था और इसका केंद्र था गोरखपुर मंडल। सीएम योगी आदित्यनाथ तब गोरखपुर के सांसद थे। मामला संसद में उठा। फिर 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो इसके बाद से इंसेफेलाइटिस के खिलाफ जंग जमीन पर उतर गई। उन्होंने इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की मुहिम अपने हाथ में ले ली और निरंतर प्रयास से इसमें सफलता भी हासिल की। बीते दो साल में केवल बहराइच और कुशीनगर में एक-एक मौत दर्ज की गई है। इसके अलावा कहीं भी जेई से कोई मौत नहीं हुई। एईएस के मामलों में भी 99 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। सीएम योगी के नेतृत्व में इसकी एक अहम वजह जल क्रांति भी है। हर घर में नल से पहुंचता साफ पानी इस भयावह बीमारी के नियंत्रित होने का अहम कारण है।



### 'जल्द ही 100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर की होगी पहुंच'

नमामि गंगे के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि साफ पानी की उपलब्धता से बीमारियों के फैलने की संभावना कम हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार ने भी इन जानलेवा बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद की है। साफ पानी स्वस्थ जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कटिबद्ध हैं। जल्द ही हम 100 प्रतिशत घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लेंगे।

### योगी सरकार के मार्गदर्शन में हर घर नल से जल योजना से पहुंचा स्वच्छ पानी

सीएम योगी के मार्गदर्शन में साफ पानी पहुंचाने की नीति को अंजाम दिया गया जल जीवन मिशन की हर घर नल से जल योजना से। चूंकि मामला गंभीर था और योगी सरकार की प्राथमिकता भी, इसलिए प्रभावित जिलों में नल से पानी पहुंचाने की मुहिम को बेहद तेज गति दी गई। जल जीवन मिशन के मुताबिक प्रभावित जिलों में 85 से लेकर 92 प्रतिशत तक घरों में टैप वॉटर पहुंचाया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक साफ पानी की आसान उपलब्धता ने पानी से फैलने वाले संक्रमण की संभावनाओं को कम किया है। इसके अलावा लोगों को हाइड्रेटेड रहने में मदद मिली है। इससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत हुई है। जेई और एईएस जैसी बीमारियों से लड़ने यह भी एक अहम पहलू रहा है।

### सीएम के नेतृत्व में समन्वय ने बीमारियों पर लगाया अंकुश

साल 1978 में उत्तर प्रदेश में जेई का पहला मामला दर्ज किया गया था। शुरुआती दो दशकों में इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों में से 30 प्रतिशत से ज्यादा की मौत हो जाती थी। खास बात यह है कि सर्वाधिक प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले थे। इसका सबसे अधिक दंश बच्चों को झेलना पड़ता था। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के काटने की वजह से व्यक्ति जेई से ग्रसित होता है, जबकि एईएस दिमागी बुखार है। मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी को देखते हुए योगी सरकार ने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना बनाई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान तेज किया।

# जो संस्कृत और संस्कार से युक्त है वही मनीषी है

- ''वैदिक संस्कार की उपयोगिता'' विषय पर चल रही त्रिदिवसीय सेमिनार संपन्न, विद्वानों ने रखे विचार
- महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अभिनवगुप्त संस्थान में हुई आयोजित



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अभिनवगुप्त संस्थान में ''वैदिक संस्कार की उपयोगिता'' विषयक चल रही त्रिदिवसीय सेमिनार का सम्पूर्ति सत्र केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगाधर परिसर के प्रोफ़ेसर मनोज कुमार मिश्र के मुख्यातिथ्य के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ। आए हुए विद्वजनों का वाचिक स्वागत संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर डॉ.अभिमन्यु ने किया! मुख्यअतिथि मनोज मिश्र ने कहा जो संस्कृत और संस्कार से युक्त है वही मनीषी है। शब्द का संस्कार करने से ब्रह्म तत्व की व्याख्या पर प्रकाश डाला। पृथ्वी का संस्कार करने से जल तत्व बचेगा। इसी प्रकार से सभी तत्वों का संस्कार करने पर सिर्फ़ ब्रह्म तत्व रह जाएगा। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष प्रोफ़ेसर वाचस्पति मिश्र ने नव दुर्गा के माध्यम से स्त्री जीवन की समग्रता को प्रस्तुत करते हुए बताया कि नवदुर्गा का प्रथम स्वरूप शैलपुत्री है, शक्ति के उद्भव का प्रतीक है, उसके बाद शक्ति का दूसरा स्वरूप है ब्रह्मचारिणी यानि जन्म के बाद मनुष्य ब्रह्मचर्य का पालन करके अपने आपको ऊर्ध्वरेता बनाकर शक्ति को मस्तिष्क पर केंद्रित करके ज्ञानवान बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक आंतरिक मूल्यांकन समिति एवं अधिष्ठाता प्रबंधन संकाय, लखनऊ विश्वविद्याय की प्रोफ़ेसर संगीता साहू ने की। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग, कुरुक्षेत्र , हरियाणा के प्रोफ़ेसर राजेश्वर मिश्र ने भी विचार रखे। जनता औद्योगिक, इंटर कॉलेज, कानपुर देहात के अध्यापक डॉ. रोशन सिंह द्वारा रचित ग्रंथ ÷ अथर्ववेद में पञ्चमहाभूत विज्ञान÷ का लोकार्पण आए हुए विद्वजनों के कर कमलों से हुआ।

## एक्सप्रेस खबरें...

### रालोद के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भेंट

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधि मण्डल ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मीरापुर विधानसभा उपचुनाव 13 नवंबर से बढ़ाकर 20 नवम्बर करने की मांग की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन में श्री दुबे ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में मीरापुर विधानसभा उपचुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गयी है। इस सन्दर्भ में ध्यान इस विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल शुक्रताल की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा, जहा प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का बहुत विशाल मेला लगता है। इस मेले में इस क्षेत्र के लाखों किसान गंगा स्नान हेतु पूर्णमासी से पांच-पांच, छह-छह दिन पूर्व अपने परिवार सहित गंगा तट पर डेरों में आकर बस जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष गंगा स्नान का पर्व 15 नवम्बर को पड रहा है। इसी अवधि में मीरापुर विधानसभा का उपचुनाव 13 नवम्बर को सम्पन्न होगा। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के लाखों किसान और उनके परिवार मतदान करने से वंचित रह जाएंगे। इस स्थिति को देखते हुये आपसे निवेदन है कि इस चुनाव की तिथि 13 नवम्बर के स्थान पर 20 नवम्बर निर्धारित कर दी जाय, जिससे क्षेत्र के किसान मताधिकार का प्रयोग कर सके।प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी शामिल रहे।

### खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एंव विश्लेषण केन्द्र की लखनऊ में स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर संस्था द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला 16 एवं 17 नवंबर को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर उद्यान भवन परिसर में होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति व इस क्षेत्र में लोगों को विस्तार से जानकारी देकर जन जागरुकता लाई जाय। इसी उद्देश्य से कार्यशाला की गयी है। कार्यशाला में खाद्य प्रसंस्करण व्यवसाय का परिचय,खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता अभ्यास, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में अवसर, फास्टटैक प्रशिक्षण और प्रमाणन खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियाँ कैनिंग, कूलिंग, निर्जलीकरण खाद्य मिलावट लाइव प्रदर्शन गुणवत्ता नियंत्रण और आश्वासन,एचएसीसीपी और जीएमपी सिद्धांत, खाद्य पैकेजिंग और लेबलिंग, विनियमन और मानक, मूल्यांकन और उत्पाद, विकास बैंक वित्त सरकारी योजना आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जायेगी। इसमें प्रश्न और उत्तर का सत्र भी होगा।

### उत्तर प्रदेश में एम सैण्ड नीति लागू

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश माला श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार का मन्शा और उपभोक्ताओं की सुविधा, सरलता व सुलभता के दृष्टिगत बहुप्रतीक्षित उत्तर प्रदेश में एम सैण्ड नीति - 2024 लागू की गयी है। माला श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकास व निर्माण कार्यों को गति देने हेतु नदी तल में पाये जाने वाले बालू के विकल्प के रूप में एम सैण्ड अर्थात् कृत्रिम बालू के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु भूतत्व एंव खनिकर्म अनुभाग द्वारा फ़यूपी एम सैण्ड नीति-2024फ़ प्रख्यापित की गयी है।और उम्मीद की जा रही है कि इस नीति के प्रख्यापन व क्रियान्वयन होने से उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में उत्तर प्रदेश भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। माला श्रीवास्तव ने एम सैण्ड की विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एम सैण्ड से तात्पर्य कृत्रिम बालू से है जो स्वस्थाने चट्टान, ओवरबर्डन को पीस कर उत्पादित किया जाता है। नेशनल सैण्ड माइनिंग प्रेमवर्क 2018 एवं भारतीय मानक ब्यूरो IS:383-2016 के अनुसार एम सैण्ड की रासयनिक विशिष्टताएँ एवं स्ट्रेंथ नदी से प्राप्त बालू के समान होती है एवं इसका अनुप्रयोग भी समान प्रकार से किया जा सकता है। नदी से प्राप्त बालू में मिट्टी व सिल्ट की मात्रा लगभग 0.45 प्रतिशत होती है।

# बीकेटी विधायक ने शिक्षकों को किया सम्मानित, 350 शिक्षक हुए सम्मानित

- परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं शिक्षक किये गये सम्मानित

जन एक्सप्रेस। पीयूष द्विवेदी



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों तथा गत सत्र में सेवा निवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग मिशन शिक्षण संवाद एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वाधान में रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इण्टर कॉलेज इंदिरा नगर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि योगेश शुक्ला विधायक बीकेटी लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि श्रीप्रकाश गुप्त, विशेष सचिव राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा इस अवसर पर विकास खण्ड बीकेटी गोसाईगंज के 50 सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा, विद्याज्ञान, नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयन कराकर छात्रों के भविष्य गढ़ने वाले लगभग 350 शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। वहीं विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि जिस प्रकार सरकारी स्कूलों के शिक्षक मेहनत कर रहे हैं, बदलाब ला रहे हैं उससे ग्रामीण क्षेत्रों में माहौल बदल रहा है अभिभावक सरकारी स्कूलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं और शीघ्र ही सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ देंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीप्रकाश गुप्ता ने बताया कि साधनविहीन गरीब परिवारों से आने वाले परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ने के लिए छात्रवृत्ति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिषदीय शिक्षक जिस प्रकार इन परिवारों से आने वाले बच्चों का मार्ग दर्शन कर उन्हे आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं वह काबिले तारीफ है। प्राचार्य डायट ने बताया कि वर्तमान में लखनऊ जनपद को आवंटित 273 सीटों के सापेक्ष लगभग शतप्रतिशत चयन छात्रवृत्ति परीक्षा में हो रहा है तथा कई गुना ज्यादा छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

इस अवसर पर बेसिक (षष्ठ मण्डल) लखनऊ श्याम किशोर पांडेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश, खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह, पद्मशेखर मौर्य, आरएलबी परिवार से मधुसूदन दीक्षित मिशन शिक्षण संवाद के विमल कुमार, शशि मोहन, अवनींद्र जादौन, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश जायसवाल, फहीम बेग, प्रणय कुमार, विनोद राय, जयशंकर आदि शिक्षक भी मौजूद रहे।

# बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु दिया जा रहा शोध को बढ़ावा

- राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा हुई शोध लेखन कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित कर उच्च गुणवत्ता वाले शोध और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश के 15 डायट, जिनमें से अधिकांश 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-प्रथम चरण' में चयनित हैं, के प्रवक्ताओं हेतु एक तीन दिवसीय 'शोध रिपोर्ट लेखन' कार्यशाला का लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से किया गया जिसका समापन गुरुवार को हुआ।संयुक्त निदेशक डॉ. पवन कुमार ने कहा कि ÷कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षकों को ऐसी शोध रिपोर्ट विकसित करने में सहायता प्रदान करना है जिन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जा सके एवं आवश्यकता के आधार पर शैक्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा सके।÷

दिसम्बर 2023 में प्रदेश के 15 डायट के प्रवक्ताओं का एक 10 दिवसीय प्रशिक्षण महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, गुजरात में आयोजित किया गया था जिसमें उन्हें शोध के विषय में प्रशिक्षित किया गया था। वहाँ से आकर प्रवक्ताओं द्वारा शोध विषयों का चयन किया गया एवं अब, जब वे शोध के अंतिम चरण में हैं, तो उन्हें एकत्र किए गए आकड़ों के विश्लेषण एवं रिपोर्ट लेखन पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा के शिक्षा और मनोविज्ञान संकाय में डीन और शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रो. आशुतोष बिस्वाल, जो गुणात्मक शोध में राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं, ने इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को उनके शोध रिपोर्ट को बेहतर बनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।यूनिसेफ के शिक्षा अधिकारी रवि राज दयाल ने बताया कि एक समन्वित 'शोध मॉड्यूल' का विकास किया जा रहा है जो डायट प्रवक्ताओं के लिए एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करेगा, शोध तकनीकों को सरल तरीके से समझाएगा और अन्य लोगों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण देने में मददगार होगा। श्री दयाल ने शोध पद्धति में मास्टर प्रशिक्षकों के एक कोर समूह को विकसित करने के लिए एससीईआरटी के साथ काम करने की यूनिसेफ की प्रतिबद्धता को दोहराया। उत्तर प्रदेश में डायट के वर्तमान परिदृश्य को समझने के लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से एक अध्ययन 2022 में किया गया था। अध्ययन ने नवीनतम नीतियों और शोध को समावेशित करते हुए डायट के पाठ्यक्रम में बदलाव लाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला था एवं अध्ययन में लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम और डायट प्रवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण के नए अवसरों की आवश्यकता को भी उजागर किया था। इसके साथ ही भौतिक अवस्थापनाओं को बेहतर बनाने एवं पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि के विकास की जरूरत को भी अध्ययन में दर्शाया गया था।इसके बाद यूनिसेफ के सहयोग से डायट को सेंटर औफ एक्सीलेंस में परिवर्तित करने हेतु रोडमैप तैयार किया गया था जिसमें पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, पाठ्यक्रम संदर्भीकरण, सक्रिय शिक्षण के लिए डायट को संसाधन केंद्र के रूप में विकसित करना, प्रौद्योगिकी और डिजिटल उपकरणों का उपयोग, स्थानीय संदर्भ और आवश्यकता के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम विकसित करना एवं संचालित करना आदि शामिल हैं।चयनित 15 जनपदों में आगरा, अलीगढ़, बाराबंकी, बरेली, ग़ाज़ीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, कानपुर देहात, कुशीनगर, मेरठ, मुरादाबाद, मुज़फ्फरनगर, प्रयागराज, रामपुर और वाराणसी शामिल हैं।

# क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर बनायेगा पर्यटकों के अनुभव को यादगार

- ऑडियो क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में सुना जा सकेगा: जयवीर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जल्द ही क्यूआर कोड-आधारित ऑडियो टूर सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसका उद्देश्य राज्य के लोकप्रिय सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों की तलाश करने वाले पर्यटकों को यात्रा का बेहतर अनुभव प्रदान करना है। यह डिजिटल पहल यूपी पर्यटन के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो राज्य की समृद्ध विरासत को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए अधिक सुलभ, सहज और आकर्षक बनाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि क्यूआर कोड-आधारित ऑडियो टूर उत्तर प्रदेश में पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगा। पर्यटन की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा। हमारा लक्ष्य प्रदेश की प्राचीन विरासत को आधुनिक तकनीक के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए पर्यटकों को एक समृद्ध और बेहतर अनुभव प्रदान करना है। यह पहल उत्तर प्रदेश को सांस्कृतिक पर्यटन की दिशा में अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि ऑडियो अभी हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध होगा जो कि भविष्य में कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में भी सुविधा उपलब्ध होगी जो कि अधिक से अधिक पर्यटकों तक पहुंच सुनिश्चित करेगा। क्यूआर कोड-आधारित ऑडियो टूर में व्यापक शोध के साथ पटकथा, वर्णन और सामग्री उत्पादन शामिल होगा। इसमें प्रत्येक स्थान की कहानी आकर्षक तरीके से बताई जाएगी, जो पर्यटकों का ज्ञानवर्धन करेगा। ऑडियो सामग्री स्थल के आधार पर 01 से 15 मिनट की होगी, जिससे पर्यटक प्रत्येक स्थान की कहानियों से जुड़ें। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने ऑडियो टूर सुविधा विकसित करने के लिए सक्षम और अनुभवी फर्मों से प्रस्ताव आरएफपी के लिए अनुरोध आमंत्रित किए हैं। क्यूआर कोड-आधारित ऑडियो टूर पर्यटकों को वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर और आगरा में फतेहपुर सीकरी जैसे प्रसिद्ध स्थलों सहित राज्य भर के 100 से अधिक प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड स्कैन कर इमर्सिव ऑडियो सामग्री तक पहुंचने की अनुमति देगा। क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर उत्तर प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने और डिजिटल युग में राज्य के आकर्षणों को और बेहतर बनाने का प्रयास है। क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर का उद्देश्य समृद्ध, सूचनात्मक सामग्री आगंतुकों तक आसानी से पहुंचाना और उन्हें संतुष्टि प्रदान करना है।

# 10 जिलों के 21 गोदामों का व्यापक कायाकल्प करायेगी योगी सरकार

- सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम द्वारा बड़े स्तर पर गोदामों के कायाकल्प की प्रक्रिया होगी शुरू
- इटावा, फर्रुखाबाद, महोबा, हरदोई, गाजीपुर, शाहजहांपुर, बुलंदशहर व गाजियाबाद में गोदामों का होगा कायाकल्प

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की भंडारण क्षमताओं में वृद्धि करने की दिशा में भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में ड्राई पोर्ट की तरह काम करने वाले मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) का 7064 करोड़ रुपए की लागत से ग्रेटर नोएडा के दादरी में 823 एकड़ प्रसार वाले क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इस लॉजिस्टिक्स हब की व्यापक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) का विकास ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में किया जा रहा है। इन दो बड़ी परियोजनाओं पर काम करने के साथ ही योगी सरकार ने प्रदेश की भंडारण क्षमताओं में वृद्धि करने और उसे भविष्य की जरूरतों अनुसार तैयार करने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। इस क्रम में, प्रदेश के 10 जिलों में 21 गोदामों के व्यापक कायाकल्प का खाका तैयार कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम द्वारा इस कार्य को पूरा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम के जिन गोदामों का चयन कायाकल्प प्रक्रिया के लिए किया गया है वह फतेहपुर, गोरखपुर, इटावा, फर्रुखाबाद, महोबा, हरदोई, गाजीपुर, शाहजहांपुर, बुलंदशहर व गाजियाबाद जिले में स्थित हैं।




### 15.14 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य होगा पूरा

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित उत्तर प्रदेश राज्य भंडारण निगम के 21 गोदामों के व्यापक कायाकल्प प्रक्रिया पर 15.14 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है। इन सभी गोदामों के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार व रिपेयर वर्क समेत इन्हें भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार करने की योजना पर काम हो रहा है। कुछ गोदामों में भंडारण की क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक बदलाव व नवनिर्माण प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा।

### बुलंदशहर, शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा गोदामों का होगा कायाकल्प

निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत बुलंदशहर में 4 जबकि शाहजहांपुर में 6 गोदामों का कायाकल्प होगा। बुलंदशहर के नवीन मंडी में पार्ट-ए, पार्ट-बी व पार्ट-सी में स्थित 3 गोदामों के कायाकल्प पर 3 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी। वहीं, बुलंदशहर के सिकंदराबाद में स्थित गोदाम में 44.46 लाख रुपए की धनराशि से विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, शाहजहांपुर के जमौर स्थित 6 गोदामों के कायाकल्प की भी तैयारी कर ली गई है। जमौर-ए के पार्ट-ए स्थित गोदाम में 1.9 करोड़, जमौर-ए के पार्ट-बी में 67.34 लाख, जमौर-ए के पार्ट-सी में 73.36 लाख, जमौर-सी के पार्ट-ए में 1.16 करोड़, जमौर-सी के पार्ट-बी में 97.23 लाख तथा जमौर-सी के पार्ट-सी में 26.09 लाख की धनराशि व्यय कर निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### गोरखपुर, गाजीपुर और इटावा में 2-2 गोदामों का होगा मेकओवर

सीएम योगी के विजन अनुसार गोदामों के कायाकल्प को लेकर तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत, मौजूदा प्रक्रिया में गोरखपुर, गाजीपुर और इटावा में 2-2 गोदामों का मेकओवर होगा। गोरखपुर के गीडा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोदाम में 1.35 करोड़ तथा चौरी-चौरा में 39.60 लाख रुपए से गोदाम का कायाकल्प होगा। गाजीपुर के जंगीपुर पार्ट-ए व पार्ट-बी में क्रमशः 26.25 लाख व 1.31 करोड़ रुपए की धनराशि से गोदामों का कायाकल्प होगा। इसी प्रकार इटावा के सराय ऐसार में 39.68 लाख तथा भरथना में 18.22 लाख की लागत से कायाकल्प प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, फतेहपुर के जहानाबाद में 18.39 लाख, फर्रुखाबाद के खिमसेपुर में 32.32 लाख, महोबा के जैतपुर में 24.69 लाख, गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद में 50.10 लाख रुपए तथा हरदोई के संडीला में 1.12 करोड़ की लागत से गोदामों में सभी निर्माण, रख-रखाव व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता में बाबा बाजार की टीम उमापुर को हरा कर बनी विजेता




**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बाबा बाजार में चल रही दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन गुरूवार को हुआ। समापन सत्र की शुरूआत मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी की 25, वालीबॉल की 18 तथा रस्साकसी की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया।

कबड्डी में बाबा बाजार की टीम ने उमापुर को पराजित कर विजेता बनी। वालीबॉल में हुनहुना ने समैसी को हराया। रस्साकसी में समैसी ने रेहघाट की टीम को हरा कर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता बनी। लोकसभा के सभी ब्लाकों में दो दिवसीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रही है। ब्लाक की विजेता तथा उपविजेता टीमों का लोकसभा स्तर पर फाइनल मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता तथा उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान पत्र, ट्राफी व अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजीव तिवारी ने कहा कि के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच मिलता है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह यादव, सचिव-धर्मेन्द्र सिंह, संतोष कुमार मिश्रा, विनोद श्रीवास्तव, पवन सिंह, सचिदानंद दास, अशोक दास, महेंद्र पाण्डेय, राकेश तिवारी, रोशन गौतम, सन्तोष सिंह, शिव प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र वर्मा, साहब शरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अवध विश्वविद्यालय की समितियों ने दीपोत्सव की तैयारियों में लाई तेजी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव भव्य तरीके से मनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस बार 25 लाख से अधिक दीयों को जलाकर एक बार फिर से विश्व रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप, विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यों को अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया है। गुरुवार को घाट चिन्हांकन समिति के संयोजक डॉ. रंजन सिंह की देखरेख में सरयू नदी के घाटों पर मार्किंग का कार्य तेजी से किया गया, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

कुलपति के निर्देशन में दीपोत्सव के सफल आयोजन के लिए 22 समितियों का गठन किया गया है। इनमें समन्वय समिति, अनुशासन समिति, सुरक्षा समिति, सामग्री वितरण समिति, दीप गणना समिति, और घाट चिन्हांकन समिति जैसी कई महत्वपूर्ण समितियां शामिल हैं। सभी समिति के संयोजकों और सदस्यों ने दीपोत्सव को अलौकिक बनाने के लिए तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने जानकारी दी कि सरयू के 55 घाटों पर मार्किंग का कार्य तेजी से चल रहा है। इन्हीं चिन्हित स्थलों पर घाट समन्यक और घाट प्रभारी की देखरेख में 25 लाख दीपों को जलाने के लिए 28 लाख दीए लगाये जाएंगे।20 अक्टूबर तक सभी आवश्यक सामग्री जैसे दीए और तेल प्राप्त कर लिए जाएंगे। 24 अक्टूबर से घाटों पर सामग्री का वितरण शुरू होगा और 25 अक्टूबर से वालंटियर्स द्वारा दीयों को लगाने का कार्य शुरू होगा, जिसे 28 अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।29 अक्टूबर को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की टीम द्वारा दीयों की गणना की जाएगी, और 30 अक्टूबर को वालंटियर्स द्वारा घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डालकर प्रज्ज्वलन किया जाएगा।दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए 30 हजार वालंटियर्स की टीम बनाई जा रही है, जिसमें विश्वविद्यालय से 7500, महाविद्यालयों से 9500, इंटर कॉलेजों से 8000 और एनजीओ से 5000 वालंटियर्स शामिल होंगे। विश्वविद्यालय ने इंटर कॉलेज के प्राचार्यों को प्रशिक्षित कर दिया है, ताकि वे अपने विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित कर सकें। मीडिया प्रभारी डा. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला प्रशासन के समन्वय में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार दीपोत्सव को पहले से कहीं अधिक भव्य और दिव्य बनाने की योजना है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का 20वां प्रांतीय महाअधिवेशन संपन्न

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** शहर के एक होटल में सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टॉफ एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का प्रांतीय महा अधिवेशन आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि पारस नाथ अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड एवं संचालन राम प्रकाश सिंह जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया , चुनाव अधिकारी सुभाष चन्द्र तिवारी,कैलाश यादव ने किया, इस चुनाव में 7 पदाधिकारी निर्वाचित हुए ,जिसमें अमर जीत मिश्रा प्रांतीय अध्यक्ष, मनीष कुमार कटारिया उपाध्यक्ष, अभय शुक्ला महासचिव, अशोक कुमार प्रांतीय संयुक्त सचिव, सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहना स्वागत किया गया, अध्यक्ष अमर जीत मिश्रा ने कहा कि कर्मचारियों के हित के लिए सदैव तत्पर रहने के साथ सभी साथियों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे, दूसरी तरफ अभय शुक्ला ने कहा कि पुरानी पेंशन को लेकर आवाज़ उठाई जाएगी इस अवसर पर ड्राइंग स्टॉफ एसोसिएशन उत्तर प्रदेश अयोध्या के लगभग सभी जनपद के पदाधिकारी/ सदस्य ने प्रतिभाग कर अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग कर अधिवेशन को सफल बनाया।

### मंडलायुक्त ने की मंडलीय समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक 23 अक्टूबर 2024 को सुबह 10:30 बजे आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में होगी। बैठक में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, कानून व्यवस्था और राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों से अपेक्षित है कि वे स्वयं बैठक में प्रतिभाग करें। जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार ने दी।

### सीएम डेस्क प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डीएम चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर 2024 को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कमाण्ड सेन्टर द्वारा फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारियों से अपेक्षित है कि वे बैठक के लिए पूर्ण तैयारी के साथ समय पर उपस्थित हों। जानकारी मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने दी।

### फायरिंग अभ्यास

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र होमगार्ड्स अयोध्या में प्रशिक्षण ले रहे 50 होम गार्ड्स जवानों का फायरिंग अभ्यास 24 अक्टूबर 2024 को ई0टी0आर0 रेंज डोगरा रेजीमेंट में होगा। रेंज के आसपास के निवासियों को अनुरोध किया गया है कि इस दिन कोई जानवर या व्यक्ति फायरिंग रेंज में न आएं। जानकारी मंडलीय कमाण्डेन्ट ने दी।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाजिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत कक्षा 11-12 के छात्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2024 है। 17 अक्टूबर तक केवल 2271 छात्रों ने आवेदन किया है, जबकि पिछले वर्ष 12698 छात्रों ने आवेदन किया था। सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि वे अपने विद्यालय के छात्रों से आवेदन कराएं, ताकि कोई भी पात्र छात्र लाभ से वंचित न रहे। जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जयनाथ गुप्ता ने दी।

### हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज, अयोध्या।** गोसाईगंज विधानसभा के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी के प्रयासों से नगर के व्यापारियों के मकानों को टूटने से बचाते हुए बाईपास निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आई है। अयोध्या से बसखारी राजमार्ग को चौड़ा करने के लिए हनुमानगढ़ी मंदिर को दीनदयाल चौक के सामने मां डेंटल केयर के पास स्थानांतरित किया जा रहा है।श्री हनुमानगढ़ी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय पराग ने नए मंदिर का भूमि पूजन किया। इस दौरान, मंदिर के निकट हाईवे की सड़कों के निर्माण के लिए भूमि की पैमाइश भी की गई थी। पहले मंदिर के स्थानांतरण का विरोध हुआ था, लेकिन ट्रस्ट के सदस्यों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर को आसपास ही बनाने का निर्णय लिया।नए मंदिर का निर्माण जल्द शुरू होगा और यह भव्य एवं सुंदर होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष ने बताया कि इस निर्माण में नगर के हनुमान भक्तों का सहयोग लिया जाएगा।

### बजाज पल्सर का प्रदर्शन आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमोद सिंह ने किया

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज, अयोध्या।** स्थानीय रामबली इंटर कॉलेज मैदान में बजाज पल्सर कंपनी की बाइकों का विशेष प्रदर्शन **पल्सर मेनिया** का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रकाश ऑटो सेल्स तेजापुर के सहयोग से हुआ, जिसमें बाइकों की मजबूती, रफ्तार, माइलेज और डिजाइन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोसाईगंज विधानसभा के अपना दल (एस) के नेता प्रमोद सिंह ने किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने बजाज पल्सर की विश्वसनीयता की प्रशंसा की। हजारों दर्शकों ने इस कार्यक्रम को देखा, और कुछ ने बाइक पर स्टंट करने का भी अवसर प्राप्त किया। अंत में, टेस्ट राइड में पांच विजेताओं को कंपनी से गिफ्ट दिए गए।

### रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** दर्शन नगर में श्री रामलीला महोत्सव समिति द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान राम के गुणों को दर्शाते हुए कहा कि रामचंद्र जी ने मर्यादा, करुणा, दया, सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलकर राज किया।इस अवसर पर स्थानीय बाजार के सभी सदस्य एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे। रामलीला का यह आयोजन हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से मनाया जा रहा है।

### बाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर पंचायत लालगंज को पांच ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली लालगंज।** नगर पंचायत कार्यालय में महर्षि बाल्मिकी जी की जयन्ती के सुअवसर पर लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्षता श्रीमती सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने उनकी प्रतिमा पर मार्ल्यपण एवं पूजा अर्चना की और नगर की साफ सफाई एवं गलियों से कूड़ा उठाने के लिये पाँच नये श्व- रिक्शा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया नगर पंचायत को साफ सुथरा रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है हर वार्ड में सफाई रोज प्रतिदिन हर वार्ड में ई रिक्शा के प्रयोग से प्रतिदिन वार्डो में लोगों के यहां रोज घूम-घूम कर कूड़ा सफाई का कार्यक्रमअनवरत चलता रहेगा जिससे हमारा नगर पंचायत टाउन एरिया लालगंज साफ सुथरा बना रहे यही हमारा प्रयास है इस मौके पर इंजीनियर दीपेन्द्र गुप्ता सभासद अतुल कुमार शर्मा आलोक तिवारी बबलू एवं समस्त नगर पंचायत का स्टाफ उपस्थित रहा

### एनएसपीएस में मनाई गई वाल्मीकि जयंती ज्ञानार्जन के लिए महर्षि का जीवन प्रेरणा स्रोत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में वाल्मीकि जयंती पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ महर्षि के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित ध्यान और ज्ञान के प्रकाश से परिवर्तित जीवन की प्रेरणादायक लघु नाटिका प्रस्तुत की। श्री प्रजापति ने बताया कि किस प्रकार महर्षि वाल्मीकि अपने प्रारंभिक जीवन में पारिवारिक पालन पोषण के लिए रत्नाकर नामक डाकू बन गए लेकिन वैराग्य के उपरान्त उन्होंने कठिन तप किया, तपस्या और परिवर्तन ने उन्हें महर्षि की उपाधि दिलाई। हृदय परिवर्तन के बाद कठिन तपस्या कर अर्जित ज्ञान से उन्होंने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की। ज्ञानार्जन की इच्छा रखने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए महर्षि का जीवन प्रेरणा स्रोत है। लघु नाटिका में छात्र कौस्तुभ, पार्थ, युगांक, विश्वास, विराट, तनिष्क, सौम्यावाशू के अभिनय ने सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, राम मिलन , पिंकी जायसवाल, वेद मिश्रा, आशुतोष पांडेय, मंजरी श्रीवास्तव, सोनी पांडेय, अर्पणा मिश्रा, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सहकारी गन्ना समिति निर्वाचन में निर्विरोध निर्वाचन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राही जनपद के भदोखर क्षेत्र में स्थित एम्स अस्पताल के सामने सहकारी गन्ना समिति के कार्यालय में सम्पन्न हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रवि सिंह चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए। श्री चौधरी ने अपनी जीत का श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनपद के प्रभारी मन्त्री राकेश सचान, जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, समिति के संचालक सुनील यादव, हरिभान सिंह, हंसराज यादव, लाल प्रताप सिंह, राज बहादुर, निदेशक कुँवर सिंह को दिया है। श्री चौधरी को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, देवेन्द्र सिंह, अविनाश शुक्ला, आनन्द सिंह, लवलेश चौधरी, कुलदीप चौधरी, पूर्व अध्यक्ष आम आदमी पार्टी इन्द्रमोहन सिंह, लल्लन सिंह, शिवशंकर शुक्ला, रामबरन भदौरिया, मुकेश श्रीवास्तव, शिवेन्द्र सिंह, संजय पासी, रामशंकर यादव, भोलई सिंह, जिला पंचायत सदस्य देशराज यादव, ब्लाक प्रमुख दल बहादुर सिंह, इं. विजय रस्तोगी, धर्मेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान भोला चौधरी, निवर्तमान सोसाइटी अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक सिंह पटेल, व्यापारी नेता शिवप्रताप सिंह, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामेन्द्र चौहान, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, दिनेश त्रिपाठी आदि लोग रहे।

# गन्ना सहकारी विकास समिति के चुनाव में भाजपा के सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



गन्ना सहकारी विकास समिति के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सभी अध्यक्ष के उम्मीदवार निर्विरोध चुनें पर उनका स्वागत किया गया। गन्ना समिति के कार्यालय पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा सहादतगंज पार्टी कार्यालय में विधायक रामचन्दर यादव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र तथा 51 किलो माला पहना कर स्वागत किया गया।

गुरूवार को गन्ना सहकारी विकास समिति के परिणाम में दीपेंद्र सिंह फैजाबाद सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। संतोष सिंह मसौधा सहकारी गन्ना समिति, निर्मल शर्मा गनौली सहकारी गन्ना समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने। इस दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहा कि पंडित दीनदयान उपाध्यक्ष के सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान को अवधारणा को सार्थक कर रही है। सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने की लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।

विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि पीएम मोदी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार में योजनाओं की श्रृंखलाओं के माध्यम से किसानों का विकास किया गया है। किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसानों को आर्थिक सबलता प्राप्त हुई है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यकाल में युवाओं के नए अवसर प्राप्त हुए है। किसान समृद्ध हुए है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। तथा श्रमिकों को सम्मान मिला है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कृषि बजट को कई गुना बढ़ाया गया है। जो दर्शाता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में किसानों का विकास है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित है।

स्वागत करने वालों में अवधेश पांडे बादल, कमला शंकर पांडे, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, राघवेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, चंद्रभान सिंह, देवता पटेल सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शहर में निकली अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा

**अयोध्या।** नगर में अग्रसेन महाराज की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसे श्री अग्रवाल महासभा रजिस्टर्ड द्वारा संचालित किया गया। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया।इस अवसर पर विधायक गुप्ता ने कहा, **आज के दिन हम महाराजा अग्रसेन जी के विचारों को याद कर उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज का उत्थान कर सकते हैं।** उन्होंने अग्रवाल समाज को समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया, जो न केवल व्यापार में, बल्कि सामाजिक सरोकार और परोपकार में भी हमेशा सक्रिय रहता है।शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन जी का विशाल सजा रथ, डीजे, भांगड़ा और ढोल के साथ शामिल हुए। अग्रवाल समाज के सभी वर्गों, जिसमें माताएं, बहनें, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे, ने इस शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।शोभायात्रा के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया।

## सीएपीएफ ने सैनिक परिवार के शहीदों को श्रद्धांजलि एवं सैनिक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ऊंचाहार सैनिक किसी धर्म जाति का नहीं होता सैनिक के सीमा पर होने से देश में शांति रहती है,जनता सुख से सोती है। सैनिकों की कुर्बानी से ही देश की सीमा सुरक्षित है उक्त विचार रायबरेली ऊंचाहार ब्लॉक के खरौली गांव सभा मे आयोजित सैनिकों की विधवाओं के सम्मान समारोह में अमेठी के सांसद माननीय किशोरी लाल शर्मा ने व्यक्त किया उन्होंने कहा कि देश के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनके स्मृति को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि उन्हें उचित अवसर पर उचित सम्मान दें। कार्यक्रम को पूर्व विधायक अजय पाल सिंह,पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी, महामंत्री प्रभारी ऊंचाहार महेश प्रसाद शर्मा, ब्लॉक प्रमुख बी एन मौर्य, संतोष कुशवाहा, भोला यादव, अर्जुन पासी, धर्मेंद्र यादव ,बादल सिंहने भी संबोधित किया। सी ए पी एफ सैनिक परिवार के संयोजन में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें प्रमुखरूप से श्रीमती रेखा सिंह शुभी यादव कृष्णावती नीरज देवी सीता सिंह अमित यादव दुर्गा प्रसाद यादव रामशंकर यादव नेहा कपूर मौर्य पूनम वर्मा जय यादव रमाकांत सहित लगभग आधा सैकड़ा शहीदों की विधवाओं को मुख्य अतिथि अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सम्मानित किया और उन्हें सम्मान पत्र , स्मृति चिन्ह देकर उनके परिवार द्वारा दी गई कुर्बानी के लिए भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित किया।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी 65 लीटर अवैध कच्ची शराब

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक लालगंज संजीव सिंह एवं आबकारी निरीक्षक महराजगंज आनंद कुमार पाठक की संयुक्त टीम द्वारा थाना खीरों के अन्तर्गत ग्राम नन्दा खेड़ा, महरानीगंज में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों / घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 350 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए। उक्त के अतिरिक्त आबकारी निरीक्षक डलमऊ, सलोन एवं सदर द्वारा मदिरा दुकानों/गोदामों का निरीक्षण भी किया गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## पूर्व सांसद ने कैम्प लगाकर कराई सदस्यता

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधान सभा के कुमारगंज मंडल के बिरौली झाम तथा मिल्कीपुर मंडल के नरेन्द्र भादा में सदस्यता कैम्प लगाया। इस दौरान पूर्व सांसद ने सैंकड़ो ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इससे पूर्व दोनों आयोजन स्थल पर पहुंचने पर पूर्व सांसद का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धान्तो पर चलते हुए सबका विश्वास भी हासिल करने में सफल हुई है। गरीबों के चहरे पर खुशहाली लाने का प्रयास योजनाओं के माध्यम से किया गया है। हर पात्र को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिला है। इसके कारण भाजपा को लेकर जनता में उत्साह का माहौल है। मौके पर जगदम्बा प्रसाद, अजय कुमार, लल्लू पासी, रामकृष्ण तिवारी, डा. रामू, रजनीश पाण्डेय, अजय तिवारी, बब्लू पासी समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सपा का कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन, गुलाब बाड़ी, फैजाबाद में 17 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि ऋषि वाल्मीकि, जिन्हें भारतीय पौराणिक महाकाव्य **रामायण** की रचना का श्रेय दिया जाता है, का जन्म इस दिन के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हिंदू परंपराओं में वाल्मीकि को सबसे महान कवियों और ऋषियों में से एक माना जाता है। उनकी रचना **रामायण** भगवान राम, माता सीता और प्रिय हनुमान जी की कहानी को समर्पित है।पारसनाथ यादव ने कहा कि यह दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाने का है, जिसमें रामायण की कविताओं का पाठ करना और महाकाव्य द्वारा सिखाए गए पाठों और आदर्शों पर विचार करना शामिल है।

उन्होंने इसे ज्ञान, नैतिकता और रामायण द्वारा सिखाए गए आदर्शों का उत्सव बताया। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव बख्तियार खान, जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, आकिब खान (शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष), दान बहादुर सिंह (महिला सभा जिला अध्यक्ष), सरोज यादव, शावेज़ जाफरी (अधिवक्ता सभा जिला अध्यक्ष), जिला सचिव रोली यादव, अंसार अहमद, बबन वसी, हैदर गुड्डु, अखिलेश पांडे, जगन्नाथ यादव, कैलाश कोरी, महेश सोनकर, रामदुलारे यादव आदि ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने सभी का स्वागत किया और महर्षि वाल्मीकि के योगदान को याद किया।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत के मार्गदर्शन में आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकी जयन्ती जनपद में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई।इस अवसर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम किये गए। मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही रामायण का पाठ हुआ।महर्षि वाल्मीकि जयंती पर धार्मिक स्थलों के परिसर में अनवरत रामायण पाठ,भजन और भक्तिमय लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बताते चलें कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं जिनके द्वारा रचित रामायण विश्व के आदि ग्रंथ के रूप में आज भी प्रतिष्ठित है।

जो व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रीय मूल्यों के निर्माण में वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शन का आधार है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार- प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकि, श्रीराम, हनुमानजी से संबंधित मंदिरों पर दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान के साथ साथ वाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर उल्टा गढ़ा माफी, श्रीराम जानकी मंदिर सब्जी मंडी मुसाफिरखाना, श्रीराम मंदिर इंडोरामा, हनुमानगढ़ी, रामगंज, भरतगंज, देवीपाटन मंदिर कस्बा अमेठी, हनुमानगढ़ी तिलोई सहित अन्य मंदिरों में बाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया।

# अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण अभियान के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

आगामी त्यौहारों दीपावली आदि पर्वों को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र अमेठी द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। इस प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने अपनी पूरी टीम के साथ कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय राजा फतेहपुर सिंहपुर में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।जिसमें विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए घरों एवं रसोईघरों में अग्निसुरक्षा,एलपीजी से बचाव एवं सावधानियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर जागरुक किया गया।साथ ही आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित इवैक्वेशन ड्रिल कराकर छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं स्टाफ को आग लगने की स्थिति में भवन से सुरक्षित मार्ग द्वारा बाहर निकलने का अभ्यास कराया गया।



अभियान के दौरान विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।जिसके तहत गैस लीक करने पर किचेन में बिजली के स्विच को ऑफ अथवा ऑन न करने एवं गैस सिलेण्डर को सदैव खड़ा रखने, निर्धारित समय पर गैस में लगे रबर के पाईप को बदलने एवं रात्रि में सोने से पहले गैस के सिलेण्डर का वॉल्व बन्द करने,जलते हुये स्टोव व लालटेन में मिट्टी का तेल न भरने, भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चूल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने के लिए न करने व खाना बनाते समय ढीले-ढाले आँचल को बांध कर चूल्हे व स्टोव की आग की लपटों से बचाकर रखने के साथ ही घर में बिजली के कटे- फटे तारों को तुरन्त बदलवाने या मरम्मत कराने, सही ढंग का फ्यूज लगाने व एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगाने की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि कुकिंगगैस सिलेण्डर में लीकेज का आभास होते ही आस-पड़ोस की अन्य अंगीठियों व जलती हुई बीडी-सिगरेट को तुरन्त बुझा दें। आग लगने पर सबको बतायें व आग बुझाने का प्रयास करें।कपड़े में आग लगने पर दौड़े नहीं,बल्कि जमीन पर लेटकर लुढ़के एवं जल जाने पर रनिंग वाटर का प्रयोग करें।तथा चिकित्सक से सलाह लें, फ्लेम प्रूफ बिजली की व्यवस्था करें।धूम्रपान, माचिस का प्रयोग अथवा अन्य कोई आग लगने वाली वस्तु का प्रयोग सुरक्षा घेरे के अन्दर न किया जाय। उन्होंने बताया कि जिस सिलेण्डर में आग लगी हो उसे फायर एक्सटिंग्यूशर से बुझायें व आग लगे सिलेण्डर को गोदाम से बाहर कर दें। दीया, मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर सजायें। बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अतिरिक्त भार न दें।तथा शार्ट सर्किट होने से आग लगने की ओर विशेष रूप से सतर्क रहें।

झुग्गी, झोपड़ी, आरा मशीन, भूसे के ढेर से दूर पटाखों को छुड़ायें। दीपावली पर मोटे ओर चुस्त कपड़े पहने व ढीले और लहरदार सिन्थेटिक कपड़ों को न पहनें तथा अपने घर में पटाखे चलाते समय अग्नि दुर्घटना से तुरन्त निपटने हेतु दो बाल्टी पानी भर कर तैयार रखें।दुकानों के निर्माण में ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें।आग को फैलने से रोकने के लिए दो दुकानों के बीच समुचित दूरी रखें।दुकानों पर लाइसेन्स के अनुसार निर्धारित मात्रा में ही पटाखों को रखें। दुकानों पर पटाखों को चलाकर ग्राहकों को न दिखायें एवं दुकानों पर मोमबत्ती, दियासलाई, लाइटर का प्रयोग न करें व बिजलीतार के जोड़ों पर टेप का प्रयोग करें।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 18 अक्टूबर, 2024






**कौशल विकास का उद्देश्य कैदी को राष्ट्र की मुख्य...**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल द्वारा आज जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला सशक्तिकरण एवं...

शेष पेज 11 पर...

# देशभर के लोगों से 20 करोड़ की ठगी




- साइबर ठग गैंग के शातिरों की तलाश में पुलिस टीम महाराष्ट्र व मुंबई रवाना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सेवानिवृत सैन्य अधिकारी से 1.78 करोड़ की ठगी के मामले में जेल गए साइबर ठगों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए कानपुर पुलिस ने पहली बार आई4सी यानी इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अधिकारियों से संपर्क साधा है। सेंटर से इन आरोपियों के इस्तेमाल किए गए कई बैंक खातों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही गैंग के कई अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस की एक टीम गुरुवार को महाराष्ट्र और मुंबई भी जांच के लिए रवाना हुई है।

बता दें, सेवानिवृत सैन्य कर्मी विनोद कुमार से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 1.78 करोड़ की ठगी हुई थी। इस मामले में कानपुर पुलिस ने साइबर ठग गैंग के सरगना भोपाल निवासी आठवीं फेल रोहित सोनी, उसके साथी अक्षय गुरू, मनीष मंडल और मयंक मीणा को गिरफ्तार कर ठगी का खुलासा किया। हालांकि जांच के दौरान पता चला कि इस गैंग ने 20 राज्यों के 222 लोगों से 22 करोड़ रुपये की ठगी की थी। अब तक की जांच में सामने आया है कि साइबर ठगों के आठ खातों में कुछ महीनों में आठ करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। इसके अलावा कई अन्य खाता धारकों के खाते में भी पैसा भेजा गया जिसकी डिटेल मिल गई है। एसीपी क्राइम मोहम्मद मोहसिन खान ने बताया कि पुलिस की एक टीम नागपुर, नासिक, शोलापुर का सावंतवाड़ी इलाका, पुणे और गोवा जाएगी। यहां पर उन खाता धारकों की जानकारी मिली है, जिनके खाते में ठगी का पैसा गया है।

### रोहित की तरह 50 से अधिक किंगपिन के संपर्क में

पुलिस अधिकारी के मुताबिक पहले रोहित ही गैंग का सरगना लग रहा था लेकिन अब पता चला है कि उस जैसे करीब 50 किंगपिन हैं जो असल मास्टरमाइंड के संपर्क में है। सभी उसके पास क्रिप्टोकरेंसी में पैसा पहुंचाने का काम करते हैं और उसके बदले में मोटा कमीशन सभी को मिलता है। मास्टरमाइंड चाइना, दुबई और अर्मेनिया से गैंग को चलाता है। वह महीने में एक बार हिसाब किताब करने के लिए फ्लाइट से भारत आता है।

### क्या है ये आई4सी

देश की विभिन्न एजेंसियां साइबर अपराधियों पर लगाम कसने का काम कर रही है। उनके लिए आई4सी एक समन्वय केंद्र की तरह काम करता है। इसका ऑफिस दिल्ली में बना है। आईबी, रॉ, इंटरपोल, सीबीआई, एनआईए जैसी एजेंसियां साइबर अपराध उससे जुड़े खाते, मोबाइल नंबरों आदि के बारे में डेटा जुटाने में मदद लेती और देती है।

इस गैंग की जड़े पूरे देश में फैली हैं। महाराष्ट्र और गोवा के इलाकों में आरोपियों की लोकेशन मिल रही है। इन पर काम किया जा रहा है। पुलिस टीमें जल्द ही इन प्रदेशों में आरोपियों की तलाश में जाएंगी।

**मोहम्मद मोहसिन खान, एसीपी क्राइम**

# भारती महिला उद्यमी परिषद एवं वी हेल्प क्लब द्वारा लगाया गया दीवाली बाजार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारती महिला उद्यमी परिषद एवं वी हेल्प क्लब की ओर से गुरुवार को लाजपत नगर स्थित रंगोली गेस्ट हाउस में आर्ट फेस्ट दीवाली बाजार प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद रमेश अवस्थी व इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की अध्यक्ष सुचेता वाही ने किया। प्रदर्शनी में लगभग 50 स्टॉल लगाए गए। जिसमें हस्तशिल्प से बनी उत्कृष्ट डिजाइनर ज्वैलरी, डिजाइनर कपड़े, फेशन सामग्री, गृह सज्जा आइटम्स, पेंटिंग्स, चॉकलेट, आर्टीफीशियल फ्लॉवर्स आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रदर्शनी में लकी ड्रॉ भी निकाला गया। इस अवसर पर भारती महिला उद्यमी परिषद की अध्यक्ष शशि ठाकुर ने कहा कि भारती महिला उद्यमी परिषद गत 35 वर्षो से प्रत्येक वर्ष दिवाली हाट आयोजित करती आई हैं।

यह हाट उन महिला उद्यमियों को दिवाली के समय व्यवसाय करने में प्रोत्साहन प्रदान करता है, जो वित्तीय समस्याओं के कारण अपने व्यवसाय को विकसित करने में असमर्थ है। कार्यक्रम में बेस्ट महिला उद्यमी एवं बेस्ट डेकोरेट स्टॉल का पुरस्कार भी दिया गया।

प्रदर्शनी में मुख्य रूप से पदमा शुक्ला, जया राजपूत, लता यादव, अरुणा गर्ग, सीमा शुक्ला, राधिका शुक्ला, सरिता द्विवेदी, डॉ शारदा शर्मा, राशि द्विवेदी, स्वर्णकांता गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

# शहर विकास प्राधिकरण में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

विकास प्राधिकरण में आज दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जयन्ती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। के0डी0ए0 उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल, वित्त नियंत्रक सुशील कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। उपाध्यक्ष महोदय मदन सिंह गर्ब्याल द्वारा उद्बोधन में आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी के सिद्धातों का अनुकरण करने तथा उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य को आत्मसार करने के लिए प्रेरित किया गया। आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी का जैसे हृदय परिवर्तन हुआ था उसी भांति प्राधिकरण कर्मचारी अपना हृदय परिवर्तन कर प्राधिकरण हित कार्य करें। कार्यक्रम में विशेष कार्याधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आईजी आरपीएफ ने कानपुर सेंट्रल थाने का औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

आरपीएफ आईजी ए0एन0 सिन्हा ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन आरपीएफ थाने का निरीक्षण किया और उन्होंने ने जवानों के सुरक्षा सम्मेलन में संवाद किया एवं उनकी समस्या का समाधान किया। आईजी ने आगामी त्योहारों को देखते हुये सेंट्रल स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये परफेक्ट प्लान बनाया गया है। आईजी एएन सिन्हा ने सेंट्रल स्टेशन बने कंट्रोल रूम को चेक किया, अभिलेखों को चेक किया साथ ही आगामी त्योहारों को लेकर मातहतों को दिशा निर्देश दिया। सेंट्रल स्टेशन के आसपास ट्रैकों पर ट्रेन को डिरेल करने की साजिश की गई थी। इसे देखते हुये लोकल पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त रूप से लगातर चेकिंग कर रहे हैं, क्योंकि त्योहार के दौरान किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो सके.आईजी ने बताया कि आगामी त्योहारों को लेकर कोई भी ट्रेन में पटाखे लेकर न जाये, इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है, उन्होंने बताया कि 12 घंटे तक आरपीएफ जवान ड्यूटी करेंगे और अभिलेखों को मजबूत रखेंगे..कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और जाना कि किस तरह से ऑपरेट किया जा रहा है। ड्यूटी की क्या व्यवस्था है इस ओर भी ध्यान दिए जाने की बात कही.आईजी ने बताया कि इस साल आरपीएफ ने बेहतर कार्य किया है। एक्स पर फर्जी आईडी बनाकर ट्वीट करने वालो की भी खैर नहीं. आईजी ने बताया कि सीनियर डीएससी प्रयागराज को जांच सौंपी गई है.साथ ही कहा कि ऐसे लोगो को बख्शा नहीं जायेगा, जो आरपीएफ की छवि को धूमिल करने के काम कर रहे हैं।, निरीक्षण के दौरान ऐसी आरपीएफ विवेक वर्मा, सेंट्रल स्टेशन इंस्पेक्टर बुद्लपाल सिंह पनकी इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार यादव सब इंस्पेक्टर अमित द्विवेदी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा आदि महापुरुष महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय, तिलक हाल में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात पुष्पांजलि संगोष्ठी में वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी को एक आध्यात्मिक महा मानव, युग दृष्टा बताते हुए कहा बालकाल से रत्नाकर नाम से लेकर महर्षि की सिद्धि पाने तक के काल में कठोर तपस्वी ही नहीं बने बल्कि बाल्मीकि रामायण की रचना कर विश्व पटल के महापुरुष विख्यात हुए उनकी बाल्मीकि रामायण आज विश्व एवं समाज के लिए अनुकरणीय एवं पथ प्रदर्शक ग्रंथ के रूप में पूजनीय है। संगोष्ठी का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दादा शंकर दत्त मिश्र ने व संयोजन दिलीप शुक्ला ने किया। पुष्पांजलि संगोष्ठी को प्रमुख रूप से सर्व मदन मोहन शुक्ला, आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, डॉक्टर आरके जगत, रामगोपाल उत्तम, रवि तिवारी, पदम मोहन मिश्रा ,महेंद्र भदोरिया, राजू कश्यप, शांतनु दीक्षित चंद्रमणि मिश्रा, राधेश्याम कश्यप, राज लक्ष्मी सिंह, मदीना बेगम, जितेंद्र ब्रह्म, संदीप निषाद, सुरेश बक्शी, मोहम्मद लईक, राजेंद्र वाल्मीकि, गुफरान अहमद चंद, राज किशोर वर्मा, राकेश द्विवेदी, संतोष मिश्रा राजेश सोनकर आदि।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सरसैया घाट सभागार में बैठक हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार सरसैया घाट में सीसामऊ विधानसभा उप निर्वाचन- 2024 में विभिन्न व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वन हेतु नामित किए गए जनपद के अधिकारियों के मध्य निर्वाचन का कार्य आवंटित करते हुए नोडल/प्रभारी अधिकारी एवं सहायक नोडल/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समस्त नामित अधिकारी/कर्मचारीगण सौंपे गए कार्यों का भली भांति अध्ययन कर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित कराये। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद की सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन की घोषणा दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को कर दी गई है। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन-2024 के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता के सुसंगत उपबंध दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 से लागू हो गए हैं। समस्त संबंधित अधिकारीगण आदर्श आचार संहिता का निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ससमय अनुपालन सुनिश्चित कराये।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए जिससे लोग बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और मतदान प्रतिशत अच्छा हो। मतदान कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण ससमय प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। मतदान केंद्रो पर समस्त मूलभूत सुविधाएं ससमय सुनिश्चित कराई जाए, जहां पर विद्युत की समस्या हो वहां पर वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था की जाए।

जिससे मतदान के समय कोई समस्या न उत्पन्न हो। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त दिनेश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू0/आ0) रिंकी जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (नगर) डा0 राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चन्द्रशेखर, सचिव के0डी0ए0 अभय पाण्डेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कपड़ा व्यापारी को प्रेमजाल में फंसाया, ठग लिए 32 लाख रुपये




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

स्वरूपनगर इलाके में रहने वाले एक कपड़ा व्यापारी को पहले साथ में काम करने वाले साथी की पत्नी ने अपने प्रेमजाल में फंसाया। फिर धीरे-धीरे महिला ने बहाने से रुपये मांगने शुरू कर दिए। आरोप है कि महिला ने उनके एक वर्ष में 32 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब और रुपये देने से इन्कार किया तो महिला ने दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। आजादनगर स्थित एक अपार्टमेंट में रहने वाले कपड़ा व्यापारी ने बताया कि वह पहले एक युवक के साथ पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। इसी दौरान उनकी जान पहचान युवक की पत्नी से हो गई थी। आरोप है कि उस महिला ने अपने प्रेमजाल में फंसाकर नजदीकी बढ़ाई। फिर मोबाइल चैटिंग दिखाकर मुझसे पैसे मांगने लगी। दो बार महिला के कहने पर रुपये दे दिया लेकिन वह फिर धीरे-धीरे अपने जाल में फंसाकर दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी। महिला अबतक करीब 30 से 32 लाख रुपये ऐंठ चुकी है। पैसे देना बंद कर दिया तो महिला ने अपने पति, बेटे व दोस्त से उन्हें जान से मारने की धमकी दिलवाई। कहा कि यदि पैसा नहीं दिया तो दुष्कर्म के मुकदमे में फंसवाकर जेल भिजवा देंगे। स्वरूपनगर थाना प्रभारी सूर्यबली पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर जबरन वसूली के लिए किसी को फंसाने की धमकी, अपमानित करने और धमकाने में महिला, उसके पति, बेटे व दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पीएसी सिपाही के घर से लाखों की चोरी, इलाके में मचा हड़कंप



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पीएसी के सिपाही के घर से चोरों ने पांच लाख का माल पार कर दिया। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। रावतपुर के विनायकपुर राजीव नगर निवासी ओमप्रकाश तिवारी कानपुर में ही पीएसी में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। बीती 11 अक्तूबर की रात जब वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे, तभी घर में घुसे चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर करीब पांच लाख के जेवर व एक दर्जन चांदी के सिक्के पार कर दिए। अगले दिन सुबह मामले की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मेन गेट पर ताला बंद था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कानपुर की नीतू डेविड आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम के लिए अपनी सूची जारी की। इसमें दुनिया भर के श्रेष्ठ क्रिकेटरों में से तीन पूर्व खिलाड़ियों इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक, दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और भारत की नीतू डेविड को चुना गया है। आईसीसी की ओर से पूर्व स्पिनर नीतू डेविड का नाम घोषित होते ही कानपुर स्थित उनके घर और यूपीसीए के आफिस में बधाइयों का दौर शुरू हो गया।

यूपीसीए सचिव अरविंद श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता, सीईओ अंकित चटर्जी ने नीतू डेविड को शुभकामनाएं दीं। श्यामनगर की रहने वाली नीतू डेविड का जन्म वर्ष 1977 में हुआ था। मां-बाप के निधन के बाद वह बड़े भाई के साथ रहती हैं। वर्तमान में वह रेलवे के कानपुर डीजल शेड में आफिस सुप्रिटेंडेंट पद पर तैनात हैं। वर्ष 2020 से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति की चेयरपर्सन पद पर हैं।

नीतू डेविड ने आईसीसी की ओर से दिए जाने वाले इस सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया। यूपीसीए के मीडिया प्रभारी अहमद अली खान तालिब ने कहा कि बीसीसीआई के नियमों के तहत वह मीडिया से बात नहीं कर सकतीं, लेकिन आज मिले सम्मान से बहुत खुश हैं। नीतू डेविड ने बतौर स्पिनर वर्ष 1992 से उत्तर प्रदेश से क्रिकेट की शुरूआत की।

### भारत की दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज

एक साल बाद ही उनका चयन भारतीय टीम में हुआ। 1993-94 में उन्होंने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए दस टेस्ट मैचों में 41 विकेट और 97 वनडे में 141 विकेट लेने के बाद वर्ष 2008 में क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय वनडे मैचों में भारत की तरफ से 100 विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज हैं। अभी भी वह भारत की तरफ से दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं।

### 2008 से 2010 तक उत्तर प्रदेश टीम की कोच भी रहीं

घरेलू मैचों की बात करें, तो नीतू ने उत्तर प्रदेश से 150 मैच खेले। उन्होंने वर्ष 1996 से 2008 तक रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। संन्यास लेने के बाद वह 2008 से 2010 तक उत्तर प्रदेश टीम की कोच रहीं। उसके बाद वह तीन साल यूपी महिला चयन समिति की चेयर पर्सन बनीं। वर्ष 2020 में बीसीसीआई ने उन्हें अपनी महिला चयन समिति का चेयरपर्सन बनाया, जो अभी तक जारी है।

# जीएसटी से गाड़ी छुड़वाने के नाम पर व्यापारी से सात लाख की ठगी




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी में एक स्क्रैप व्यापारी की गाड़ी जीएसटी अधिकारियों से छुड़ाने के नाम पर सात लाख की ठगी हो गई। आरोपी भी व्यापारी बताया जा रहा है। पीड़ित व्यापारी ने चकेरी थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी के सावित्री नगर निवासी स्क्रैप व्यापारी नजरुल हसन रिजवी ने बताया कि बीते अप्रैल में जब वह बीमार थे, तभी उन्होंने सोनभद्र के राबर्टगंज निवासी दिनेश गुप्ता से मिक्स कबाड़ का एक ट्रक खरीदने की बात की थी, लेकिन बीमारी के चलते वह ई-बिल जनरेट नहीं करवा पा रहे थे। इसी बीच कबाड़ का ही काम करने वाले दूसरे व्यापारी नौबस्ता निवासी संजीव दीक्षित ने उन्हें फोन कर कहा कि उनका माल अपनी फर्म के जरिए मंगवा सकता है। इस पर नजरूल ने हामी भर दी। आरोप है कि संजीव ने पूरे माल की कीमत से कम कीमत का फर्जी बिल तैयार कर माल मंगवाया। इसके चलते रास्ते में जीएसटी विभाग की टीम ने माल लदी गाड़ी को पकड़ ली। इस पर आरोपी संजीव दीक्षित ने गाड़ी छुड़ाने के लिए जुर्माना भरने और अधिकारियों को घूस देने के नाम पर 10.50 लाख रुपये की मांग की। नजरुल ने बताया कि उन्होंने सात लाख की व्यवस्था कर संजीव को दिए। आरोप है कि कुछ दिन बाद उन्होंने संजीव से रकम वापस मांगी तो उसने धमकी दी। चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बेसमेंट में चलते मिले कार्यालय और कारखाने, केडीए ने किए सील

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



केडीए जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने विशेष कार्याधिकारी श्रीसत शुक्ला के नेतृत्व में चमनगंज के चार अवैध बेसमेंट सील कर दिए। हुमायूं बाग, चमनगंज निवासी एक पार्षद के मकान के बेसमेंट में अवैध रूप से कार्यालय संचालित था। टीम ने बेसमेंट सील कर दिया है। इसी तरह चमनगंज निवासी मो. आरिफ के मकान के बेसमेंट व सात अन्य तल में अवैध रूप से निर्माण कार्य चल रहा था। इसी इलाके के निवासी मो. आसिफ के मकान के बेसमेंट में अवैध रूप से जूता-चप्पल के कारखाना का संचालन किया जा रहा था।

तैयब ताहिर के मकान के बेसमेंट व चार अन्य तल में अवैध रूप से गारमेंट कारखाने का संचालन किया जा रहा था। इन सभी बेसमेंट को प्रवर्तन दल ने सील कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता संदीप मोदनवाल, अवर अभियंता जनार्दन सिंह, अवर अभियंता कैलाश सिंह व चमनगंज थाने की पुलिस भी मौजूद रही।

# पति को तलाक देने या 10 लाख देने का दबाव बना रही महिला

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी मंगला विहार क्षेत्र निवासी महिला ने कैंट की एक महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपी महिला उस पर पति को तलाक देने या फिर 10 लाख रुपये देने का दबाव बना रही है। ऐसा न करने पर हत्या कराने की धमकी दे रही है। पुलिस में मामले की जांच कर रही है। चकेरी मंगला विहार प्रथम निवासी साजिया सिद्दकी ने बताया कि पति शोएब आलम निजी हॉस्पिटल में काम करते हैं। कैंट के फेथफुलगंज निवासी महिला का शादी का प्रस्ताव पति ने ठुकरा दिया था, जिस पर आरोपी महिला ने पति शोएब पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में शोएब को जेल भेजा गया था। आरोप है कि पति के जेल में रहने के दौरान आरोपी महिला उनके घर में बीती 30 मई को आई और मारपीट की।

कहा कि वह पति को तलाक दे दे या फिर 10 लाख रुपये दे। ऐसा न करने पर उसे और शोएब को जान से मरवाने की धमकी दी।

# जफर ने राज नाम बताकर नाबालिग से की दोस्ती, धर्म बदलने का बनाया दबाव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बिधनू थानाक्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक ने नाम बदलकर दोस्ती कर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। फिर अश्लील वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। छात्रा के विरोध पर वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। बुधवार को पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

11 वीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग के मुताबिक मझावन गांव निवासी युवक जफर ने अपना नाम राज बताकर दोस्ती की। एक दिन जफर ने स्कूल से छुट्टी के बाद उसे घर छोड़ने के बहाने से अनजान जगह पर ले गया। वहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला अश्लील वीडियो बनाया। होश आने पर वीडियो दिखाकर राज ने अपना असली नाम जफर बताया। उसके बाद धर्म परिवर्तित करने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। सोशल मीडिया में वीडियो देख छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

 ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षीय यात्रा पर एक नजर

**संगठन होने के कारण संघ तथा संघ प्रेरित संस्थाएं लगातार नयी टीम बनाकर पुरानों के संरक्षण में उन्हें पदस्थापित करते रहते हैं, पर 1968 में भारतीय जनसंघ को एक झटका लगा। दीनदयाल जी का निधन हो चुका था। जनसंघ वाले अटल बिहारी वाजपेयी को आगे लाना चाहते थे। इससे रुष्ट होकर बलराज मधोक ने पार्टी छोड़ दी, पर जल्दी ही वे समझ गये कि कुछ लोग कुछ समय के लिए कोई संस्था तो चला सकते हैं, पर संगठन नहीं। अत: वे शांत होकर फिर संघ के कार्यक्रमों में आने लगे। यद्यपि उनके अलगाव से श्री गुरुजी सहित सब स्वयंसेवकों को दुख हुआ।**

*2025 की विजयादशमी पर संघ सौवें वर्ष में पहुंच रहा है। ऐसे में इस यात्रा के कुछ पड़ावों पर नजर डालना उचित होगा। डा. हेडगेवार ने संगठन को देश की राष्ट्रीय आवश्यकता कहा था। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारियों और नागपुर में कांग्रेस के साथ काम कियाय पर संघ स्थापना के बाद पूरी शक्ति यहीं लगा दी। इसलिए पहले 50 साल संघ ने केवल संगठन किया। यद्यपि अन्य बहुत कुछ भी शीर्ष नेतृत्व के मन में था। दत्तोपंत ठेंगड़ी इसे प्रोगेसिव अनफोल्डमेंट कहते थे। इसके बल पर ही संघ ने हर संकट को झेला। इस पहले दौर में स्वयंसेवकों ने कई संस्थाएं बनायीं। इनमें राष्ट्र सेविका समिति (1936), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (1949), वनवासी कल्याण आश्रम (1952), भारतीय मजदूर संघ (1955), विश्व हिन्दू परिषद (1964), भारतीय जनसंघ/भारतीय जनता पार्टी (1951), सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या भारती (1952) आदि प्रमुख हैं। यद्यपि इनके संविधान, कोष, पदाधिकारी, कार्यक्रम आदि अलग हैंय पर प्रेरणा संघ की ही है। संघ पर प्रतिबंधः संघ पर 1932 और 1940 में शासन ने आंशिक प्रतिबंध लगायेय पर वे ज्यादा नहीं चले। 1948 में गांधी जी की हत्या के बाद फिर प्रतिबंध लगा। तब शासन, प्रशासन और जनता संघ के विरोध में थी। प्रचार माध्यम सरकार के पास थे। संघ के पास अपनी बात कहने का कोई साधन नहीं था। फिर भी संघ ने सत्याग्रह से सरकार को झुका दिया। पर फिर शाखा के साथ ही समविचारी संगठनों का विस्तार और प्रभाव बढ़ने लगा। इसीलिए जब 1975 में इंदिरा गांधी ने संघ पर प्रतिबंध लगाया, तो जनता संघ के साथ रही। संघ ने फिर सत्याग्रह किया। जनता डर से चुप थी, पर चुनाव में उसका आक्रोश फूट पड़ा और इंदिरा गांधी हार गयी। यह संगठन के बल पर ही हुआ। समाज में बढ़ती स्वीकार्यता का लाभ उठाकर संघ ने संगठन को फैलाया तथा स्वयंसेवकों ने अनेक नयी संस्थाएं बनायीं। 1992 में बाबरी विध्वंस के बाद सरकार ने फिर प्रतिबंध लगाया, जिसे न्यायालय ने ही खारिज कर दिया। 1975 और 1992 के प्रतिबंध से संघ के संगठन और प्रभाव में वृद्धि हुई। उसका नाम दुनिया भर में फैल गया। इसे हम दूसरा 50 वर्षीय कालखंड कह सकते हैं। संघ ने अनुभव किया कि हमारा काम समाज के निर्धन वर्ग में नहीं है। इनकी पहली जरूरत रोटी, कपड़ा और मकान है। इस कारण लोग धर्मांतरण भी कर लेते हैं। मीनाक्षीपुरम् कांड इसका उदाहरण था। अतः सेवा के क्षेत्र में प्रवेश किया गया। 1989 में डा. हेडगेवार की जन्मशती पर %सेवा निधि% एकत्र कर हजारों पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनाये गये। निर्धन बस्तियों को %सेवा बस्ती% कहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हजारों छोटे प्रकल्प शुरू किये। अब इनकी संख्या डेढ़ लाख से भी अधिक है। अब सैकड़ों बड़े प्रकल्प भी हैं, पर मुख्य ध्यान छोटी इकाइयों पर ही है। केवल संघ ही नहीं, तो सभी समविचारी संस्थाएं सेवा कार्य कर रही हैं। यहां से पुरुष और महिला कार्यकर्ता भी आगे आ रहे हैं। 1947 में देश विभाजन एक बड़ी चुनौती थी। इस दौरान पंजाब और सिंध में संघ ने सीमित शक्ति के बावजूद लाखों हिन्दुओं की रक्षा की, महिलाओं की लाज बचाई और उनका पुनर्स्थापन किया। बंगाल में शक्ति कम होने से यह प्रभावी ढंग से नहीं हो सका। 1950 में प्रतिबंध हटने पर कुछ लोगों का विचार था कि निर्दोष होते हुए भी संसद या किसी विधानसभा में कोई हमारे पक्ष में नहीं बोला। अतः हमें शाखा छोड़कर केवल राजनीति करनी चाहिएय पर सरसंघचालक श्री गुरुजी नहीं माने।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इस ड्रोन की मारक क्षमता और ताकत को देखते हुए ही मोदी सरकार पिछले एक साल से अमेरिका के पीछे पड़ी थी कि इन्हें भारत को मुहैया कराया जाए। इसके लिए क्वाड समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात में भारत की अमेरिका से एमक्यू 9बी प्रिडेटर ड्रोन्स की डील पक्की हुई। इसमें भी एक अच्छी बात अनुबंध के समय यह रही है कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए मोदी सरकार ने सभी निर्णय अपने समर्थन के करवाए। मसलन, डील के अनुसार जनरल एटॉमिक्स कंपनी ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए भारत में केंद्र खोलेगी।**

# भारत-अमेरिकी रक्षा डील और चीन-पाकिस्तान की सांसें सील



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी। अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन इजराइली ड्रोन है।**

भारत की चारों दिशाओं से सीमाओं को सुरक्षित करने की दृष्टि से एक अच्छी खबर आई है। अमेरिका के साथ 31 एमक्यू -9बी ड्रोन (प्रीडेटर ड्रोन) खरीदने की डील साइन कर ली गई है। वस्तुतः एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन को लेकर भारत-अमेरिका का यह अनुबंध इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए टारगेट को दूर से ही खत्म किया जा सकता है। इस ड्रोन को बनाने वाली कंपनी जनरल एटॉमिक्स, इसके मल्टीटैलेंटेड होने का दावा करती है। उसका कहना है कि जासूसी, सर्विलांस, इन्फॉर्मेशन कलेक्शन के अलावा एयर सपोर्ट बंद करने, राहत-बचाव अभियान और हमला करने के लिए इसका इस्तेमाल हो सकता है। ड्रोन 2177 किलोग्राम का पेलोड अपने साथ ले जा सकते हैं। इनमें लेजर गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक मिसाइल और एंटी शिप मिसाइलें लगी हैं। ये मानवरहित ड्रोन रिमोट से संचालित किए जाते हैं। एक साथ जमीन से लेकर आसमान और समंदर से लॉन्च किए जा सकते हैं। यह एक बार उड़ान भरने के बाद 1900 किलोमीटर क्षेत्र की निगरानी कर सकता है। हालांकि भारत के पास पहले से ही चार ताकतवर ड्रोन मौजूद हैं, किंतु इनसे भारतीय बेड़े में शामिल होने से सेना की ताकत हवा में बहुत बढ़ जाएगी। अभी भारत के पास जो ड्रोन हैं, उनमें स्वार्म ड्रोन की यह खासियत है कि वह छोटे-छोटे ड्रोन्स में एक साथ मिलकर हमले को अंजाम देते हैं। इसी तरह से दूसरा हरोप ड्रोन एक इजराइली ड्रोन है। अभी भारतीय सेना के पास यह 150 से ज्यादा हैं। तीसरा, हेरॉन ड्रोन और चौथा सर्चर भी इजराइली ड्रोन हैं, जिसमें कि भारतीय सेना में हेरॉन ड्रोन की तैनाती लद्दाख क्षेत्र की नगरानी करने के लिए की गई है। वहीं, सर्चर ड्रोन को भारतीय सेना लंबी दूरी की सर्विलांस के लिए इस्तेमाल कर रही है। अब इस नए ड्रोन एमक्यू-9बी के सेना में शामिल होने के बाद भारत की सीमाओं की चौकसी करना और अधिक आसान होगा। इसकी सबसे बड़ी खासियतों में बिना आवाज किए काम करने की है। यह जमीन से 250 मीटर की ऊंचाई पर उड़ सकता है। इसके बाद भी टारगेट को इसकी भनक नहीं लगती। यह 442 किलोमीटर की दूरी पर सिर्फ एक घंटे में पहुंच जाता है। पाकिस्तान-चीन या अन्य किसी सीमा पर ड्रोन को बहुत अधिक ऊंचाई पर उड़ाया जाएगा तो वह भारत की सीमा में रहते हुए भी यह जान लेगा कि उनकी सीमाओं



**भारत एलएसी से लगे एरिया में चीन को भनक लगे बिना उसकी निगरानी करने में और अधिक सक्षम होगा। वहीं, उसे साउथ चाइना सी में चीन की घुसपैठ को रोकने के इस ड्रोन की मदद से बहुत मदद होगी। सीमाओं की चौकसी को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अंत में यही कहना होगा।**

के अंदर क्या चल रहा है। साथ ही ये ड्रोन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस की कैटेगरी में आते हैं यानी कि यह 40 घंटे से अधिक समय तक किसी भी प्रकार के मौसम से प्रभावित हुए बिना उड़ान भर सकते हैं। ड्रोन की रेंज 1850 किलोमीटर तक है । एक तरीके से भारत के हाथ में ये ड्रोन आने के बाद इस्लामाबाद से लेकर पाकिस्तान से ज्यादातर शहर नई दिल्ली की जद में होंगे। यही स्थिति भारत की दूसरी सीमाओं से सटे देशों की है। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर भारत सरकार ने अमेरिका से इसी ड्रोन को खरीदने में अपनी सबसे ज्यादा रुचि क्यों दिखाई जब इस प्रश्न का जवाब खोजने का प्रयत्न किया गया, तब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट की वेबसाइट के अध्ययन से ध्यान में आया कि ये सर्च और रेस्क्यू से लेकर लॉ एनफोर्समेंट, बॉर्डर एनफोर्समेंट, काउंटर अटैक जैसे मिशन के लिए बेहद कारगर साबित होते रहे हैं और हर बार अपने को सिद्ध करते रहे हैं। अमेरिका ने जहां भी इनका प्रयोग किया, इसके जरिए वह जमीन से लेकर हवा तक अपने दुश्मनों को समाप्त करने के बहुत हद तक सफल रहा। साल 2022 में अमेरिका ने अलकायदा के खूंखार आतंकवादी अयमान-अल-जवाहिरी को काबुल में इन्हीं ड्रोन्स के जरिए ही मार गिराया। वह बालकनी में टहलने के लिए निकला तभी उस पर रीपर ड्रोन से दो हेलफायर मिसाइलें दागी गईं। इस तरह से अमेरिका ने 9/11 हमले का बदला ले लिया। इतना ही नहीं अमेरिका ने इस ड्रोन की ताकत को देखते हुए ही इन्हें सोमालिया, यमन और लीबिया में इस्तेमाल किया और अभी भी निगरानी के तौर पर इनका इस्तेमाल पुरी दुनिया में अमेरिका द्वारा किया जा रहा है। वह अमेरिका का रीपर ड्रोन ही था, जिससे अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की निगरानी की और उसे नेवी सील्स द्वारा 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मार गिराने में सफलता हासिल हुई। इस ड्रोन की मारक क्षमता और ताकत को देखते हुए ही मोदी सरकार पिछले एक साल से अमेरिका के पीछे पड़ी थी कि इन्हें भारत को मुहैया कराया जाए। इसके लिए क्वाड समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात भी की थी। इस मुलाकात में भारत की अमेरिका से एमक्यू 9बी प्रिडेटर ड्रोन्स की डील पक्की हुई। इसमें भी एक अच्छी बात अनुबंध के समय यह रही है कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए मोदी सरकार ने सभी निर्णय अपने समर्थन के करवाए। मसलन, डील के अनुसार जनरल एटॉमिक्स कंपनी ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए भारत में केंद्र खोलेगी। समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 15 ड्रोन दिए जाएंगे, जबकि भारतीय वायुसेना और थलसेना को आठ-आठ ड्रोन दिए जाएंगे। इनको भारत की चारों दिशाओं में तैनात किया जाएगा। अब रक्षा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इन मानव रहित विमानों का इस्तेमाल एयरबोर्न अर्ली वार्निंग, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, एंटी-सरफेस वॉरफेयर और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर में किया जा सकता है। निश्चित ही इससे भारत को बहुत ताकत मिलेगी। ये अनुबंध दोनों देशों के रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देगा, जिसमें सैन्य इंटरऑपरेबिलिटी, इंटेलिजेंस-शेयरिंग, स्पेस और साइबर सहयोग शामिल हैं।इसके साथ ही दोनों देशों की सेना खुफिया जानकारी साझा करेगी। इससे सभी क्षेत्रों में भारत की सशस्त्र सेनाओं की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं में वृद्धि होगी।

## एक्सप्रेस कविता

*यहां गिरा हर कोई शाखे सिफर से*
*मैं वाकिफ हूं गुमनामी के कहर से।*
*मोहब्बत का इजहार जोर से कीजै*
*ये इशारा किया है किसी ने उधर से।*
*मिला जब न दीदार का कोई रास्ता*
*मैं मायूस होकर लौटा तेरे शहर से।*

*मेरे हर रास्ते में मोहब्बत है यारों*
*हिमायत मैं चाहूंगा सारे बशर से।*
*तुम कभी अपनी हालत भी तो देखो*
*कब तक रहोगे हमेशा यूं बेखबर से।*
*फकीरी सी आ गई है मुझ में संजीव*
*शायद हुआ तेरी सोहबत के असर से।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*किसी अच्छे इंसान से कोई गलती हो तो सहन कर लो क्योंकि मोती अगर कचरे में भी गिर जाए तो भी कीमती रहता है*



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 13:17 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 13:27 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | हरषाना, 25:37 |
| सूर्योदयः | 06:23 |
| सूर्यास्तः | 17:41 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 10:37-12:02 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:40-12:25 |

## जन एक्सप्रेस

### है घड़ी वो आन !

*टिकट का बंटवारा ।*
*है घड़ी वो आन ।।*
*क्या हो किसके हिस्से ?*
*और कितना सम्मान ।।*
*सिलसिला अब है चलना ।*
*और गुणा-भाग ।।*
*है थोड़ा पकड़ना ।*
*करना भी है त्याग ।।*
*लाभ और हानि का ।*
*है यह सारा खेल ।।*
*पड़ता है चुप रहना ।*
*भले दिखावटी मेल ।।*
*समूह है बनाया ।*
*और किया करार ।।*
*अंदरखाने भले लड़ें ।*
*दिखे बाहर प्यार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है लहसुन



**खाने** में अगर लहसुन का तड़का लगा दिया जाए तो उसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। यह एक ऐसा सुपरफूड है जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। कोई सब्जी बनानी हो या चटनी लहसुन के इस्तेमाल से स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। जिन लोगों को जोड़ों से जुड़ी समस्याएं रहती है उन्हें कच्चा लहसुन खाने और इसका तेल लगाने की सलाह दी जाती है। लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं इसलिए इसके तेल से शरीर की सूजन कम होती है। शरीर में कई चोट आने पर भी लहसुन का तेल लगाना फायदेमंद होता है। कई बीमारियों के इलाज के साथ शरीर की सफाई करने के लिए भी यह फायदेमंद माना जाता है। लहसुन के सेवन से लिवर डिटॉक्स होता है और बॉडी से टॉक्सिन्स भी बाहर आते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं यह हमारे शरीर में किस तरह काम करता है?

**लिवर डिटॉक्स के लिए लहसुन खाना क्यों फायदेमंद है?:** एक्सपर्ट कहती हैं कि डेली डाइट में लहसुन शामिल करने से लिवर डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। लहसुन के अंदर एलिसिन और सेलेनियम नामक दो कंपाउंड पाए जाते हैं। ये कंपाउंड लिवर एंजाइम को एक्टिवेट करने और टॉक्सिन्स को फ्लश आउट करने में मदद करते हैं। इसमें एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण भी होते हैं, जो फुल बॉडी डिटॉक्स में मदद करते हैं। लहसुन को आप कच्चा या पका हुआ किसी भी तरह से सेवन कर सकते हैं।

**लिवर को डिटॉक्स करने में लहसुन किस तरह काम करता है?:** लिवर में एलिसिन कंपाउंड मौजूद होता है जो लिवर हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है। यह कंपाउंड लिवर में फैट्स होने से बचाता है जिससे फैटी लिवर होने का खतरा कम होता है। इससे लिपिड मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और लिवर हेल्थ ठीक रहती है। लहसुन खाने से लिवर डैमेज होने का खतरा कम होता है। यह ऐल्कोहॉलिक और नॉन ऐल्कोहॉलिक लिवर दोनों पर ही काम करता है।

**लिवर डिटॉक्स करने के लिए लहसुन का सेवन कैसे करें?:** लिवर डिटॉक्स करने के लिए आप खाली पेट भूना हुआ लहसुन खा सकते हैं। लहसुन को आप चटनी या सब्जी बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। लहसुन को आप सुबह खाली पेट कच्चा भी खा सकते हैं। खाने में आप लहसुन का पाउडर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तरह से लहसुन लिवर को डिटॉक्स करने में मदद कर सकता है। लेकिन अगर आपको लिवर से जुड़ी कोई भी समस्या है, तो आपको डॉक्टर की सलाह पर इसकी मात्रा निर्धारित कर सकते हैं। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# देश के रेलवे नेटवर्क में क्यों होते हैं सिग्नल फेल



प्रियंका सौरभ

**कवच-संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है। कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है।**

**कवच के कार्यान्वयन के बाद बेंगलुरु-चेन्नई मार्ग पर आपातकालीन प्रतिक्रिया समय कम हो गया है। कवच प्रणाली सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए एक परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करती है। सिग्नलिंग प्रणालियों को आधुनिक बनाकर, टकरावों को रोककर और ट्रेन परिचालन में सुधार करके, कवच उन कई कमियों को दूर कर सकता है जो दुर्घटनाओं में योगदान करती हैं।**

**देश** का रेलवे बुनियादी ढांचा विशालतम होने के साथ बेहद पुराना है। इसके पुराने होने की वजह से भी विभिन्न कमियों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में सिग्नल की विफलता के कारण मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस चेन्नई के पास एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे मजबूत सुरक्षा उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा। दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इस तरह की घटनाएं आधुनिकीकरण की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे के एक लाख किलोमीटर से अधिक फैले देशव्यापी ट्रैक नेटवर्क के जरिये प्रतिदिन करीब ढाई करोड़ यात्री अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। साल 2019-20 की एक सरकारी रेलवे सुरक्षा रिपोर्ट में पाया गया है कि 70 फीसदी रेलवे दुर्घटनाओं के लिए उनका पटरी से उतरना जिम्मेदार रहा। इसके बाद ट्रेन में आग लगने और टक्कर लगने के मामले आते हैं, जो कुल दुर्घटनाओं में क्रमशः 14 और आठ फीसदी के लिए जिम्मेदार हैं। इस रिपोर्ट में साल 2019-20 के दौरान 33 यात्री ट्रेनों और सात मालगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं गिनाई गईं। इनमें से 17 दुर्घटनाएं में ट्रैक में खराबी के कारण हुईं। नौ हादसे ट्रेनों, इंजन, कोच, वैगन में खराबी के कारण हुए। ट्रेनों का पटरी से उतरना रेलवे के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। एक ट्रेन कई कारणों से पटरी से उतर सकती है। ट्रैक का रखरखाव खराब हो सकता है, कोच खराब हो सकते हैं और गाड़ी चलाने में गलती हो सकती है। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए ट्रेन की पटरियों का मरम्मत कार्य होते रहना बहुत जरूरी है। धातु से बनी रेलवे पटरियां गर्मी के महीनों में फैलती हैं और सर्दियों में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सिकुड़ती है। ऐसे में इनके नियमित रखरखाव की जरूरत होती है। जरा-सी लापरवाही बड़े हादसे की वजह बन सकती है। ढीले ट्रैक को कसना, स्लीपर बदलना और अन्य चीजों के अलावा, चिकनाई और समायोजन स्विच। इस तरह का ट्रैक निरीक्षण पैदल, ट्रॉली, लोकोमोटिव और अन्य वाहनों द्वारा किया जाता है। कई वर्ग अभी भी मैन्युअल सिग्नलिंग पर भरोसा करते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि का खतरा बढ़ जाता है, जो दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारक है। 2024 मैसूर-दरभंगा टक्कर सिग्नलिंग विफलता के कारण हुई। ट्रेन को गलत ट्रैक पर ले जाया गया। 2017 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना का कारण ट्रैक की खराब स्थिति को बताया गया था। अत्यधिक काम करने वाले कर्मचारी, विशेष रूप से लोकोमोटिव पायलट, अक्सर तनावपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं, जिससे त्रुटियां होती हैं। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 2021 की रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी सीधे सुरक्षा को प्रभावित करती है। कई भारतीय रेलगाड़ियां पुराने कोचों का उपयोग करती हैं, जिनमें क्रैशवर्थी डिजाइन जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। 2023 की ओडिशा दुर्घटना में पुराने आईसीएफ कोच शामिल थे, जो आधुनिक एलएचबी कोचों की तुलना में कम प्रभाव-प्रतिरोधी थे। मजबूत आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की कमी भी दुर्घटना होने पर क्षति को बढ़ा देती है। 2023 की बालासोर दुर्घटना में मलबा हटाने में छह घंटे से अधिक का समय लगा, जिससे बचाव कार्यों में देरी हुई। इन कमियों को दूर करने में कवच प्रणाली की भूमिका बहुत ही अहम है, कवच प्रणाली लाल सिग्नल पार करने पर ट्रेनों को स्वचालित रूप से रोक देती है, जिससे खतरनाक टकराव को रोका जा सकता है। रेल मंत्रालय ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर कवच लागू किया है। इसके बाद रेल हादसों में कमी आई। कवच यह पता लगाता है कि दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर हैं और टक्कर को रोकने के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगता है। दक्षिण-मध्य रेलवे नेटवर्क पर कवच सुनिश्चित करता है कि ट्रेनें गति सीमा से अधिक न चलें।कवच लोकोमोटिव पायलटों पर कार्यभार कम करता है, मानवीय त्रुटियों को कम करता है। परीक्षणों से पता चला है कि कवच-संरक्षित ट्रेनों का उपयोग करने वाले पायलटों के बीच थकान सम्बंधी त्रुटियों में 50 फीसद की कमी आई है। कवच का एकीकरण कई बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का समाधान करते हुए अधिक डिजिटलीकृत और स्वचालित रेलवे प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देता है। राष्ट्रीय रेल योजना 2030 में कवच को 34,000 किलोमीटर के उच्च-घनत्व वाले मार्गों पर विस्तारित करने की परिकल्पना है।

# अलग-अलग हुई घटनाओं में तीन की मौत, तीन घायल

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। बुधवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।बढ़ते हादसे को लेकर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही हैं। पहली घटना अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर मौत हैदराबाद थाना क्षेत्र में, रोशन नगर मार्ग पर परेली गैस एजेंसी के पास, 70 वर्षीय मलिखान सिंह, जो साइकिल से खेत पर जा रहे थे, को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना में, एक बाइक सवार सास-दामाद को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मारी। इस हादसे में दामाद की मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।दूसरी घटना कंबाइन हार्वेस्टर मशीन से कुचलकर मौत तीसरी घटना उचौलिया थाना क्षेत्र के किरयारी गांव में, 11 वर्षीय नेहाल खां की कंबाइन हार्वेस्टर मशीन से कुचलकर मौत हो गई। घटना के समय नेहाल इब्राहिमपुर से लगभग 500 मीटर पहले चकमार्ग पर जा रहा था। कंबाइन के चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। नेहाल के पिता सकीम खां ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कंबाइन हार्वेस्टर के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मशीन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच जारी है।

अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर पलिया-निघासन मार्ग पर, गांव टेहरा निवासी राम आसरे अपने दोस्त के साथ बाइक पर घर लौट रहे थे,तभी उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले पलिया सीएचसी भेजा गया और बाद में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद लखीमपुर खीरी में बुधवार का दिन हादसों के नाम रहा लगातार तीन वारदात में तीन की मौत हो गई तीन घायल हो गए।

# ऐरा चीनी मिल के तीसरी बार डायरेक्टर चुने गए राम नरेश मिश्रा

- गन्ना विकास समिति ऐरा के अध्यक्ष बने राजू सिंह, उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह निर्विरोध निर्वाचित

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



तहसील धौरहरा क्षेत्र की गन्ना विकास समिति ऐरा में गुरुवार को पुलिस सुरक्षा के बीच तीसरी बार राम नरेश मिश्रा डायरेक्टर के पद पर नामित किया गया।क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें मिठाई व माला फूल पहनाकर शुभकामनाएं दिया हैं धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि राम नरेश मिश्रा सेमरी निवासी बहुत ही निष्ठावान पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं और धौरहरा के गांव सेमरी से आकर जिले की राजनीति करना अपने आप में प्रमाण है अपनी कुशल कार्यशैली व मेहनतकश स्वभाव के चलते राम नरेश मिश्रा तीसरी बार डायरेक्टर चुने गए।धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज का यही संकल्प है की प्रत्येक कार्यकर्ता सक्षम बने जो निष्ठावान कार्यकर्ता है उनको सरकार बराबर सम्मान देने का काम कर रही है तथा उत्तर प्रदेश के अंदर 7 वर्षों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना कर सरकार से ग्राम प्रधान तक सब लोकहित में कार्य कर रहे हैं इसी का नतीजा है कि आज राम नरेश मिश्रा को उत्तर प्रदेश सहकारी गन्ना विकास समिति में तीसरी बार डायरेक्टर पद पर सरकार द्वारा नामित किया गया है।वही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। डायरेक्टर पद पर चुने गए मूडी निवासी राजू सिंह पुत्र रमेश सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए व उपाध्यक्ष पद के लिए हरदासपुर निवासी विजय प्रताप पुत्र तेज प्रताप सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्धारित समयावधि तक कोई अन्य नामांकन पत्र नहीं खरीदा गया। जिसके चलते दोपहर आर ओ शैलेंद्र कुमार ने ऐरा गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष पद पर राजू सिंह व उपाध्यक्ष पद पर विजय प्रताप सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपस्थित डायरेक्टर उत्तरा सिंह, भानु प्रताप सिंह, कमल किशोर सिंह, होशियार बक्श सिंह, सरयू प्रकाश पांडे, संतोष कुमारी, अमरीश भार्गव, शत्रोहन लाल राजपूत, राजकिशोर चौधरी के साथ समर्थक रमेश सिंह, ज्ञानेंद्र वर्मा, अभय प्रताप सिंह, संतोष मिश्रा, राजकुबेर सिंह, खिलाड़ी सिंह, कमलेश भार्गव, गुड्डू सिंह, लाल बहादुर सिंह मौजूद रहे।

## चार पीएचसी और सीएचसी व छह आयुष्मान मंदिर को मिला कायाकल्प अवार्ड

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जिले में दो सीएचसी, चार पीएचसी और छह आयुष्मान मंदिरों को कायाकल्प का अवार्ड मिला है। इसके साथ ही सात अन्य सीएचसी का एक सप्ताह में परीक्षण होना है। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है।साथ ही लखनऊ से दो सदस्यों की टीम ने पहुंचकर तैयारियों को परखा। जिले की फरधान और पलिया सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड मिला है। इसके साथ ही चार पीएचसी कालाआम,मूड़ा गालिब, बिशेनपुरी,ओयल सहित छह आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंबूपुर, खरवहिया, अलीगंज, बैबहा, बबौना और मोतीपुर भी कायाकल्प अवार्ड में चयनित हुए है।

इसके साथ ही जिले की सात अन्य सीएचसी का एक सप्ताह में परीक्षण होना है।

इसको लेकर फरधान सहित तमाम जगहों पर लखनऊ की टीम में शामिल दशरथ भारती और धर्मेन्द्र शर्मा जिला एसीपीए क्वालिटी इश्योरेंस निरीक्षण करने पहुंचे। अनिल यादव ने बताया कि सभी सात सीएचसी अधीक्षको को एक सप्ताह में तैयारी पूरी करने को कहा गया है।

## चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा व प्रशासन के संरक्षण में उनके गुर्गो द्वारा कश्यप समाज के हरदेव बाबा देवीस्थान भूमि पर क़ब्ज़े का प्रयास



जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

हरदेव बाबा देवीस्थान पर कब्जे के चल रहेनगर पालिका के विवाद में आज सपा नेता क्रान्ति कुमार सिंह व कार्तिक तिवारी मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि उक्त विवादित भूमि कश्यप समाज के हरदेव बाबा देवीस्थान की थी जिस पर नगर पालिका के चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा के संरक्षण उनके गुर्गो द्वारा अवैध रूप से प्रशासन की मिलभगत से कब्जा किया रहा है। क्रान्ति कुमार सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 410 जो साबिर अली के नाम पर दर्ज है तथा गाटा संख्या 364 आनन्द गुप्ता के नाम है और उक्त गाटा संख्याए कश्यप समाज के हरदेव बाबा स्थान के नाम पर कश्यप समाज का स्वामित्व है जिस पर कश्यप समाज द्वारा पोल गाड़कर तार खीचकर शान्तिपूर्ण रूप से कश्यप समाज का कब्जा था तथा आनन्द गुप्ता एवं साबिर ने भी उक्त गाटा संख्या वाली भूमि को हरदेव बाबा के नाम पर छोड़ रखी थी। उक्त भू-माफियाओ द्वारा लगभग 10 दिन से करोड़ो की भूमि पर कब्जा करने की नियत पांच लाख का दान देकर मन्दिर बनवाए जाने की बात कही जा रही है। जबकि भू-माफिया उक्त भूमि से करोड़ो रूपयो की कमाई करेगे। क्रान्ति कुमार सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त भूमि का भू-माफियाओ के पास न तो बैनामा है और न ही इकरारनामा है परन्तु यहां का लोकल प्रशासन पैसा लेकर भू-माफियाओ को संरक्षण कर रहा है। उक्त प्रकरण में प्रशासन द्वारा 26 लोगो को पाबन्द किया गया है फिर भी बीती रात उक्त भूमि पर भू-माफियाओ द्वारा निर्माण कराया जाता रहा है हरे पेड़ो को कटवाया गया परन्तु वन विभाग द्वारा भी भू-माफियाओ के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की है अगर कोई किसान एक पेड़ भी बिना परमिट कटवा ले तो पूरा वन विभाग किसान के पीछे पड़ जाता है यहां पूरा बाग भू-माफियाओ द्वारा बिना परमिट काट दिया गया परन्तु विभाग से कोई अधिकारी झाकने तक नहीं आया।

क्रान्ति कुमार ने चेयरमैन पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह खुद को सज्जन दर्शाते है परन्तु यह भू-माफियाओ के सरदार है इनके द्वारा अस्तल मन्दिर की दुकानो तक का किराया भी ट्रस्ट को न देकर स्वयं रखते है यहां तक इनका मकान तक अस्तल मन्दिर की भूमि पर कब्जा कर बनाया है। अगर प्रशासन द्वारा कश्यप समाज के साथ न्याय नहीं किया और भू-माफियाओ के कब्जे से छुड़वाकर कश्यप समाज को सौपी जाये। अगर यह नहीं हुआ था समाजवादी पार्टी कश्यप समाज के साथ धरने पर बैठने को मजबूर होगी।

## सहकारी गन्ना विकास समिति चुनाव

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

सहकारी गन्ना विकास समिति के लिए भारी गहमा गहमी और खींचतान के बीच आशीष कुमार सिंह उर्फ डब्बू की पत्नी बीना सिंह को अध्यक्ष और लंदनपुर ग्रंट की संचालक सीमा वर्मा को को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है।सहकारी गन्ना विकास समिति में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सुबह से ही भारी गहमा गहमी देखी गई। खींचतान भी हुई पर विधायक के चाचा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरी मोंटी के हस्तक्षेप के कारण जिला शाहजहांपुर के ग्राम नरौठा हंसराम निवासी आशीष कुमार सिंह ऊर्फ डब्बू की पत्नी बीना सिंह को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जिससे एक खेमे में कड़ी नाराजगी भी देखी गई। उपाध्यक्ष के पद पर ग्रंट लंदनपुर की संचालक सीमा वर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया है। इनके साथ ग्रंट मुल्तानपुर से राम कुमार, चांदपुर से मुकेश कुमार, ग्रन्ट नंबर 14 में शकुंतला देवी, ग्रन्ट फजलनगर से चरनजीत कौर, ग्रन्ट रामपुर डाटपुर से योगेश कुमार वर्मा, ग्रन्ट लंदनपुर से सीमा वर्मा, ग्रन्ट साहबगंज से अरविंद कुमार सिंह, ग्रन्ट चौरठिया से छगपाल सिंह, गोला गोकर्णनाथ से ब्रजकिशोर और धनसिंहपुर से बीना सिंह संचालक मंडल में शामिल हैं।

# एक दर्जन से अधिक जर्जर हुई सड़कों को दोबारा बनाया जाएगा, स्वीकृत हुई धनराशि

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

### क्षेत्र के विकास के लिए सरकार संकल्पित -आशा मौर्या

विधायक आशा मौर्या ने बताया कि शहर की जर्जर सड़कों को लेकर व्यापारी लगातार शिकायतें कर रहे थे। जिसको लेकर नगर विकास मंत्री को अवगत कराया गया था। मेरे अनुरोध को स्वीकार करते हुए नगर विकास मंत्री द्वारा सड़कों के सम्बंध में स्वीकृति दे दी गई है। क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं के लिए हमेशा संकल्पित हूॅ।

### जनता से किया वादा पूरा कर रहा हूॅ - मो0 अहमद

चेयरमैन मोहम्मद अहमद ने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में जनता से वादा किया था कि शहर की सभी जर्जर सड़कों को बनवाया जाएगा। शहर की सभी जर्जर सडकों के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। सभी ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण और नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिये गये है। किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो कार्रवाई की जायेगी।

जिले के महमूदाबाद कस्बे की जर्जर हो चुकी एक दर्जन से अधिक सड़कों को दोबारा बनाया जाएगा। सड़कों के निर्माण के लिए शासन ने करीब दो करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत कर दी है। जिसमें शहर का मुख्य मार्ग अमीरगंज-रामकुण्ड चैराहा मुख्य मार्ग भी शामिल है। इस मार्ग पर करीब 80 लाख रूपए से बनाया जा रहा है। नगर पालिका ने टेंडर कराते हुए काम भी शुरू करा दिया है। सड़कां का निर्माण होने से आवागमन में नगरवासियों को काफी सुविधा होगी। नगर पालिका क्षेत्र में बीते करीब ढाई वर्ष पूर्व सड़कों पर लेपन का कार्य किया गया था। महज चंद महीने में ही सड़कों की हालत पुनः खराब हो गई। बड़े-बड़े गड्ढों के बीच नागरिकों को आवागमन में काफी समस्या हो रही थी। कई जगह तो सड़कों से डामर ही गायब हो चुका था। महमूदाबाद का सबसे मुख्य अमीरगंज से रामकुण्ड चैराहा मुख्य मार्ग पर नागरिकों के लिये चलना दूभर था। व्यापारिक गतिविधियां सहित बैंक, कई कालेज इस मार्ग पर स्थापित है। ऐतिहासिक श्री संकटा देवी धाम भी इसी मार्ग पर बना हुआ है। नगरवासी कई महीनों से सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। शासन ने नगर पालिका को विभिन्न मार्गो के नवनिर्माण के लिए करीब दो करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। जिसमें रामकुण्ड चैराहा से बजाजा चैराहे तक 18.80 लाख, बजाजा से चिकमण्डी चैराहा तक 14.41 लाख, चिकमण्डी से मां संकटा देवी धाम तक 22.51 लाख तथा मां संकटा देवी धाम से अमीरगंज तक सड़क निर्माण पर 23.27 लाख रूपये खर्च किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त नई बाजार में बस स्टॉप से डा. विनोद के आवास के 16 लाख, बस स्टॉप से बजाजा तक 19.75 लाख, बजाजा से ठठेरी होते हुए सईद के आवास तक 16.52 लाख रूपए, ब्लाक से पॉलीटेक्निक तक 12.47 लाख, रामकुण्ड चैराहे से ब्लाक मुख्यालय तक 11.84 लाख, मोहल्ला कटरा में सलीम हाशमी के मकान से मोतीपुर चैराहे तक 19.52 लाख रूपये खर्च कर सड़कों का नवनिर्माण किया जाएगा।

कय्यूम कोटा के मकान से सलीम हाशमी के मकान तक, सरावगी टोला तक कपूर के आवास के नावेल्टी टेलर तथा चिकमण्डी चैराहे से नावेल्टी टेलर तक भी सड़क का निर्माण किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

सड़कों का निर्माण होने पर विधायक आशा मौर्या, चेयरमैन मोहम्मद अहमद को नगरवासियों धन्यवाद दिया है। ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि धन स्वीकृत हो गया है, जल्द ही सड़कों का निर्माण शुरू होगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सीडीओ ने किया टीएचआर प्लांट का औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने तहसील, ब्लाक मितौली के ग्राम रेवाना में संचालित आदर्श प्रेरणा लघु उद्योग टीएचआर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। स्टॉक सत्यापन में अनियमितता मिलने पर बीएमएम आशीष कुमार दीक्षित का मानदेय बाधित करते हुए विभागीय जांच के निर्देश दिए। स्टॉक रजिस्टर को भी कब्जे में लिया।डीसी एनआरएलएम को प्लांट का ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान डीसी एनआरएलएम जेके मिश्र, डीपीआरओ विशाल सिंह, प्रशिक्षु एसडीएम मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सीडीओ को स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए गिनती कराकर स्टॉक का मिलान कराया। स्टॉक में दाल की बोरियां कम मिली। वहीं तेल के पीपे अधिक मात्रा में पाए गए। पूछने पर बीएमएम कोई संतोषजनक उत्तर ना दे सके। इस पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जताई। सीडीओ ने कहा कि स्टॉक मिलान से स्पष्ट है कि अधिक या कम सामग्री मिलना स्पष्ट रूप से अनियमितता दिखाता है। इस दौरान सीडीओ ने प्लान्ट संचालन और उत्पादन के सम्बन्ध में प्लांट की संचालक दीदीओ से वार्ता की। टीएचआर निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन कर राशन गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने पोषण बनाने वाली मशीन और उसकी प्रक्रिया, अनाज आदि की जानकारी ली। पोषण के मानकों को पूरा रखने का निर्देश दिया। साफ-सफाई व मानकों का ध्यान देने को कहा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | सप्लाई एन्ड एप्लीकेशन ऑफ पेंट्स ऑन कम्पलीट कोच बॉडी (सरफेस प्रिपरेशन, एक्सटेरियर, इंटीरियर, रूफ, अंडर फ्रेम एन्ड इट्स मेंबर्स एन्ड अदर कंपोनेंट्स) पेंटिंग ऑफ एल.एच.बी. कोचेस, विथ अंडर फ्रेम एन्ड इट्स मेंबर एंड अदर कंपोनेंट्स पेंटिंग इन आई.सी.एफ. कोचेस। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 10,95,05,653.00 मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 6,97,500/- मात्र (नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के द्वारा) |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक-28.10.2024 से 11.11.2024 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट- www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2024-ए.एम.वी-सी एंड डब्लू-ई-निविदा-28, दिनांक 16.10.2024
3223/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## बाल्मीकि जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

बाल्मीकि जयंती गुरूवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नई बाजार उत्तरी स्थित भगवान बाल्मीकि मंदिर से बाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित विशाल शोभायात्रा का शुभारम्भ गुरूवार की सुबह क्षेत्रीय विधायक द्वारा किया गया। शोभायात्रा में महार्षि बाल्मीकि के जीवन से जुड़ी आकर्षक झांकियों के साथ बैंडबाजे पर थिरकते युवकों का जुलूस कोतवाली मार्ग से होकर ब्लाक मार्ग से रामकुंड होता हुआ बस स्टेशन से भट्ठा वार्ड स्थित बाल्मीकि मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुआ। बाल्मीकि जयंती पर निकाले गए जुलूस में भगवान राम के अश्व को लव और कुश द्वारा पकड़े जाने की झांकी सहित कई अन्य झांकियों के साथ बैंडबाजों पर थिरकते उत्साही युवक तथा महिलाएं भगवान बाल्मीकि की याद में नारे लगा रहे थे। शोभायात्रा का शुभारम्भ विधायक आशा मौर्या ने किया। इस दौरान अतुल वर्मा, सभासद संघ अध्यक्ष उमेश वर्मा, बाल्मीकि के अध्यक्ष लल्लू, मुरादी, संजय, पिंटू, राजा, पप्पू, मुन्ना आदि लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा के मार्गों की साफ-सफाई तथा चूने का छिड़काव जहां पालिका द्वारा कराया गया वहीं सुरक्षा के लिए सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह पुलिस दलबल के साथ मौजूद रहे। महार्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर मोहल्ला नई बाजार व मोहल्ला भट्ठा स्थित बाल्मीकि मन्दिर पर विभिनन कार्यक्रम आयोजित किया गये।

### निर्विरोध बने डॉ राकेश सिंह सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । भीरा खीरी। सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा के राकेश सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए वही मंजू लता उपाध्यक्ष चुनी गई इस दौरान डायरेक्टर व डेलीगेट और तमाम क्षेत्रवासी गन्ना समिति पर पहुंचे जहां पर नवचयनित अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।कस्बा भीरा में हुए इस सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ है जिसमें समिति के डायरेक्टरों ने डॉक्टर राकेश सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुना है जिसको लेकर समिति के डेलीगेट, डायरेक्ट व क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल है वहीं अध्यक्ष ने कहा की क्षेत्र के सभी किसानों का ध्यान रखा जाएगा और जो भी समस्याएं होगी उनका विधिवत निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह एडवोकेट, डेलीगेट अनुज गुप्ता उर्फ अक्कू,विमल कुमार, दिनेश दिवाकर, अरविन्द सिंह, सुबोध कुमार, कौशल कुमार, लव सिंह, आकाश गिरी प्रधान, सतीश सिंह एडवोकेट।

## जिले की छह गन्ना समितियों पर भाजपा ने फहराया ध्वज, विजयी प्रतिनिधियों को किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिले की 6 गन्ना समितियों सीतापुर, महोली, कमलापुर, हरगांव, बिसवां, रामगढ़ गन्ना समिति अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं जिले में गन्ना समिति के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली अपार जीत के बाद जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्षो डायरेक्टरो व डेलीगेट्सो का सम्मान समारोह किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि आज किसानों के लिए सबसे अहम कड़ी गन्ना समिति के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का निर्विरोध चुना जाना एक ऐतिहासिक समय है और इस विजय पर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता व किसान गौरवान्वित है उन्होंने बताया कि यह कार्यकाल किसानों के लिए गौरव की ऐतिहासिक गाथालिखेगा जिला अध्यक्ष ने सीतापुर गन्ना समिति से अनुपमा सिंह महोली गन्ना समिति से गुड़िया सिंह रामगढ़ से रामगोपाल अवस्थी कमलापुर से गीता सिंह हरगांव से शांति मिश्रा एवं बिसवां से जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला की विजय पर सभी को बधाई दी एवं अध्यक्षों अथवा उनके प्रतिनिधियों को जिला कार्यालय पर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर बिसवां विधायक निर्मल वर्मा द्वारा विजयी प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी गई एवं उन्होंने बताया कि किसानों के हित में भारतीय जनता पार्टी निरंतर कार्य कर रही है और इस कार्यकाल में किसानों का स्वर्णिम समय रहेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी क्षेत्रीय संयोजक गन्ना समिति चुनाव विजय सिंह क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया है

### बाल्मीकि जयंती के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के सभी प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा में भारत माता व राम जन्म भूमि की योगी आदित्यनाथ, भारत के सभी प्रमुख मंदिरों के वर्णन की सजीव झांकियो को दर्शाते हुए झांकी का सजीव चित्रण किया गया। नगर में रोड स्थित प्रसिद्ध वाल्मीकि मंदिर से झांकी का आयोजन किया गया।इससे पहले रामायण पाठ सुंदर कांड पाठ के आयोजन के समापन के पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई। वही गोला अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगर पालिका गेट पर भव्य स्वागत किया।इसके साथ नगर के मिल रोड पर व्यापारी नेता पारस प्रसाद मिश्र के प्रतिष्ठान पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया जिसमें नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेऔर प्रसाद के रूप में केले वितरण किए गए।नगर में समाजसेवियो एवं जन प्रतिनिधियों ने कई जगह भंडारे व जल के भंडारे आदि के आयोजन किये। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजकरण वाल्मीकि महामंत्री गोविंद कुमार कोषाध्यक्ष अजय महाजन उपकोषध्यक्ष महेश आजाद सहित वाल्मीकि समाज उपस्थित रहां।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला पोषण समिति की बैठक में ब्लॉकों के चिकित्सा अधीक्षक एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में हुई जिला पोषण समिति की बैठक में समस्त ब्लॉकों के चिकित्सा अधीक्षक एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी महोदय ने समस्त चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्टीडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर, वजन मशीन आदि खराब है, उनको जेएस फंड से खरीदवाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में लहरपुर के चिकित्सा अधीक्षक की तारीफ की गई, जिन्होंने अपने जेएस फंड से कई स्टीडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर एवं वजन मशीन है आदि खरीदवा दीं। हॉट कुक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त केन्द्रों पर हॉटकुक अवश्य बने तथा सुपोषण में निर्देशित किया गया कि समस्त कुपोषित बच्चों के यहां आंगनबाड़ी होम विजिट लगातार करें ताकि उनके कुपोषण में सुधार हो तथा किसी बच्चे का सुधार हुआ है, उसकी माह बार सूचना भी उपलब्ध कराए। साथ ही निर्माण अधीन भावनाओं के संबंध में भी कहा गया कि उनके सीडीपीओ नियमित विजिट करते रहें ताकि उसकी गुणवत्ता सही रहे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, आईएएस नितिन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम से मिला बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित किसानों का प्रतिनिधिमंडल

# 22 से क्रमिक अनशन शुरू करने हेतु सौंपा पत्रक

- किसान संगठनों को मिला समाजवादी पार्टी का साथ, सत्ताधारी नेताओं में मची खलबली

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



बाईपास सड़क निर्माण हेतु अधिगृहीत भूमि के मुआवजे में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही मनमानी और सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को लेकर आक्रोशित किसानों एवं भारतीय किसान यूनियन व भूमि बचाओ संघर्ष समिति का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को पत्रक सौंपा। किसान नेताओं ने कहा कि एनएच 727ए देवरिया बाईपास से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में 20 अगस्त को डीएम कार्यालय पर महापंचायत हुई, इसके बाद एनएच 727ए देवरिया बाईपास, एनएच 727बी सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू के प्रदेश महासचिव पण्डित सतीश चन्द्र ओझा, पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप चौधरी के नेतृत्व में 23 सितम्बर को पुनः डीएम कार्यालय पर हजारों किसानों एवं महिलाओं के साथ विशाल महापंचायत किया गया जिसमें डीएम साहिबा द्वारा किसान प्रतिनिधियों से वार्ता कर 15 दिन का समय लिया गया मगर 15 दिनों का समय बीतने पर भी शासन द्वारा किसानों की मांगो को मानने से इन्कार कर दिया गया जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं। किसान संगठनों को समाजवादी पार्टी का समर्थन मिलने से सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों में खलबली मचा दी है।

बाईपास सड़क निर्माण में प्रभावित किसानों द्वारा 22 अक्टूबर से जनपद में दो स्थान सुनिश्चित किया गया। पड़री रेलवे ढाला के पास पड़री चौराहा और बैतालपुर बरारी मोड़ तिराहे पर धरना व क्रमिक अनशन करने की चेतावनी जिला प्रशासन को दी गई है।

पत्रक में कहा गया है कि 727क्र सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की 20 अक्टूबर को सिसवा पांडेय में 10 बजे से भारतीय किसान यूनियन एवं किसान बचाओ संघर्ष समिति सलेमपुर की संयुक्त होने वाले बैठक में धरना/क्रमिक अनशन का जगह चुने जाने की बात कही गई है।पत्रक देने वालों मे भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार, भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता सुग्रीव मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार सिंह, भाकियू जिला कोषाध्यक्ष चन्द्रदेव सिंह, अजय मणि त्रिपाठी, राजेश प्रताप सिंह, संजय मणि, राम जन्म यादव, राम सूरत सिंह, अमित गुप्ता, लालमन यादव, लाल प्रताप सिंह, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

#### बैतालपुर में किसानों की बैठक कल

NH 727 से प्रभावित बैतालपुर क्षेत्र के एक दर्जन प्रभावित गांवो के किसानों की बैठक कल दिनांक 18 अक्टूबर को बैतालपुर सब्जी मंडी में पंचमुखी हनुमान जी के मन्दिर पर सुबह 7 बजे से बुलाई गई है जिसमे बैतालपुर बरारी मोड़ तिराहे पर 22 अक्टूबर दिन मंगलवार से शुरू होने वाले धरना/क्रमिक अनशन को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया जाएगा।

#### समाजवादी पार्टी ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, दिया आंदोलन करने की चेतावनी

जिला प्रशासन व शासन द्वारा किसान हित पर किए जा रहे कुठाराघात से किसान संगठनों ने समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष व्यास यादव को पत्रक सौंपते हुए धरना प्रदर्शन में सहयोग करने एवं सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवगत कराने की अपील किया।सपा जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्यायों का संज्ञान लेते हुए पार्टी नेताओं संग मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी को सौंपते हुए मांग किया कि यदि 25 अक्टूबर 2024 तक बाईपास सड़क निर्माण में प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने का निर्णय शासन द्वारा सुनिश्चित नहीं किया गया तो 28 अक्टूबर 2024 को समाजवादी पार्टी किसान हित में जिलाधिकारी कार्यालय पर आंदोलन करने को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# रखरखाव के अभाव में जर्जर हुआ कैम्पियरगंज तहसील भवन

- वादकारी भवन में बना शौचालय गन्दगी से पटा एवं दरवाजा विहीन होने से है निष्प्रयोज्य, सबसे अधिक महिला वादकारियों को होती हैं परेशानी

**जन एक्सप्रेस । कैम्पियरगंज, गोरखपुर**



तहसील भवन का निर्माण करीब 25 वर्ष पूर्व हुआ, तहसील का प्रशासनिक एवं राजस्व कार्य तो शुरू हो गया लेकिन तहसील भवन का उचित रखरखाव समय-समय पर नहीं होने से भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है और तहसील भवन के ऊपर चारों तरफ पेड़ पौधे व झाड़ झंखाड उग आए हैं। भवन की बाहरी दीवारों पर दरारें आ गयी तो वहीं कुछ दीवारों के बाहरी पर्त भी गिरने लगें हैं। हलांकि उक्त भवन में एसडीएम एवं तहसीलदार का न्यायालय तथा प्रशासनिक कार्यालय भी स्थित है जिसमें कार्य शुचारु ढंग से चल रहा है लेकिन मरम्मत कार्य पर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है। जबकि समय-समय पर भवनों एवं कार्यालयों का निरीक्षण कागजों में तो होता ही है लेकिन उस निरीक्षण में भवनों में उगे हुए झाड़ झंखार जस के तस बने रहते हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह तहसील में सफाईकर्मियों का न होना भी है। लोगों का कहना है कि कभी कभार उधार के सफाईकर्मियों के द्वारा फ्रंट आवागमन मार्ग पर झाड़ू बहारु कर सफाई के नाम पर खानापूर्ति होती रहती है। हाल में तहसील भवन के निर्माण कार्य के मलवा तो तहसील भवन के चारों ओर बाहरी छत पर घूरे के तौर पर गाज दिया गया है जिससे भवन में रिसाव होकर बरामदे की छतों से पानी टपकने लगा है। बरामदे में बैठे अधिवक्ताओं को पानी टपकने से परेशानी का सामना करना पड़ता है कई बार प्रभावित अधिवक्ताओं ने जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई लेकिन उनके इस शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यहां तक वादकारियों के लिए साफ़ सुथरा शौचालय भी नहीं रह गया है एसडीएम एवं तहसीलदार के मध्य आंगन बरामदे में पहले से मौजूद शौचालय भी गन्दगी से पटा एवं दरवाजा विहीन होने से निष्प्रयोज्य हो चुका है।अगर तहसील भवन के रख-रखाव का यही हाल रहा तो जल्द ही तहसील भवन खण्डहर में तब्दील हो जायेगी और करोड़ों की लागत से बना भवन निष्प्रयोज्य हो जायेगा।

# सीएम सीटी में स्कूल स्टूडेंट्स ने डीएम कार्यालय का किया घेराव

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर के राजकीय स्पर्श इंटर कॉलेज के तीन कुशल अध्यापकों के तबादले के खिलाफ स्टूडेंट्स ने गुरुवार को डीएम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इन अध्यापकों के जाने से नाराज़ स्टूडेंट्स का कहना है कि यह कदम उनकी पढ़ाई और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालेगा।

सुबह होते ही, सैकड़ों की संख्या में स्टूडेंट्स ने डीएम कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। छात्रों ने स्पष्ट किया कि इन अध्यापकों के ट्रांसफर से न केवल उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि स्कूल का संपूर्ण शैक्षणिक माहौल भी बिगड़ जाएगा।

छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। इसके बावजूद, स्टूडेंट्स अपनी मांगों को लेकर अडिग रहे और कहा कि वे तब तक प्रदर्शन करते रहेंगे जब तक उनके अध्यापकों की वापसी का फैसला नहीं लिया जाता।

प्रदर्शन के दौरान, स्टूडेंट्स ने स्कूल में पहले से ही मौजूद व्यवस्थाओं की खामियों को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा का स्तर पहले से ही गिरावट का सामना कर रहा है, और अगर अनुभवी अध्यापक भी चले गए, तो स्थिति और बिगड़ जाएगी।

प्रिंसिपल और अध्यापक कर रहे हैं समझाने की कोशिश राजकीय स्पर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लक्ष्मी शंकर जायसवाल और अन्य अध्यापक लगातार स्टूडेंट्स को समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन स्टूडेंट्स अपनी मांगों पर दृढ़ रहे। वे चाहते थे कि केवल आश्वासन के बजाय ठोस कार्रवाई की जाए ताकि उनकी चिंताओं का समाधान हो सके।

### पीएसी जवानों ने रेस्क्यू कर बचायी युवक की जान

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर बाढ़ राहत दल के अलग-अलग प्लाटून गोरखपुर मंडल के विभिन्न बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में वर्षा ऋतु/नदियों के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए निरंतर ड्यूटी में तैनात हैं। मूर्ति विसर्जन ड्यूटी हेतु एक सेक्शन मुख्य आरक्षी राजेंद्र वर्मा के हमराह घाघरा नदी भागलपुर में ड्यूटी सम्पादित कर रहे थे की आरक्षी श्यामेश्वर द्वारा देखा गया की एक व्यक्ति नदी में डूब रहा था जिसके बचाव हेतु तत्काल आरक्षी सतीस राय, श्यामेश्वर, अभय यादव, मिंटू कुमार ने नदी में छलांग लगाकर डूबते हुए जयराम को बाहर निकाल कर 30 मिनट तक लगातार ष्ब्क्ष्क्र व प्राथमिक उपचार देकर होश में लाया गया फिर कुशलता पुछकर कर परिवार के परिवार के सुपुर्द किया गया। बाढ़ राहत दल 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के कर्मियों की मूर्ति विसर्जन के दौरान वहाँ उपस्थित आम जन द्वारा प्रशंसा की गई, सेनानायक आनन्द कुमार आईपीएस ने कर्मियों से मिलकर उन्हें बधाई दी।

# प्रसव के चार दिन बाद नवजात शिशु की मौत, परिजनों ने किया हंगामा, डॉक्टर ने परिजनों से 46 हजार रूपए मांगा

- मौके पर पहुंची पुलिस मामला मैनेज करने का किया खेल शुरू

**जन एक्सप्रेस । तमकुही राज, कुशीनगर**



स्थानीय नगर में झोलाछाप डॉक्टरो के द्वारा बड़े-बड़े हॉस्पिटल खोलकर महिलाओं का दवा इलाज किया जा रहा है प्रसव पीड़ा के नाम पर तुरंत कोई भी डॉक्टर बिना जांच कराए ही भर्ती कर ले रहा है तथा परिजनों को सलाह दे रहा है कि महिला का ऑपरेशन करना पड़ेगा हालात सीरियस है परिजन घबरा करके डॉक्टर की सारी बातों को मान रहे हैं। आए दिन किसी न किसी हॉस्पिटल में जच्चा बच्चा की मौत अथवा नवजात शिशु की मौत होती रहती है अस्पताल कई बार यहां सील भी हुए हैं परंतु चिकित्सा प्रभारी के कृपा पात्र से पुनः अस्पताल बहाल हो जाते हैं और दवा इलाज उसी स्थिति में शुरू हो जाती है। परंतु प्रशासनिक स्तर पर उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण तमकुही राज में महिला अस्पतालों की भरमार लगी हुई है।

बृहस्पतिवार के दिन सायं काल समउर तमकुही मार्ग पर स्थित अनामिका हॉस्पिटल में चार दिन पहले तमकुही थाना क्षेत्र के डूभा ग्राम निवासी गयासुद्दीन उर्फ भुवर की औरत को प्रसव पीड़ा होने लगी गयासुद्दीन बाहर रहता है। गांव के लोगों से अपील किया कि किसी अस्पताल में भर्ती करवा कर इलाज करवा दें जो पैसा खर्च होगा हम देने के लिए तैयार हैं गांव के लोगों ने तीन दिन पहले अनामिका हॉस्पिटल में प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को भर्ती करवा दिया बच्चा ऑपरेशन से पैदा हुआ बच्चों को सांस की दिक्कत आने लगी डॉक्टर ने आईसीयू में भर्ती करवाने के लिए परिजनों से 46000 की मांग की परिजन नहीं दे सके इसके बाद गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गोरखपुर ले जाते समय नवजात शिशु ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया उसके बाद बृहस्पतिवार के दिन सायं काल महिला अस्पताल से बाहर निकाल कर सड़क पर चिल्लाने लगी आसपास तथा गांव नगर के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई डॉक्टर अस्पताल छोड़कर सब भाग गए लोगों की सूचना पर स्थानीय थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचकर भीण को नियंत्रित किया तथा डॉक्टर को फोन करके तुरंत आने को कहा समाचार लिखे जाने तक अस्पताल पर भारी पुलिस फोर्स जमी हुई है। कोई सरकारी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंच पाया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोगों की मध्यस्थता के कारण मैनेज का खेल जारी है। कोई अभियोग पंजीकृत नहीं हुआ है बच्चों का शव एवं पीड़ित महिला अस्पताल में ही पड़े हुए हैं बाहर पुलिस जमी हुई है कोई सरकारी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचा है तमकुही राज में जिंदगी और मौत के सौदागर बैठे हुए हैं जनता के साथ घोर अन्याय का समाचार मिला है।

# जिलाधिकारी ने मनरेगा कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा विकासखंड पडरौना के ग्राम सभा नरसर में मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे सिल्ट सफाई कार्यों, सिंचाई नाली निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम सभा में तीन स्थलों पर सिंचाई नाली व सिल्ट सफाई का कार्य करते हुए कर्मकार पाए गए। प्रत्येक स्थलों पर जिलाधिकारी द्वारा कार्य कर रहे मजदूरों से मानव दिवस सृजन तथा अब तक पूर्व में किए गए कार्यों के बारे में संवाद कर जानकारी ली।



#### जिलाधिकारी ने एक एक बिंदुओं की ली जानकारी

जिलाधिकारी ने उपस्थित उपायुक्त मनरेगा तथा तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक से कार्य प्रारंभ की तिथि, लगाए गए कर्मकारों की संख्या के सापेक्ष निर्धारित अवधि के अनुरूप कार्य प्रगति, लगाए गए कुल मजदूरों की संख्या, सिंचाई नाली की लंबाई, गहराई, चौड़ाई के बारे में जानकारी ली। इस दौरान तकनीकी सहायक द्वारा बताया गया कि कुल तीन स्थानों पर सिल्ट सफाई व सिंचाई नाली का निर्माण कार्य इस ग्राम सभा में कराया जा रहा है, प्रत्येक की लंबाई लगभग 400 से 500 मी है, प्रत्येक स्थलों पर 30-30 की संख्या में मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराया गया है । जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान से मनरेगा के अंतर्गत अन्य कार्यों तथा डिमांड के सापेक्ष लगाया गया मजदूरों की संख्या, एस.सी. कर्मकारों की संख्या के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें निर्देशित किया कि सभी मजदूरों को बराबर निश्चित अंतराल दूरी पर निश्चित कार्य करने हेतु भलीभातीं अवगत कराए तथा निकली हुई मिट्टी से सड़क लेवलिंग का कार्य व दुरमुट से बराबर भी करें। सभी सिंचाई नालियों को कोलावा पॉइंट से उचित प्रकार से कनेक्ट करें तथा मिट्टी काटने का कार्य पुरुष से व ढुलाई का कार्य महिलाओं से कुशलता के आधार पर संपन्न कराए। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तहसील तमकुहीराज के अंतिम चौकी बहादुरपुर तथा पास में लगे चेक गेट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बहादुरपुर चौकी में तैनात कार्मिकों की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए बॉर्डर पर अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।

#### तहसील के विभिन्न कार्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी द्वारा तहसील तमकुहीराज के विभिन्न कार्यालयों यथा आर. के. अधिष्ठान कार्यालय, मतदाता पंजीकरण केंद्र कार्यालय, संग्रह अमीन कार्यालय आदि का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आर. के. अधिष्ठान कार्यालय में रखे राजस्व प्रपत्रों एवं नामांतरण बही आर 6, विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दर्ज वादों की पत्रावलियों, दाखिल खारिज के लंबित प्रकरणों का निरीक्षण किया। आर के कार्यालय में राजस्व अभिलेखों व प्रपत्रों के उचित रख रखाव , वरासत के मामलों को आर 6 से कंप्यूटर पर दर्ज करने, राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करने, तथा समस्त कार्यालयों में और बेहतर साफ सफाई रखने एवं अनावश्यक व निष्प्रयोज्य वस्तुओं की नीलामी कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी तमकुहीराज एवं तहसीलदार तमकुहीराज को दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तमकुहीराज विकास चंद्र, तहसीलदार तमकुहीराज चंदन शर्मा, नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा , आर के कार्यालय के कानूनगो, लेखपाल, डीसी मनरेगा राकेश, तकनीकी सहायक पवन सिंह, ग्राम प्रधान नरसर बाबूलाल गुप्ता तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित है।

# उत्तर भारत की पहली फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी खोलने की कवायद तेज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गोरखपुर वन प्रभाग के हिस्से एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज होने वाली है। दुनिया का पहला राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र खोलने वाले इस वन प्रभाग के अंतर्गत ही उत्तर भारत का पहला और पूरे देश का दूसरा वानिकी विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी) खुलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब एक माह पूर्व ही इसकी घोषणा कर चुके हैं। विश्वविद्यालय स्थापना के लिए कवायद तेज करते हुए गोरखपुर वन प्रभाग ने जटायु संरक्षण केंद्र के समीप ही 50 हेक्टेयर भूमि भी चिह्नित कर ली है। विलुप्त हो रहे राजगिद्धों (रेड हेडेड वल्चर) के संरक्षण और संवर्धन के लिए दुनिया का पहला जटायु संरक्षण व संवर्धन केंद्र गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज (भारीवैसी) में बनाया गया है। 6 सितंबर को इसके लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर वन प्रभाग में फॉरेस्ट्री कॉलेज (वानिकी महाविद्यालय) बनाने की घोषणा की थी। बाद में इसे लेकर अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने फॉरेस्ट्री कॉलेज की बजाय फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी सिटी बनाने की मंशा जाहिर की। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं।

फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी में चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमों को डिजाइन करने के साथ ही यूनिवर्सिटी बनाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी गई। कुछ जमीनों को देखने के बाद गोरखपुर वन प्रभाग ने जटायु संरक्षण केंद्र के समीप 50 हेक्टेयर भूमि को फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी बनाने के लिए प्रथम दृष्टया उपयुक्त पाया है। चूंकि भौगोलिक रूप से यह जमीन महराजगंज जिले में है इसलिए इसे फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी के नाम आवंटन हेतु गोरखपुर वन प्रभाग ने शासन से पत्राचार किया है।

गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) विकास यादव का कहना है कि फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करने के साथ ही यहां चलने वाले पाठ्यक्रमों का ड्राफ्ट भी तैयार कराया जा रहा है। इसके लिए टेक्निकल एक्सपर्ट की कमेटी बनाई गई है। डीएफओ बताते हैं कि फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी में वानिकी के अलावा कृषि वानिकी और सामाजिक वानिकी के भी डिग्री और डिप्लोमा कोर्स संचालित कराने की योजना है ताकि बड़ी संख्या में युवाओं के सामने नौकरी और रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हो सकें।

# इंडो-नेपाल सीमा पर श्रीलंकाई नागरिक अवैध रूप से घुसपैठ करते गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । नौतनवा/महराजगंज**




इंडो नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली में दिन बुधवार को सुरक्षा एजेंसियों ने अवैध रूप से घुसपैठ कर रहे श्रीलंकाई को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी से सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों ने पूछताछ के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु पुलिस को सुपुर्द कर दिया। दिन बुधवार को आव्रजन अधिकारी संतोष कुमार व रामनारायण आव्रजन कार्यालय सोनौली थाना सोनौली द्वारा मुख्य गेट पर जांच के दौरान अवैध रूप से घुसपैठ कर रहे थोराया कुरुनेगला निवासी श्रीलंका को गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा अपनी पहचान गुप्त रखते हुए कूटरचित एवं अवैध रूप से भारतीय पासपोर्ट एवं वोटर कार्ड हासिल कर व पहचान छुपाकर दो देशों का पासपोर्ट का प्रयोग यात्रा आदि हेतु किया जा रहा था। साथ ही अनाधिकृत तरीके से भारतीय सीमा में प्रवेश किया जा रहा था। इसी दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने दबोच लिया। इस बाबत थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया आरोपी के विरुद्ध 318, 319, 338,336(3),340(2) ङ्खह्न्स् व 14 (ब्) विदेशी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय रवाना किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

### प्रबुद्धजनों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष सदस्यता अभियान के दौरान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने विधानसभा रामपुर कारखाना के चारों मण्डल बरियारपुर, रामपुर कारखाना, भटनी तथा बैकुंठपुर में भ्रमण कर सदस्यता अभियान को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया और प्रबुद्धजनों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई । उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के इस चरण में पार्टी ने अधिक से अधिक प्रबुद्धजनों को सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा है । पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों से संपर्क करके उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं, हमे पूरा विश्वास है कि सदस्यता अभियान में देवरिया जनपद का विशेष स्थान होगा।

**जांच** | गोरखपुर के एम्स में खुलेगी एपेक्स लैब स्वास्थ्य विभाग में दी मंजूरी

# डेंगू और चिकनगुनिया की पहचान करना होगा आसान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर (एम्स) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग को डेंगू और चिकनगुनिया के नियंत्रण और रोकथाम के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एम्स गोरखपुर को प्रदेश की तीसरी एपेक्स लैब की मंजूरी मिली है।




#### प्रमुख संस्थानों से होगा सहयोग

यह लैब एसजीपीजीआई और केजीएमयू जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगी, जिससे डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों पर शोध और रोकथाम के प्रयासों को नई दिशा मिलेगी। पूर्वांचल में स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से यह एक अहम पहल है, जिससे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

#### डेंगू-चिकनगुनिया की जांच में मिलेगा फ़ायदा

एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह ने इस उपलब्धि को मील का पत्थर बताते हुए माइक्रोबायोलॉजी विभाग की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक लैब से पूर्वांचल के लोगों को अब डेंगू और चिकनगुनिया जैसे घातक रोगों की सभी प्रकार की जांच की सुविधा मिलेगी। यहां मॉलिक्यूलर जांच, वायरस के स्ट्रेन की पहचान, डेंगू और चिकनगुनिया के म्यूटेशन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की जा सकेंगी। इससे पहले यह सुविधाएं केवल लखनऊ के केजीएमयू और एसजीपीजीआई संस्थानों तक सीमित थीं।

#### पूर्वांचल में डेंगू-चिकनगुनिया के खिलाफ जंग में नया हथियार

यह लैब पूर्वांचल में डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए एक बड़ा कदम साबित होगी। हर साल हजारों लोग इस बीमारी से पीड़ित होते हैं, लेकिन वायरस के सही स्ट्रेन और म्यूटेशन की जानकारी के अभाव में इसका प्रभावी इलाज नहीं हो पाता था। एम्स गोरखपुर में स्थापित होने वाली इस एपेक्स लैब के जरिए अब न केवल बीमारी का सही समय पर पता चल सकेगा, बल्कि इसके म्यूटेशन और वायरस लोड की भी जानकारी मिलेगी, जिससे समय रहते उपचार को और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# 'प्रदोष व्यापिनी अमावस्या दो दिन होने से अगले दिन वाली अमावस्या को लक्ष्मीपूजन शास्त्र सम्मत'


## पितृकार्यों से पहले देव कार्य होते हैं निषेध, संशय रहित शास्त्रोक्त विधान से 01 नवंबर को मनाएं दीपोत्सव महापर्वः स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष प्रदोष व्यापिनी अमावस्या को प्रतिवर्ष प्रकाश का महापर्व दीपावली मनायी जाती है। अन्य पर्वो की भांति दीपावली की तिथि भी इस बार असमंजस में बनी हुई है। इस बार कार्तिक कृष्ण अमावस्या तिथि 31 अक्टूबर गुरुवार को सांय 03:52 मिनट से प्रारंभ हो रही है जो कि 01 नवंबर शुक्रवार को सांय 06:16 मिनट तक रहेगी। इस स्थिति में अमावस्या तिथि दो दिन प्रदोष काल (यानि सूर्यास्त (05:32सायं)के बाद लगभग 44 मिनट का समय) में व्याप्त हो रही है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख एवं ज्योतिषाचार्य स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार धर्मशास्त्र का स्पष्ट निर्देश है कि यदि दो दिन अमावस्या प्रदोष व्यापिनी हो तो अगले दिन वाली अमावस्या में ही दीपावली का पर्व मनाया जाना शास्त्रसम्मत है।

इस बात का तर्क देते हुए उन्होंने पितृ कार्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि शास्त्रों के अनुसार किसी भी देवकार्य से पूर्व पितृ कार्य करने का विधान है,पितृ देव पूजन से तात्पर्य है प्रातः काल में अभ्यंग स्नान, देव पूजन और अपरान्ह में पार्वण कर्म, यदि दीपावली एक दिन पूर्व मनाई जाए तो यह सभी कार्य लक्ष्मी पूजन के बाद



होंगे जो कि शास्त्रीय पद्धति से विमुख हैं।अतः बिना किसी संशय के 01 नवंबर शुक्रवार को ही दीपावली पर्व मनाया जाएगा।

एक अन्य ग्रन्थ निर्णय सिंधु का तर्क देते हुए स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि निर्णय सिंधु प्रथम परिच्छेद के पृष्ठ 26 के अनुसार किसी तिथि के दो दिन कर्मकाल में विद्यमान होने पर युग्मानुसार निर्णय करना चाहिए।इस हेतु अमावस्या प्रतिपदा का युग्म शुभ माना गया है। अर्थात् अमावस्या को प्रतिपदा युता ग्रहण करना महाफलदायी होता है। वहीं उल्टा होने पर अर्थात पहले दिन चतुर्दशी युता अमावस्या ग्रहण की जाए तो महादोष लगता है जो कि पूर्व में किये पुण्यों को नष्ट करता है।

1. निर्णय सिंधु के द्वितीय परिच्छेद के पृष्ठ 300 के अनुसारः- **दण्डैक रजनी योगे दर्शः स्यात्तु परेऽहनि। तदा विहाय पूर्वे परेऽहनि सुख्खरात्रिकाः**

अर्थात् अमावस्या दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी होवे तो अगली करना चाहिए क्योंकि एक घड़ी रात्रि का योग होवे तो अमावस्या दूसरे दिन होती है, तब प्रथम दिन छोड़कर अगले दिन सुखरात्रि होती है।

2. तिथि निर्णय का कथन उल्लेखनीय है कि **इयं प्रदोष व्यापनि ग्राह्या,दिन द्वये सत्वाऽसत्वे परा** अर्थात्- अमावस्या दोनों दिन प्रदोष को स्पर्श न करें तो दूसरे दिन ही लक्ष्मी पूजन करना चाहिए। अर्थात अमावस्या दोनों दिन प्रदोष को स्पर्श करें तो लक्ष्मी पूजन दूसरे दिन ही करना चाहिए।

# पिकअप की जोरदार टक्कर से बुजुर्ग की मौत, किशोर गम्भीर घायल

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



यमुनानगर के अन्तर्गत मेजा थाना क्षेत्र के सिकटी गांव निवासी ने अपने घर से बाजार जा रहे बुजुर्ग को अनियंत्रित पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। भागने के चक्कर में पिकअप चालक ने सड़क किनारे पैदल चल रहे किशोर को भी अपनी चपेट में ले लिया। पिकअप की टक्कर लगने से घायल बुजर्ग की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।जबकि घायल किशोर का इलाज अस्पताल में चल रहा है। किशोर की हालत गम्भीर बनी हुई है। मिली जानकारी अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के सिकटी गांव निवासी 60 वर्षीय चन्द्रबली कनौजिया गुरुवार को सुबह किसी काम से साइकिल पर सवार होकर रामनगर बाजार जा रहे थे। जैसे ही बुजुर्ग चन्द्रबली रामनगर खदरहन का पूरा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने पहुंचे सामने से आ रही अनियंत्रित पिकअप वाहन ने पैदल चल रहे दक्ष मिश्र 14 वर्ष को टक्कर मारते हुए ई रिक्शा से भिड़न्त के बाद बुजुर्ग को रौदते हुए आगे निकल गई। जिसमें बुजुर्ग चन्द्रबली गम्भीर रूप से घायल हो गए और किशोर दक्ष का दाहिना हाथ कन्धे से टूट गया।घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों ने घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर पहुंचाया।

जहां पर इलाज के दौरान घायलों की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही बुजुर्ग चन्द्रबली की मौत हो गई।मौत के बाद जब शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होते ही सिरसा चौकी प्रभारी अंकित तिवारी पुलिस टीम के साथ मृतक घर पहुंचे और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए जनपद प्रयागराज भेज दिया।वही घायल किशोर दक्ष मिश्र का एक नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां पर हालत गम्भीर बनी हुई है।घटना के बारे में प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना था कि टक्कर मारने वाली पिकअप वाहन पर अंकित मेल लिखा हुआ था।जिसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम ने जांच पड़ताल में जुट गई।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जायेंगी समस्त निर्वाचन प्रक्रिया : जिलाधिकारी

- भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों का होगा अनुपालन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 277- कटेहरी विधानसभा के निर्वाचन की घोषणा के उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र कटेहरी के उप निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी हो गया है 18 अक्टूबर से नाम नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 25 अक्टूबर तक चलेगी, नाम निर्देशन की जांच का 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर को होगी मतदान 13 नवंबर को मतगणना 23 नवंबर को होगी तथा 25 नवंबर के पूर्व निर्वाचन पूर्ण करि लिया जाएगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आयोग के निर्देशानुसार संपूर्ण जनपद में अधिसूचना प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 15 अक्टूबर 2024 की मतदाता सूची के अनुसार 277-कटेहरी विधानसभा में कुल 400875 मतदाता है ,जिसमें 210568 पुरुष, 190306 महिला तथा एक थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जेंडर रेशियो 904, ई0पी0 रेशियों 65.06त्न है। इसमें 7667(1.91त्न) मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के हैं।



कटेहरी विधानसभा में कुल 280 मतदान केन्द्रों के अंतर्गत 425 मतदेय स्थल है, सभी मतदेय स्थलों की डिजिटल मैपिंग की जा चुकी है सभी मतदेय स्थलों पर ए0एम0एफ0 मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। विधानसभा कटेहरी में चिन्हित दिव्यांगों मतदाताओं की संख्या 3381 है जिसमें 2125 पुरुष, 1256 महिला मतदाता हैं। 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 2560 है जिन्हें घर पर मतदान की सुविधा दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नामांकन प्रक्रिया सकुशल संपन्न कराने हेतु नामांकन स्थल के रूप में न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कक्ष संख्या-41 को निर्धारित किया गया है। चुनाव को सकुशल निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु प्रभारी अधिकारी/ नोडल अधिकारी तथा जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से मतदान पार्टियां रवाना की जाएंगी, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है जहां पर मतदान पार्टियों की वापसी होगी तथा मतगणना स्थल भी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर को बनाया गया है।

### आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु टीमें गठित

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 3 वीडियो निगरानी टीमें, 9 फ्लाइंग स्क्वायड, 9 स्टैटिक सर्विस टीमें, 2 वीडियो अवलोकन टीमें, एक मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, 3 लेखा टीमें, एक नोडल व्यय अनुवीक्षण समिति तथा एक लिकर मॉनिटरिंग टीम गठित कर दी गई है। आदर्श आचार संहिता के क्रियान्वयन हेतु आदर्श आचार संहिता टीम की भी तैनाती की जा चुकी है और आदर्श आचार संहिता से संबंधित समस्त कार्रवाई की जा रही है। 32 अंतर्जनपदीय वैरियर एवं 40 वैरियर जनपद के अंदर बनाए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संपूर्ण मतदान प्रक्रियाओ को पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट, घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, परिजनो में कोहराम

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल अनिल केशरवानी उर्फ पिन्टू की बुधवार रात लगभग1-बजे के आस पास मौत हो गई।परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मर्चरी हाउस ले गए।युवक के मौत की खबर पहुंची तो बाजार वासियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।घायल युवक के मौत से परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।मृतक के परिजन मनोज केशरवानी ने बताया की मारपीट के दौरान घायल अनिल को इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान डाक्टर ने घायल व्यक्ति को वेंटिलेटर पर रखने की सलाह दिए लेकिन वेंटिलेटर न



मिलने के कारण घायल व्यक्ति को पम्प के सहारे रखा गया तथा डाक्टर ने परिजनों को पम्प करने को कहा गया परिजन पम्प दबाते रहे लेकिन थोड़ी देर बाद ही घायल व्यक्ति की मौत हो गई। एसआरएन से बाहर निकाल दिया गया फीर आनन फानन में परिजनो ने दोबारा इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहा डाक्टरों ने मृतक युवक के शव को जिंदा बताते हुए तीन दिन तक वेंटिलेटर पर रखा तीन दिन बीतने के बाद इलाज के दौरान बुधवार के रात में उसकी मौत हो गई। परिवार जनों में कोहराम मचा हुआ है।

## एयरटेल ने अतिरिक्त स्पेक्ट्रम का किया विस्तार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भारत के अग्रणी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने आज घोषणा की है कि उसने जुलाई 2024 में अधिग्रहित अतिरिक्त स्पेक्ट्रम की सफलतापूर्वक परिनियोजन किया है। 2100 बैंड में 5 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के विस्तार से एयरटेल के 5जी/4जी नेटवर्क की क्षमताओं में वृद्धि होगी। इससे डेटा स्पीड में सुधार होगा और शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में ग्राहकों को घरों और इमारतों के अंदर बेहतर कवरेज उपलब्ध होगा। कंपनी द्वारा अधिगृहित अतिरिक्त स्पेक्ट्रम की तैनाती अब पूरी हो चुकी है और इसके परिणामस्वरूप आगरा, अलीगढ़, मेरठ, बरेली, मुरादाबाद, देहरादून आदि शहरों के ग्राहकों को वॉयस और डेटा दोनों पर बेहतर सर्विस क्वालिटी का अनुभव मिलेगा। कनेक्टिविटी की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में यह विस्तार एयरटेल को हाइवे और रेल मार्गों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक कवरेज प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। सोवन मुखर्जी, सीईओ, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, ने कहा, एयरटेल अपने नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नए स्पेक्ट्रम के जुड़ने से अब राज्यभर में ग्राहक बेहतर कॉल कनेक्टिविटी, तेज डेटा स्पीड सहित पूरी तरह से बेहतर नेटवर्क का आनंद ले सकते हैं। हम उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड के ग्राहकों के प्रति समर्पित हैं और अपने ग्राहकों के लिए सेवा अनुभव को बेहतर बनाने वाली तकनीकों में निवेश करना जारी रखेंगे। भारती एयरटेल ने हाल ही में संपन्न स्पेक्ट्रम नीलामी में 97 मेगाहर्ट्ज़ स्पेक्ट्रम का अधिग्रहण किया है। इससे कंपनी ने न केवल समाप्त हो चुके स्पेक्ट्रम होल्डिंग्स को फिर से प्राप्त किया, बल्कि अपने सब-गीगाहर्ट्ज़ स्पेक्ट्रम का विस्तार भी किया और अपने कई हिस्सों में विभाजित स्पेक्ट्रम ब्लॉकों को कुशलतापूर्वक एक स्पेक्ट्रम में जोड़ा है। एयरटेल के पास मिड-बैंड स्पेक्ट्रम का सबसे बड़ा हिस्सा है।

# छह रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाने से भाजपाई गदगद

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**

केन्द्र सरकार ने देश के किसानों और केन्द्रीय कर्मचारियों व पेंशन भोगियों को दीपावली का बेशकीमती उपहार दिया है। देश के किसानों के हित का ध्यान रखते हुए सरकार ने छह रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में अच्छी-खासी वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रुपए और अधिकतम 300 रुपए प्रति कुंतल है। गेंहू की एमएसपी में 150 रुपए की वृद्धि की गई है। इसके अलावा केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। इससे यहां पॉटरीनगरी के भाजपा नेता और कार्यकतर्ज्ञ बेहद खुश हैं। उनका मामना है कि केन्द्र सरकार की इस घोषणा से देश के किसानों को केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों की दीपावली की खुशियों को पंख लग जाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और आर्य समाज मंदिर के प्रधान विजय सोलंकी केन्द्र सरकार द्वारा गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपीसीड व सरसों और कुसुम समेत छह रबी फसलों की एमएसपी में वृद्धि किए जाने की घोषणा से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने यह घोषणा दीपावली के तोहफे के रूप में की है। इससे किसानों की त्याहारी खुशियों को बढ़ जाएंगी। किसानों को एमएसपी में और केन्द्रीय कर्मचारियों और पैंशन भोगियों के डीए में वृद्धि करने के लिए उन्होंने सरकार की मुक्त कंठ से सराहना की है। भाजपा अरनिया मंडल के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र राघव का कहना है कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार सभी वर्गों की हितैषी है। विपक्षी पार्टियों के नेता नाहक भाजपा सरकारों की आलोचना करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने छह रबी फसलों की एमएसपी में 300 रुपए तक की खासी वृद्धि करके विपक्ष का मुंह बंद कर दिया है। अरनियां मंडल अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्रीय कर्मियों के डीए में तीन प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा से उनकी दीपावली की खुशियां बढ़ जाएंगी। भाजपा के युवा नेता ओर नगर पालिका के सभासद अभिषेक गोस्वामी ने केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के समर्थन मूल्य में और केन्द्रीय कर्मचारियों व पेंशन भोगियों के डीए में वृद्धि किए जाने की घोषणा की सराहना की है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के इस मिथ्या प्रचार की आलोचना की है कि केन्द्र की मोदी सरकार किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र की मोदी सरकार की संवेदनशीलता ही है कि उसने किसानों और केन्द्रीय कर्मचारियों व पेंशन भागियों को दीपावली से पहले केशकीमती उपहार देने की घोषणा की है। भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य चैधरी ध्यान सिंह ने कहा कि केन्द्र की सरकार किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के हित में कार्य कर रही है।

# मारपीट के दौरान घायल युवक की हुई दर्दनाक मौत, परिजनों ने किया चक्का जाम

- एसीपी कौंधियारा व थाना घूरपुर इंस्पेक्टर पर परिजनों ने जताया भरोसा जाम को हटाया

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

यमुनानगर के अन्तर्गत घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजासा गांव में बीते कुछ दिन पूर्व मारपीट के दौरान एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। परिजनो ने इलाज कराने के लिए अस्पताल में दाखिल कराया था। मंगलवार शाम को इलाज के दौरान युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे गुस्साए परिजन व रिश्तेदार सहित लोगों ने घूरपुर थाने के सामने शव को रख कर किया चक्का जाम हालांकि एसीपी कौंधियारा विवेक यादव व थाना प्रभारी घूरपुर केशव वर्मा समझाने बुझाने के बाद मामले



को शांत कराया।तब कहीं जाकर बाधित यातायात पूर्ण रूप से बहाल हो पाया।पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है।परिजनों की मांग थी कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो एसीपी कौंधियारा ने भरोसा दिलाया है कि कड़ी कार्रवाई की जाएगी एसीपी कौंधियारा व थाना प्रभारी पर लोगों ने भरोसा जताते हुए जाम को हटवाया बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए जनपद प्रयागराज भेजा गया।

# राम राज बैठे त्रिलोका, हर्षित भए गए सब शोका

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**



श्रीरामलीला कमैटी के तत्वाधान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव के समापन पर बुधवार की रात श्रीरामलीला मैदान पर गुरू विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम चंद्र का राजतिलक किया। अनुज भरत ने श्रीराम चंद्र जी महाराज को उनकी चरण पादुका पहना कर अयोध्या का राजपाट सौंप दिया। इस अवसर पर भव्य और आकर्षक आतिशबाजी छोड़ कर नगर वासियों ने अपनी खुशी का इजहार किया।

श्रीरामलीला कमैटी के तत्वाधान में आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव के समापन पर गुरू विश्वामित्र का भगवान श्रीराम चंद्र का राजतिलक करने और भरत द्वारा श्रीराम चंद्र को चरण पादुका पहनाकर अयोध्या का राजपाट सौंपते ही चैतरफा श्रीराम की जयजयकार होने लगी।

भव्य आतिशबाजी छोड़ी गई। भगवान श्रीराम के राजपाट शुरू होते ही नगर वासियों ने भगवान श्रीराम का तिलक किया और उनका आशीर्वाद लेकर अभिभूत हो उठे। भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक समारोह आचार्य वेद प्रकाश शर्मा और पंडित अनिल शर्मा के सानिध्य में हुआ। इसके बाद श्रीरामलीला कमैटी के प्रधान पुनीत साहनी श्रीरामलीला महोत्सव के सफलता पूर्वक संपन्न हो जाने के लिए अपने सभी सहयोगियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों, सेवा शिविर आयोजकों, मीडिया कर्मियां, अखाडे के उस्तादों, शार्गिदों और काली के स्वरूपों के मनमोहक प्रदर्शन के लिए उनका आभार जताया और उन्हें भगवान श्रीराम के कर कमलों से स्मृति चिंन्ह दिलवाकर सम्मानित कराया। श्रीरामलीला कमैटी ने नगर और क्षेत्र के लोगों का श्रीरामलीला महोत्सव की सफलता में किसी भी रूप में और किसी भी प्रकार से सहयोग करने के लिए अपना आभार जताया। श्रीराम लीला कमैटी के जनरल मैनेजर और पूर्व पालिकाध्यक्ष दीपक गर्ग ने भी सभी सहयोगियों, अधिकारियों और नगर व क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार श्रीरामलीला कमैटी के समस्त पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के गवाह बने।

## फ्लिपकार्ट होलसेल के 'दिवाली शॉपोत्सव' के साथ भव्य सेलिब्रेशन करें: इसके सदस्यों के लिए विशेष डील्स, ऑफर और लाभ

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** फ्लिपकार्ट ग्रुप के घरेलू डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल ने अपने बी2बी सदस्यों के लिए 9 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2024 तक चलने वाले दिवाली शॉपोत्सव की घोषणा की है। डील्स आपके लिए, खुशियाँ सबके लिए टैगलाइन के साथ, यह सेल इवेंट फ्लिपकार्ट होलसेल के सभी 26 स्टोर्स और ऑनलाइन चैनलों पर लाइव रहेगा। किराना पार्टनर सभी उत्पाद श्रेणियों में बेहतरीन डील्स का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी का उद्देश्य बी2बी सदस्यों को अधिक बचत करने और मुनाफा बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। फ्लिपकार्ट होलसेल के प्रमुख, स्ट्रैटेजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन के उपाध्यक्ष और समूह प्रमुख दीनकर आयिलावरापु ने कहा, दिवाली शॉपोत्सव किराना सदस्यों, छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई), और अन्य व्यापार मालिकों को त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करते हुए बचत को अधिकतम करने और अपने मुनाफे को बढ़ाने का एक नया अवसर प्रदान करता है।

# जैनिथ पब्लिक स्कूल में हुआ विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**

स्कूलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराना और इन शिविरों में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराना बेहद जरूरी है। इससे विद्यार्थियों का स्वस्थ्य और प्रसन्नचित रहना सुनिश्चित रहता है। यह विचार एसडीएम दुर्गेश कुमार सिंह ने बुधवार को जैनिथ पब्लिक स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के शुभारंभ के दौरान एकत्रित स्कूल के अध्यापक-अध्यापिकाओं, स्टॉफ और कैलाश अस्साल के



डॉक्टरों के संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। एसडीएम दुर्गेश कुमार सिंह ने कहा कि करियर की सफलता के लिए व्यक्ति को निरोगी और प्रसन्नचित रहना उतना ही जरूरी है जितना जीवित रहने के लिए सांस लेना। उन्होंने कहा कि एक निरोगी व्यक्ति ही करियर की वाधाओं से पार पाने और लक्ष्य प्राप्ति में सक्षम रहता है। उन्होंने कहा कि इसी लिए विद्वानों ने जीवन का पहला सुख निरोगी काया बताया है। उन्होंने जैनिथ पब्लिक स्कूल प्रबंधन की स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कराने के लिए सराहना की।

# डीएम ने गुरुवार को 26 वर्षीय दिव्यांग अभिषेक मिश्रा की सहायता कर सम्बन्धित को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

- दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील, सम्बन्धित कार्यो को दे प्राथमिकता, हर सम्भव करे मदद
- दिव्यांगों की समस्याओं के निराकरण एवं सहायता के लिए हम हर समय है उपलब्ध-डीएम

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने गुरूवार को ग्राम पचायत भवानीपुर तिसेन तुलापुर विकास खण्ड माण्डा तहसील मेजा निवासी 26 वर्षीय दिव्यांग अभिषेक मिश्रा पुत्र दिनेश कुमार मिश्रा को अन्त्योदय राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया और दिव्यांग अभिषेक के परिवार को शौचालय सोलर लाइट सहित अन्य अनुमन्य सुविधाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि यदि किसी भी दिव्यांग को इस प्रकार की कोई समस्या हो तो उनसे मिलकर बता सकता है उनके लिए हर समय उपलब्ध है साथ ही साथ सभी अधिकारियों को दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील रहने व इनसे सम्बन्धित कार्यो को प्राथमिकता पर करने के लिए निर्देशित भी किया। जिलाधिकारी से जनता दर्शन के समय दिव्यांग अभिषेक मिश्र ने आठ अक्तूबर को उन्हे प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि वह आंखों से 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं और कुछ भी दिखायी नही देता है।आयुष्मान व अन्त्योदय राशन कार्ड की पात्रता श्रेणी में आते है फिर भी उनका अभी तक आयुष्मान व अंत्योदय राशन कार्ड नहीं बन पाया है दो साल से परेशान हैं और कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।जिलाधिकारी ने उन्हें आयुष्मान व अन्त्योदय राशन कार्ड व अन्य अनुमन्य सुविधाए भी उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया था जिसके क्रम में उन्होंने आज उक्त कार्ड उपलब्ध कराया गया।



# निशुल्क मेडिकल कैम्प अलीगढ़ ओल्ड बॉयज फोरम एक अच्छी पहल : जिलाधिकारी

- मेडिकल कैम्प में आठ सौ से अधिक रोगियों का किया गया परीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने स्थानीय सिटी पैलेस में सर सैयद डे के अवसर पर अलीगढ़ ओल्ड बॉयज फोरम के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क मैडिकल कैंप का उद्धाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा है की अलीगढ़ ओल्ड बॉयज फोरम ने निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाकर एक अच्छी पहल की है। इस कैंप का लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। जिलाधिकारी ने शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो को देखकर इतनी अभिभूत हुए की उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ऐसा ही शिविर करने के निर्देश दे दिए। जिलाधिकारी ने विधिवत फीता काटकर निःशुल्क मैडिकल कैंप का उद्घाटन किया। उन्होंने विशेषज्ञ डॉक्टर से मुलाकात की। इस कैंप में डॉ शकील किदवई, डॉ.मनाजिर इकबाल डॉ. परवेज खान. डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ.जावेद खान, डॉ.नदीम, डा.जीशान, डॉ.कीर्ति सिंह, डॉ.चांदनी मतलूब ने रोगियों का परीक्षण किया।

इस निःशुल्क मेडिकल कैंप में सर्वाधिक रोगी ऑर्थोपेडिक हृदय रोग तथा डायबिटीज के मिले वहीं दांतों और आंखों के रोगियों की संख्या भी काफी अधिक थी शिविर में 700 रोगियों ने पंजीकरण कराया था, जबकि शाम 4.00 बजे तक लगभग 800 से अधिक मरीजों का परीक्षण किया गया और उनको निशुल्क दवाई भी वितरित की गई शिविर में डेढ़ लाख रुपए से अधिक की दवा का निशुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 600 से अधिक रोगियों की विभिन्न प्रकार की जांच निशुल्क की गई। इस तरह का यह अलीगढ़ ओल्ड बॉयज फोरम ने पहला आयोजन कराया जो बेहद सफल रहा। जिलाधिकारी ने सर सैयद डे पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा जूनियर वर्ग के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ड्राइंग प्रतियोगिता में तैयब नूर जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, मुस्कान बी पीलीभीत पब्लिक स्कूल, गुफरान खान एसएन इंटर कॉलेज, नात प्रतियोगिता में सुभान जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, मुसववीर ग्रीन बुड पब्लिक स्कूल, मोहम्मद मिराज जाम ए अनवर मदरसा, पैराग्राफ राइटिंग प्रतियोगिता में जेना जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, खदीजा अंसारी पीलीभीत पब्लिक स्कूल, इकरा नूर इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज, भाषण प्रतियोगिता में अनादिया जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, मेहरीन पीलीभीत पब्लिक स्कूल, मरियम नवेद लिटिल एंजेल्स, स्कूल स्टैंड अप कॉमेडी में अलिफ जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, आइरा अल्वी नोसेजी पब्लिक स्कूल को जिलाधिकारी ने पुरस्कृत किया।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले जूनियर वर्क के मेधावी काजिमा यूनुस, मोहम्मद अल्तमश, मोहम्मद मिल, खानिया नईम, मोहम्मद अहरम, साबिर, फातिमा, अब्दुल अहद, मोहम्मद तय्यब कोस्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार भी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत अलीगढ़ ओल्ड बॉयज फोरम के अध्यक्ष अफरोज जिलानी सचिव अखलाक हसन खान, यूनुस मलिक नासिर कमाल, नदीम डॉक्टर सलमान, मेराज हुसैन, इलियास, डॉक्टर जावेद अहमद ने स्वागत किया।

# शिकायतकर्ता ने राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर बीआरएस पर रोक लगाते हुए कार्रवाई को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उपाधि महाविद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर तीन साल पहले राज्यपाल और कुलाधिपति से 46 बिंदुओं पर की गई शिकायत की जांच अभी लांबित चल रही है। जांच में सहयोग से बचने के लिए लेखाकार की अर्जी पर महाविद्यालय की ओर से बीआरएस दिलाकर एनओसी दे दी गई है। जोकि उचित नहीं है। इस पर शिकायतकर्ता राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर बीआरएस पर रोक लगाते हुए कार्रवाई को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई है। शहर के मोहल्ला थान सिंह निवासी नरेंद्र गिरि ने राज्यपाल को भेज गए शिकायती पत्र में बताया कि उसने उपाधि महाविद्यालय में लेखाकार अनिल गोयल और कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से लाखों रुपये का गबन करते हुए वित्तीय अनियमितताएं की गई थी। एक अस्वस्थ प्रवक्ता की गैर मौजूदगी में उनका वेतन निकालने, महाविद्यालय के बाग की नीलामी की धनराशि खुर्दबुर्द करने, दो प्रवक्ताओं की गलत तरीके से नियुक्ति करने, प्रोस्पेक्टस के नाम पर अधिक धनराशि वसूलने समेत 46 बिंदुओं पर शिकायत की गई। जिसमें करीब 2.5 करोड़ का गबन बताया गया था। कुछ साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए थे। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पूर्व में शासन स्तर से पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जिसमें शिक्षा निदेशक विभाग के वित्त नियंत्रक शिवराम की ओर से वरिष्ठ लेखा परीक्षक जीडी गौतम, शिवसरन और वित्त एंव लेखाधिकारी विक्रम सिंह को जांचधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच के दौरान उस वक्त टीम ने अनिमिताएं मिलने के साथ अभिलेख गायब होने की बात भी कही थी। जांच को लंबे समय के लिए दबा दिया गया। आरोप है कि जांच समिति को साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए थे लेकिन जांच कमेटी ने आरोपी लेखाकार को निदेशालय बुलाकर आर्थिक समझौता कर उसे कई आरोपों में क्लीन चिट दे दी है। जबकि साक्ष्य के आधार पर आरोप सिद्ध हो रहे हैं।

इसको लेकर शिकायतकर्ता ने पुन इस मामले की गंभीरता से एसआईटी जांच कराने की मांग उठाई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्हें राज्यपाल की ओर से आश्वासन दिया गया है कि वह इस मामले में एसआईटी जांच कराने के आदेश दिए थे। लेकिन इसके बाद जांच से बचाने के लिए लेखाकार अनिल गोयल को बीआरएस देते हुए महाविद्यालय की ओर से एनओसी जारी कर दी गई। जबकि प्रकरण की अभी जांच चल रही है। शिकायकर्ता ने लेखाकार का जांच पूरी होने तक बीआरएस रोक लगाने की मांग उठाई है।

# शरद पूर्णिमा पर बढ़ैरा में हुआ यज्ञ का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

आर्य समाज बढ़ैरा बीसलपुर के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बृहद यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ में यजुर्वेद के तृतीय अध्यय के मन्त्रों से अहुति प्रदान की गई। आज के यज्ञ ब्रह्मा रामचंद्रलाल आर्य रहे एवं सहायक यज्ञब्रह्मा रामप्रताप आर्य रहे। आज के मुख्य यज्ञमान नरेश आर्य सपत्नीक रहे। यज्ञोपरांत रामचंद्रलाल ने कहा कि अगर हम अपनी संस्कृति को बचाना चाहते हैं तो हमें वेद के मार्ग को अपनाना होगा और कहा कि हमें अपनी सन्तति को जागरूक करना होगा। आज के कार्यक्रम में आर्य समाज बढ़ैरा के सम्मानित आर्य बुद्धसेन आर्य, धर्मेन्द्र आर्य, रामप्रताप आर्य, रामसागर आर्य, मुरारीलाल आर्य, कृष्णपाल आर्य, सुरेश आर्य, अवनीश आर्य आदि आर्य जन उपस्थित रहे।

# संस्कृत रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई




इस मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, जिला उपाध्यक्ष रूप राम कश्यप, जिला प्रवक्ता अमित पाठक, अकबर अहमद जिला उपाध्यक्ष, आसिफ अली कादरी जिला सचिव, निरंजन कुमार गंगवार जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, श्री विनोद कुमार वर्मा 128 विधानसभा अध्यक्ष, नरेश कुमार सागर महासचिव 128 बरखेड़ा, रामनाथ वर्मा जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, गुरविंदर सिंह शहर उपाध्यक्ष भगवानदीन वर्मा जिला सचिव पिछड़ा वर्ग, चंद्रप्रकाश यादव विधानसभा सचिव बरखेड़ा, राममूर्ति यादव ,राजेंद्र प्रसाद भारती, अलीम, अर्जुन भारती, शेर सिंह, नरेश वर्मा आज सम्मानित, नेता, कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

समाजवादी पार्टी के नकटा दाना चौराहा स्थित जिला कार्यालय पर आज संस्कृत रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती अवसर पर पार्टी के नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी आस्था प्रकट की एवं उनको नमन किया उनके जीवन के विषय में बताते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ब्रह्मा जी के पुत्र थे, उनके बचपन का नाम रत्नाकर था बचपन में उन्हें भी चुरा लिया था तथा उनका पालन पोषण भील परिवार में होने के कारण भी परंपरा के अनुसार उन्होंने लूटमार करने का काम शुरू कर दिया एक बार जब जंगल से नारद जी गुजर रहे थे तो महर्षि वाल्मीकि ने उन्हें भी बंधक बना लिया और उनसे उनका सारा सामान लूटने का प्रयास किया नारद जी ने उन्हें बताया कि जो तुम कर रहे हो वह पाप की श्रेणी में आता है तो उन्होंने कहा कि सब मैं अपने परिवार के भषण पोषण के लिए करता हूं नारद जी ने कहा कि क्या तुम्हारा परिवार या तुम्हारे परिवार के सदस्य तुम्हारे पाप में भागीदार होंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं अपनी पूछ कर बताता हूं जब वाल्मीकि जी ने अपने परिवार के सदस्यों से पूछा तो पारिवारिक के सदस्यों ने कहा कि तुम्हारा काम इसके भागीदार तुम ही होगे हम क्यों होंगे उसके बाद उन्होंने नारद जी से शिक्षा ग्रहण की और नारद जी के सामने नतमस्तक होते हुए उक्त कार्य को छोड़कर अपना कृषि जीवन प्रारंभ किया उसी के बाद उन्होंने जीव विज्ञान प्राप्त कर संस्कृत रामायण की रचना की एवं जब त्रेता युग में रामचंद्र जी लंका पर विजय करने के बाद वापस आए और सीता मैया के वनवास के समय सीता माता ने बाल्मिक आश्रम में ही रहकर अपने पुत्र लव कुश का पालन पोषण व शिक्षा दीक्षा पूर्ण करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदेव सिंह जग्गा व कार्यक्रम का संचालन नफीस अहमद अंसारी ने किया।

# चंडीगढ़ में लगा बाबा का भव्य दरबार हुई जय जयकार





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

प्रत्येक मंगलवार को जनपद के ईदगाह काशीराम कॉलोनी में लगने वाले श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के संचालक सभासद महंत सेवक विशाल द्वारा जहां पूरे देवी नवरात्रों में जनपद के कोने-कोने में बाबा का भव्य दरबार सजाया गया।हवन कीर्तन के साथ भव्य आरती कर बाबा की जय जयकार की गई।

इसी क्रम में बुधवार को सभासद महंत सेवक विशाल द्वारा चंडीगढ़ में बाबा का भव्य दरबार लगाया गया बताते चलेगी चंडीगढ़ निवासी इतेंद्र भान सिंह द्वारा श्री बालाजी महाराज दरबार में लगाई गई संतान प्राप्ति की अर्जी को लेकर संतान प्राप्ति होने के उपलक्ष में उन्होंने अपने निज निवास चंडीगढ़ में बाबा का भव्य दरबार लगाया।

श्री बालाजी श्री ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार जो की निशुल्क दरबार जनपद के कोने-कोने में लगाया जाता है और प्रत्येक मंगलवार को ही श्री बालाजी महाराज मंदिर पर दोपहर 2.00 बजे दरबार का आयोजन होता है और बाबा इच्छा तक दरबार में भक्तों की भीड़ लगी रहती हैं। बताते चले की बुधवार 16 अक्टूबर जहां चंडीगढ़ में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में बाबा का यादगार दरबार लगाया गया जिसमें महंत सभासद सेवक विशाल के मधुर मधुर गीतों पर भक्तों ने आनंद लिया। जनपद में विख्यात श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार बुधवार को चंडीगढ़ में भी संपन्न हुआ। अंत में बाबा की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायत का किया मौका मुआयना



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज सदर तहसील क्षेत्र के शिकायतकर्ता मिन्टे नि0ग्रा0 गुटैहा की आईजीआरएस की शिकायत का मौका मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता मिन्टे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा शिकायत की। ग्राम समाज की भूमि पर हरीराम द्वारा कब्जा किया गया। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुये टीम द्वारा ग्राम समाज की भूमि की जांच कर कब्जा मुक्त करा दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अवैध काबिज व्यक्ति को हिदायत दी ग्राम समाज की भूमि पर दोबारा कब्जा न किया जाये अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जौनपुर में शिक्षक समेत चार गैंगस्टर आरोपियों को 5 वर्ष की सज़ा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर)एफटीसी प्रथम सुरेंद्र प्रताप यादव की अदालत ने गैंगस्टर मामले में दोषसिद्ध पाते हुए दो सगे अध्यापक भाइयों सहित चार आरोपियों को पाँच-पाँच वर्ष के कारावास व 25-25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र के दमोदरा गांव निवासी दिनेश सिंह व उमेश सिंह पुत्रगण रवि नाथ सिंह तथा भूपेंद्र सिंह व शैलेंद्र सिंह उर्फ बब्बू एक संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं। समाज में लोग भयवश उनके विरुद्ध न तो मुकदमा ही पंजीकृत करवाते हैं और न ही गवाही देने की हिम्मत कर पाते हैं। दमोदरा गांव निवासी अखिलेश तिवारी ने न्यायालय के समक्ष अपने बयान में कहा कि 8 मार्च 2004 को सुबह 6.00 बजे आरोपी गण उनके पिता त्रिलोकीनाथ तिवारी व भाई रत्नेश तिवारी के ऊपर लाठी, डंडा, सरिया से आक्रमण करके बुरी तरह घायल कर दिए। बीच बचाव करने के लिए पहुंचे अखिलेश तिवारी को भी सरिया से मार कर उनका सिर फोड़ दिया। दौरान इलाज रत्नेश तिवारी की मौत हो गई और त्रिलोकीनाथ तिवारी के हाथ व पैर बुरी तरह टूट गए थे।

इस मामले में चारों हत्यारोपियों को न्यायालय द्वारा पूर्व में आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई जा चुकी है। अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक राम प्रकाश सिंह ने न्यायालय से अधिकतम दंड देने का आग्रह किया, जबकि बचाव पक्ष की तरफ से कहा गया कि आरोपीगण शिक्षक हैं और उनकी लड़कियों का शादी विवाह होना है इसलिए कम से कम दंड से दंडित किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात अदालत ने आरोपी दिनेश सिंह, उमेश सिंह, भूपेंद्र सिंह व शैलेंद्र सिंह को पाँच-पाँच वर्ष के कारावास व 25-25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने की स्थिति में 6 माह की अतिरिक्त कैद होगी।

# मामूली कहासुनी को लेकर देवर ने भाभी को जमकर पीटा



जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

मामूली कहासुनी को लेकर देवर ने अपनी अपनी पत्नी के साथ मिलकर भावी को लाठी डंडों से पीटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव टेंढत्रालेखराज निवासी वेदपाल की पत्नी लीलावती व उसके बच्चे अकेले घर पर थे। इसी बात का फायदा उठाकर देवर व उसकी पत्नी ने मामूली कहासुनी को लेकर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच शुरु कर दी है।

# ऐतिहासिक रामलीला समिति द्वारा पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित

- सर्वोत्तम दुर्गा पूजा पांडाल, शोभायात्रा, झांकियों पुरस्कृत
- सामाजिक संगठन कार्यकर्ता दानदाताओं का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**शाहगंज।** ऐतिहासिक श्री रामलीला समिति का पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार रात संपन्न हुआ। समारोह में नगर में सुसज्जित पंडालों, भरत मिलाप में निकली शोभायात्रा और झाकियों को पुरस्कार दिए गए। समिति ने दुर्गापूजा, दशहरा और भरत मिलाप के मेले में सहयोग देने वाली सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं को भी सम्मानित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रीरामलीला समिति के कार्यकर्ता और नगरवासी मौजूद थे।

नगर के गांधी नगर कलेक्टरगंज स्थित रामलीला फड़ पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने की। नगर में सजे 40 से अधिक दुर्गापूजा पंडालों में महाकाल दुर्गापूजा समिति (पुरानी बाजार) के पंडाल को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। दूसरे स्थान पर मां शारदा नवरात्रि दुर्गापूजा समिति (चूड़ी मोहल्ला) और आदि दुर्गा पूजा समिति (नई आबादी) के बीच टाई रहा। जय माता दी दुर्गापूजा समिति (महावीर कटरा) के पंडाल को तीसरा स्थान मिला।

भरत मिलाप के मेले में निकली दुर्गापूजा पंडाल शोभायात्रा का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार श्री हिंदू धर्म रक्षक मंडल पूजन उत्सव समिति (श्रीरामलीला भवन चौक) की शोभायात्रा को मिला। जय माता दी दुर्गापूजा समिति (महावीर कटरा) की शोभायात्रा दूसरे स्थान पर रही। महाकाल दुर्गा पूजा समिति (पुरानी बाजार) की शोभायात्रा को तीसरा स्थान मिला।

भरत मिलाप के मेले में निकले दर्जनों लाग में रावण वध के लाग को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। इसके लिए लाग निर्माता राम बुझारत को पुरस्कृत किया गया। दूसरा पुरस्कार तारकासुर वध के लिए निर्माता कार्तिक जायसवाल को मिला। तीसरे स्थान पर रहे भारत माता लाग के लिए निर्माता सुनील को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में रामलीला और मेले के दौरान सहयोग देने वाली सामाजिक संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों, दानदाताओं, भजन मंडली समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने कहा कि नगरवासियों और कार्यकर्ताओं के योगदान से ही मेला ऐतिहासिक रूप से सफल हो पाया। संचालन महामंत्री सर्वेश चौरसिया संजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में महामंत्री अर्पित जायसवाल, सुनील अग्रहरि टप्पू, दिनेश मोदनवाल, मनोज अग्रहरि, रीता जायसवाल, कालीचरण जायसवाल, सुनील अग्रहरि, नितिन साहू आदि मौजूद रहे।

# सरकारी अभिलेखों में हेरा फेरी में लिप्त लोगों के विरुद्ध हो कार्रवाई

- भू माफिया के खिलाफ हो एफआईआर दर्ज करने की मांग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शिवकुमार पुत्र मंगला प्रसाद ग्राम रैमानीपुर,परगना-रारी, तहसील-बदलापुर ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि सरकारी अभिलेखों में हेरा फेरी करके भू माफियाओं का नाम दर्ज करने वाले कर्मचारियों और भू माफिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी ने एककिता रजिस्ट्रीशुदा बैनामा लक्ष्मीकान्त पुत्र पारसनाथ से 05 अक्टूबर 2023 को आकार पत्र 23 भाग 1 की प्रतिलिपि लेकर तहरीर कराया है। तहरीर बैनामा के समय कोई भी आदेश की अमलदरामद आकार पत्र 23 भाग 1 पर नहीं थी। विपक्षी पारसनाथ बाला-बाला तरीके से कूटरचित फर्जी आदेश दिनांक 05 अगस्त 2010 चकबन्दी अहलकारान को अपने साजिश में लेकर दूसरे की चक पर अपना नाम दर्ज करा लिया, जबकि आदेश दिनांक 05.08. 2010 की कोई भी वाद मिसिलबन्द रजिस्टर सन् 2009-2010 में दर्ज नहीं है और न ही पेशी बही रजिस्टर में कोई वाद पारसनाथ बनाम सरकार से सम्बन्धित दर्ज नहीं है। आवेदक ने आरोप लगाया है कि सारी कार्यवाही में लिप्त चकबन्दी अधिकारी बदलापुर के न्यायालय में कार्यरत मुरारी चपरासी द्वारा कूटरचित व फर्जी पत्रावली तैयार करके की गई है। विपक्षी अरेन्जर शाहगंज को अपनी साजिश में लेकर नए कागज पर कूटरचित आदेश गोशवारा में दर्ज करवा दिया है. एवं हल्का लेखपाल भलुवाही कैलाश की पूरी मिलीभगत से फार्म 23 पर फर्जी आदेश की अमल दरामद बैकडेट में दर्ज किया गया है। यदि दिनांक 05.08.2010 का आदेश फार्म 23 पर था तो पारसनाथ के पुत्र कमलाकान्त के द्वारा अमृता निषाद को किए गए रजिस्ट्री की अमलदरामद दिनांक 17.05. 2023 को कैसे हो गयी। आवेदक में जिलाधिकारी से मांग किया है कि इस प्रकरण में की गई जाली व फर्जी कूटरचित कार्यवाही में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

# दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने एलआईसी एजेंट को मारपीट कर बैग नगदी लूट कर फरार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सुजानगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे मोटर साइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने एलाइसी एजेंट से भरी बैग सहित नगदी छीनकर भाग निकले सूचना पर पुलिस पहुंच कर घटना की छानबीन में जुटी, हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता जयसिंह निवासी करगैल बसरही सुजानगंज अपने मोटरसाइकिल से एलाइसी के कार्य से सुजानगंज बाजार आए हुए थे अपना कार्य निबटाकर अपने घर बसरही की तरफ़ जा रहे थे सुजानगंज से ही मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाश गमछे से मुंह बांधकर इनका पीछा करते हुए बसरही बाजार के पहले आलमतारा के पास पहुंचते ही गाड़ी को रोक कर बीच सड़क पर छीना झपटी करने लगे।

विरोध करने पर तमंचे के वट से सिर में मार कर बैग सहित नगदी लेकर असलहा लहराते हुए बदलापुर रोड की तरफ भाग निकले, जिसमें उनके शरीर और सिर में गम्भीर चोटे आई है, सूचना मिलते ही फौरन पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की छानबीन में जुट गई, लोगों ने उन्हें अस्पताल ले आएं पुलिस अस्पताल पहुंच कर मेडिकल मुआयना कराया गया घटना की लिखित तहरीर पीड़ित के द्वारा थाने पर दे दी गई है, थानाध्यक्ष घनानंद तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस छापेमारी कर बदमाशों को खोजने में जुटी हुई है।

# बिलसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम ने एमओआईसी को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

डिजिटल अटेंडेंस देने के विरोध में प्रदेश भर में सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जनपद में सीएमओ कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एमओआईसी को ज्ञापन देकर डिजीटल अटेंडेंस का विरोध किया है। बिलसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एमओआईसी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो सभी एएनएम हड़ताल करने पर विवश होंगी। बिलसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एमओआईसी को दिए गए ज्ञापन में एएनएम ने बताया कि उन्हें एक साथ कई गांवों में जाना पड़ता है। आने जाने का कोई साधन नहीं होता है। ऐसे में सुबह-शाम पहले उपकेंद्र पर जाकर डिजिटल अटेंडेंस लगाएं फिर टीकाकरण के लिए जाए। ऐसा संभव नहीं है फील्ड वर्कर को काम करना संभव नहीं है।

अगर डिजिटल अटेंडेंस का आदेश वापस नहीं लिया गया तो सभी एएनएम हड़ताल करने पर विवश होंगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# छत से गिरकर महिला सफाई कर्मी की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन थाना क्षेत्र के मरहट गांव निवासी व बदलापुर विकास खंड में बतौर सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात महिला मंगलवार की शाम छत पर कपड़ा फैलाते समय अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। उसके सिर में गंभीर चोटें आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को न देकर शव का अंतिम संस्कार सुतौली घाट पर कर दिया गया। अन्त्येष्टि के समय मायका पक्ष के लोग भी मौजूद रहे।

गांव निवासी 36 वर्षीय नीलम पत्नी टप्पू गुप्ता बदलापुर के ग्राम पंचायत बहरीपुर अन्तर्गत राजस्व गांव घाघरपारा में बतौर सफाई कर्मी तैनात थी। वह बुधवार को ड्यूटी से वापस आकर शाम को कपड़े धुल कर छत पर फैला रही थी। अनियंत्रित होकर अचानक वह सिर के बल नीचे गिर गई। स्वजन उसे बेहोशी की हालत में शाहगंज के हबीब अस्पताल ले गए। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उसे वाराणसी ले जाने की सलाह दिया। जहां ले जाते समय बगल अलजफर हास्पिटल में दिखाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते स्वजन शव घर ले आए। घटना की सूचना मायके वालों को दी गई। दूसरे दिन गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतका के तीन पुत्र 10 वर्षीय अर्पित, सात वर्षीय अमन और पांच वर्ष के अनूप मां की ममता से मरहूम हो गये। स्वजनों के करुण क्रंदन से गांव में शोक छा गया।

# कौशल विकास का उद्देश्य कैदी को राष्ट्र की मुख्य धारा में लौटाना है: लवली जायसवाल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल द्वारा आज जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनों एवं बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जागरूकता शिविर का आयोजन का आयोजन किया गया। उन्होंने इस अवसर पर बैंक आफ इंडिया द्वारा स्थापित किये गए कौशल विकास केंद्र आरसेटी का उद्घाटन भी किया।
निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुये उनके खानपान, चिकित्सा एवं मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं के उपलब्ध होने अथवा न होने के संबंध में जानकारी ली गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु जेलर एवं जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया एवं लीगल एड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बंदीयों के रजिस्टर लीगल एड क्लीनिक के रजिस्टर का अवलोकन करने के उपरांत लीगल एण्ड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने के हेतु दिशा निर्देश दिये गये।
सचिव द्वारा बंदियों से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी ली गयी। जिस पर बंदियों ने जिला जेल के अस्पताल में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या न होने एवं समुचित इलाज एवं दूध, फल एवं खाने का सही से मिलने का कथन किया। सचिव द्वारा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया जहाँ उचित साफ सफाई पाई गयी। सचिव द्वारा जेल में संचालित कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण के बाद लौटी सचिव लवली जायसवाल ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियो के रिहा होने पर उन्हें समाज की मुख्य धारा में जुड़कर स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण कर सम्मान की जिंदगी जी सके।
निरीक्षण के दौरान 02 बंदियों द्वारा अपने मामले की पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता दिलाये जाने की याचना की गयी जिसके संबन्ध में तत्काल कार्यवाही करते हुए जेल विजिटर/लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल मो0 सैफ को इन बंदियों के मामले की पैरवी संबंधित न्यायालय में करने का निर्देश दिया गया। सचिव द्वारा महिला बैरक में साक्षरता शिविर का आयोजन कर महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनों एवं बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु जागरूक करते हुए बताया गया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961, दहेज देने और लेने की प्रथा को रोकने के लिए बनाया गया एक कानून है। दहेज देने या लेने पर कम से कम पांच साल की जेल और कम से कम 15,000 रुपये या दहेज की रकम, जो भी ज्यादा हो, का जुर्माना हो सकता है एवं घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत महिला को उसके वैवाहिक घर में रहने का अधिकार सुनिश्चित करता है। इस अधिनियम में कानून के तहत विशिष्ट प्रावधानों के साथ एक विशेष विशेषता है जो एक महिला को ÷हिंसा के लिए सुरक्षा प्रदान करती है। हालांकि इस अधिनियम में दीवानी और आपराधिक प्रावधान है, लेकिन एक महिला पीडित 60 दिनों के भीतर तत्काल दीवानी उपचार प्राप्त कर सकती है। पीडित महिलाएँ इस अधिनियम के सात किसी भी पुरुष वयस्क अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज कर सकती है जो उसके साथ में है। लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत 18 साल से कम उम्र की बालिकाएं लड़की के साथ यौन अपराध हुआ या करने का प्रयास किया गया, तो ऐसे मामले पाक्सो कानून के अंतर्गत आते हैं। यह कानून बच्चों को लैंगिक हमले, लैंगिक उत्पीड़न और अश्लील चित्र व साहित्य के इस्तेमाल अपराधों से सुरक्षा प्रधान करता है। ऐसे अपराधों का विचारण करने के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना की गई है। देश में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकने के लिए 2013 में कानून बनाया गया था। इसे प्रिवेशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट कहा जाता है। किसी भी प्राईवेट सेक्टर, सरकारी या गैर सरकारी संस्थान जहां महिलाए कार्य करती है उसमें महिलाओं के कार्य स्थल पर लैगिंक उत्पीड़न से संरक्षण और लैंगिक उत्पीडन के परिवादों के निवारण के लिए प्राईवेट सेक्टर, सरकारी या गैर सरकारी संस्थानों में समिति बनाई गई है उन समितियों के तहत पीड़ित महिलाए अपनी सूचना समिति को देगी और समिति उस पर कार्यवाही करेगी। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के विषय में बताया गया कि इस अधिनियम के तहत, 21 साल से कम उम्र के पुरुष या 18 साल से कम उम्र की महिला के विवाह को बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह को दंडनीय अपराध माना गया है। बाल विवाह करने वाले वयस्क पुरुष या बाल विवाह को संपन्न कराने वालों को दो साल तक की जेल या एक लाख रुपये लक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के अन्तर्गत किसी भी महिला को निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने का अधिकार है। इसके अतिरिक्त अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित नहिलाओं को बताया गया कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता या जानकारी चाहिए तो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्रि हेल्पलाईन नम्बर- 15100 पर कॉल कर तत्काल सहायता व जानकारी प्रत्म कर सकते है या राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली बारा संचालित 1.5 के माध्यम से भी आप अपनी समस्याओं का निदान कर सकते है। इसके अतिरिक्त अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा दिनांक 14.12 2024 को जनपद कन्नौज में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया गया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों की नालसा थीम सांग एक मुट्ठी आसमां पर हक हमारा भी तो है सुनाकर उन्हे जागरूक किया गया।

## महिला उत्पीड़न और पाक्सो एक्ट मामलो में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाएं: डीएम




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं नारकोटिक्स के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पाक्सो एक्ट एवं महिला उत्पीड़न व एससी/ एसटी एक्ट से संबंधित वादों का निस्तारण प्राथमिकता में लेकर अपराधियों को सजा दिलायी जाये। किसी भी अपराधी को छोड़ा न जाये, कानून के जो प्रावधान है उसका शतप्रतिशत पालन किया जाये। उन्होने डीजीसी क्रिमिनल को निर्देश दिये कि सम्मन/वांरट को अधिक से अधिक तामील कराएं। उन्होने पक्षद्रोही वादो के संबंध में सभी शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिये कि पक्षद्रोही कम व सजा अधिक कराएं। उन्होने ई-प्रॉसीक्यूशन पोर्टल पर समय से डाटा फीडिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जमानत के संबंध में राज्य सरकार के जो महत्वपूर्ण मसले है मुस्तैदी के साथ वादों में पैरवी कर निस्तारण करायें जायें। डीजीसी क्रिमिनल द्वारा बताया गया कि दफा 3/25 में शस्त्र बरामद नही हुआ, के संबंध में उन्होने पत्रावली बनाये जाने के निर्देश दिये। अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा बताया गया कि दो वादो पर जिसमें राधेश्याम को एक वर्ष की सजा व एक हजार रुपये का अर्थ दण्ड एवं विनोद को एक हजार का अर्थ दण्ड के रुप में सजा करायी गयी एवं दो वादों पर साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त किया गया, जिस पर उन्होने निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थ में मिलावट वाले प्रकरणो की पैरवी कर सजा दिलाने की कार्यवाही की जाये। उन्होने खनन अधिकारी को निर्देश दिये सभी अधिनियम की जानकारी लें और वादों का निस्तारण अधिक से अधिक करायें।
बैठक में बताया गया कि जनपद में सत्र न्यायालय के गम्भीर अपराधो की माह सितम्बर में कुल संख्या 6791 प्रकरण लंबित थे, जिसमें 42 मामलो का निस्तारण हुआ है, और 15 लोगों को पैरवी कर सजा दिलाई गयी तथा 27 लोगों को रिहा किया गया। इसी प्रकार महिला अपराध से संबंधित प्रकरणो में कुल 1261 मुकदमें लंबित थे, जिसमें 10 वादो का निस्तारण किया गया, इसमें 05 लोगो को सजा हुई है। पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणो में कुल 763 मुकदमें लंबित हैं। उन्होने कड़े निर्देश दिये कि अपराध एवं अपराधियों पर सख्ती से पेश आकर कार्यवाही की जाये। जब अपराधियों को सजा होगी, तभी अपराधों में कमी आयेगी और जनपद वासियों को भयमुक्त वातावरण मिलेगा।
बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), आशीष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 पूरन सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा, जिला खान अधिकारी, जिला अभियोजन अधिकारी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आदि उपस्थित रहे।

# जिले में एकसाथ खाद विक्रेताओ के यहां छापेमारी, चार को नोटिस जारी




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज जनपद में उर्वरक की दुकानों पर छापेमारी हेतु तीन टीमों का गठन किया गया। तहसील छिबरामऊ में भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी आवेश कुमार सिंह तहसील तिर्वा में उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही तथा कार्यकारी अधिकारी मत्स्य तथा तहसील कन्नौज में जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा उप जिलाधिकारी के साथ खाद की दुकानों पर छापे मारे गए। जनपद में कुल 33 दुकानों पर छापे डाले गए तथा चार नमूने संकलित किए गए। चार खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया। तीन विक्रेता बिना पूर्व सूचना के दुकान बंद किए हुए पाए गए जहां पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी का स्टॉक मौजूद है। इनमें आर के बिल्डिंग फर्टिलाइजर एन्ड स्टोर नजरापुर . श्यामा ट्रेडर्स मुरैया बुजुर्ग तथा गौरव सौरव फर्टिलाइजर जसपुरापुर सरैया को नोटिस जारी करते हुए उर्वरकों की आपूर्ति प्रतिबंधित की गई है। इसके अलावा सहकारी समिति जसपुरापुर सरैया के सचिव द्वारा बताया गया 16 अक्टूबर को 35 मेट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुई और उसी दिन डीएपी का पूरा वितरण हुआ है वितरण रजिस्टर में किसानों के गांव एवं मोबाइल नंबर नहीं दिए गए जिसके कारण उनके नाम के सम्मुख अंकित बोरियों की मात्रा का सत्यापन नहीं किया जा सका। जिसके करण समिति के सचिव को नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने कहा है कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में फर्टिलाइजर मौजूद है समितियां पर डीएपी पहुंचाई जा रही है। निजी क्षेत्र में भी डीएपी आ रही है।
किसान भाइयों से अनुरोध है कि वह अपनी आलू की फसल के लिए एनपी के साथ-साथ सुपर का प्रयोग करें तथा आलू की गुणवत्ता हेतु सल्फर एवं पोटाश भी पर्याप्त मात्रा में डालें द्य एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 100 किलोग्राम पोटाश एवं 100 किलोग्राम फास्फोरस की आवश्यकता होती है। यदि किसानों को उर्वरक मिलने में कोई समस्या होती है तो वह मेरे मोबाइल नंबर 8272 8930 15 पर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

## दिवंगत पत्रकार मनोज शुक्ल और वरिष्ठ कांग्रेसी अविनाश दुबे पंचतत्व में विलीन



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वर्तमान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रशासन अविनाश चंद्र दुबे, पत्रकार मनोज शुक्ला एवम कौशल तिवारी श्यामू की जनपद फतेहपुर में हुई कार दुर्घटना में दुखद मौत पर सभी कांग्रेसजनों ने गहरा दुख व्यक्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रशासन अविनाश चन्द्र दुबे के आकस्मिक निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे एवम उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने फोन पर संवेदना व्यक्त की उन्होंने कहा बहुत ही दुखद घटना है तीनों लोगों की क्षति बहुत ही कष्टप्रद है। हम लोगों ने पार्टी के सच्चे निष्ठावान व्यक्ति को खोया है। श्री दुबे की कमी कभी भी पूरी नहीं हो सकती है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रकाश प्रधान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राशिद अल्वी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष उषा दुबे, पूर्व विधायक छिबरामऊ संतोष चतुर्वेदी , जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, कोमल सिंह कुशवाह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, डॉक्टर फिदा हुसैन मंसूरी तारिक बशीर जिला उपाध्यक्ष, एहसान उल हक पूर्व शहर अध्यक्ष, हरिशंकर मिश्रा सौरभ त्रिपाठी वेंकटेश शुक्ला धर्मेन्द्र सविता लक्ष्मीशंकर मिश्रा राजेन्द्र गिहार इमरान खान निशांत तिवारी, शिवम मिश्रा एनएसयूआई अध्यक्ष, विकास मिश्रा छिबरामऊ ब्लॉक अध्यक्ष, रमेश सविता ब्लॉक अध्यक्ष तालग्राम सरफराज खान, कमरुद्दीन खान, इमरान अली यूथ उपाध्यक्ष, फैसल खान ब्लॉक अध्यक्ष कन्नौज, सत्य प्रकाश शर्मा, जुबैर कुरैशी महेश पाण्डेय अशोक कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष तिर्वा, मीर हारून अमोल दीक्षित, सारिक खान मिंटू सक्सेना मोहित सिंह आशुतोष त्रिपाठी आदि कांग्रेसियों ने पार्टी का ध्वज व अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर उनकी अंतिम शव यात्रा में शामिल हुए और उनके पुत्र अभय दुबे को सांत्वना देकर आत्मा शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दूसरी ओर पत्रकार मनोज शुक्ला के घर सुबह से ही शोकाकुल नागरिको का तांता लगना शुरू हो गया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, बड़ी संख्या में पत्रकार, अधिवक्ता, समाज सेवियो की मौजूदगी में दिवंगत पत्रकार मनोज शुक्ल की अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई और महादेवी घाट पर दोनों दिवंगत जनो को उनके परिजनों ने मुखाग्नि देकर अंतिम विदा दी।

## सरीला नगर में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि की जयंती



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

कस्बा सरीला में स्थित संत रविदास धर्मशाला में गुरुवार के दिन महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अजय कुमार सपेरा जिला अध्यक्ष भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा हमीरपुर ने किया। धर्मशाला में जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर यज्ञ हवन, पूजा पाठ कर उन्हें शत-शत नमन किया गया। इसके साथ-साथ सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर विधिवत पूजा पाठ सम्पन्न हुआ। भक्तों ने महर्षि वाल्मीकि प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर पूजन किया व सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मैहर लाल ने किया। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर उनके जीवन पर चर्चा की। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष इदरीश खान ने बताया कि महाकाव्य रामायण की रचना इन्हीं के द्वारा की गई, नीलम यादव ने सभी को बताया कि अपने-अपने बच्चों को खूब पढ़ाना है, उन्होंने वाल्मीकि जी के जीवन के बारे में सभी को बताया। कार्यक्रम में चन्द्रवती वर्मा, नाथूराम अहिरवार, माया वाल्मीकि, गोकुल राजपूत, लखन यादव नगर अध्यक्ष, बृजेंद्र यादव, और वाल्मीकि समाज के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नगर वा क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।।

## चोरो ने चौकी इंचार्ज के घर ही चोरी कर ली



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के एक कस्बे में चोरों ने पुलिस कर्मी के घर को ही निशाना बना लिया। चौकी इंचार्ज के घर से जेवर, कैश और कीमती सामान पार कर दिया। जब वह ड्यूटी कर के वापस लौटे तो घर में सामान बिखरा देखा। यहां 2 दिन पहले भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था।
घटना इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन कस्बे की है। यहां तैनात कस्बा चौकी इंचार्ज विनीत वर्मा मोहल्ला नगरिया निवासी खेमकरन के मकान में किराए पर रहते हैं। बीती रात चौकी इंचार्ज विनीत वर्मा ड्यूटी पर थे, तभी चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। बताया गया कि मकान के पीछे साइड दीवार से सटा हुआ एक पेड़ है जिसके सहारे चोर मकान की छत पर पहुंचे और फिर जीने का रोशनदान तोड़कर घर में घुस गए। यहां उन्होंने अलमारी और बक्शे के ताले तोड़कर ज्वैलरी, कैश और कीमती सामान पार कर दिया। घटना को लेकर हसेरन कस्बा चौकी इंचार्ज विनीत वर्मा का कहना है कि चोर घर में घुसकर केवल तोड़फोड़ कर पाए। कुछ लेकर नहीं जा सके जबकि इंदरगढ़ थाना इंचार्ज पारुल चौधरी का कहना है कि चोरी का मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। हसेरन कस्बे के इसी मकान में मकान मालिक खेमकरन के बेटे सतेंद्र का भी सामान रखा रहता है, जोकि यूपी पुलिस में कांस्टेबल है और वर्तमान समय मे वह जालौन जिले में तैनात है। बताया गया कि सतेंद्र के कमरे से चोरों ने ज्वैलरी और कैश पार किया है।

### 2 दिन पहले भी एक मकान में हुई थी चोरी

हसेरन कस्बे में चोरों का आतंक बढ़ गया है। पुलिस की निष्क्रियता के चलते 2 दिन पहले भी कस्बे के रहने वाले नीरज मिश्रा के घर की खिड़की तोड़कर चोरों ने कीमती सामान और ज्वैलरी पार कर दी थी। जिसकी तहरीर देते हुए उन्होंने करीब 10 लाख के नुकसान की बात कही थी। इस घटना के 2 दिन बीतने के बाद चोरों ने पुलिस कर्मी के मकान में चोरी की वारदात कर के पुलिस को चुनौती दी है।

## रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से टकराने पर युवक दो हिस्सों में काटा



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार दोपहर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक दो हिस्सों में बट गया काफी देर तक ट्रेन खड़ी हुई आरपीएफ और जीआरपी के जवानो ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य ले गए जहां पर मृत घोषित कर दिया। शिहुरादारा शिकोह ग्राम पंचायत के गडरियन पुरवा गांव निवासी 22 वर्षीय रिशू पुत्र अर्जुन पाल पिता के साथ खेतीबाड़ी में हाथ बंटाता था और ई-रिक्शा चलाने का करता था। गुरुवार दोपहर रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक पार करते समय वह कन्नौज से कानपुर की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया और ट्रेन से कटकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे कानपुर भेजने की प्रक्रिया शुरू की तब तक उसकी मौत हो गई. वहीं सूचना पाकर पहुंचे परिजनों में युवक का शव देख चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार बीते दो दिनों से वह ई रिक्शा खड़ा कर खेतों में खड़ी धान की फसल की कटाई करवा रहा था। गुरुवार सुबह किसी काम से बाजार की बात कह कर कर घर से निकाला था। सभी उसके घर लौटने का इंतजार कर ही रहे थे तभी घटना की सूचना मिली। बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया युवक ट्रेन की चपेट में आने से कट गया अस्पताल पहुंचने के बाद उसकी मौत हो गई शव पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया है।

## आईजी कानपुर रेंज ने किया तालग्राम थाने का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । कन्नौज। पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार ने कल देर शाम थाना तालग्राम का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें थाना कार्यालय के अभिलेख चेक किये गये तथा थाना कार्यालय, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, विवेचनाओं के निस्तारण तथा माल निस्तारण के निर्देश दिये। थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र मे अपराधियों की जानकारी रखने व उनसे सम्बन्धित बीट दर्ज कराने, शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा टॉप-10 अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण एवं उन पर सतर्क निगरानी रखने तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन व आत्मनिर्भर बनने के लिये जागरूक करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए व थाना तालग्राम क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा थाना प्रभारी को दिशा निर्देश दिए।

# डीआईजी की एस्कॉर्ट कार पीछे से ट्रक में घुसी, चार घायल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



गुरसहायगंज क्षेत्र में पुलिस स्कॉर्ट की कार ट्रक में पीछे से घुस गई। इस हादसे में दरोगा समेत 4 पुलिस कर्मी घायल हो गए। गुरसहायगंज पुलिस ने सभी घायलों का इलाज कराया और फिर उन्हें दूसरी कार से फर्रुखाबाद भिजवा दिया। ये सभी पुलिस कर्मी डीआईजी की सुरक्षा में चल रहे थे। कानपुर जोन के डीआईजी योगेंद्र कुमार बुधवार शाम फर्रुखाबाद जा रहे थे। उनकी सुरक्षा में पुलिस की एक गाड़ी चल रही थी। जैसे ही डीआईजी की गाड़ी गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में समधन कट के पास पहुंची, तभी उनकी सुरक्षा में चल रही बोलेरो एक खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इस हादसे में कार सवार एसआई अनिल कुमार मिश्रा, कांस्टेबल प्रवीण कुमार द्विवेदी, अरविंद कुमार, चन्द्रजीत यादव घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक दुबे मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायल एसआई और कांस्टेबल को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी गाड़ी से सभी को फर्रुखाबाद के लिए रवाना कर दिया गया जबकि एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त हुई कार गुरसहायगंज कोतवाली में पुलिस ने खड़ी करवा दी। एक्सीडेंट का मामला गुरसहायगंज पुलिस देर शाम तक दबाने का प्रयास करती रही। कोतवाली प्रभारी आलोक दुबे ने बताया कि ट्रक में कार हल्की सी टच हुई है हालांकि सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि डीआईजी के स्कॉर्ट में चल रही एक कार का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें एक एसआई को चोट आई है। उनका इलाज करवा कर फर्रुखाबाद रवाना कर दिया गया।

## कई नोटिस के बाद भी नही आये तो जिला पंचायत ने तुड़वाया अभियंता के घर का ताला

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। जिला पंचायत कार्यालय में तैनात प्रभारी अभियंता ट्रांसफर के बाद से सरकारी आवास में ताला लगाकर चले गए। सूचना देने के बाद भी उन्होंने आवास खाली नहीं किया तो विभाग के अधिकारी ने टीम गठित कर सरकारी आवास का ताला तुड़वाया। यहां सरकारी सामान और फाइलें गायब करने के प्रभारी अभियंता पर आरोप लगे। ऐसे में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही गई है। जिला पंचायत कार्यालय में तैनात इंजीनियर हरेंद्र राव कन्नौज में प्रभारी अभियंता के पद पर कार्यरत थे। 21 अगस्त को उनका ट्रांसफर लखनऊ के लिए हो गया। ऐसे में वे जिला पंचायत के सरकारी आवास में ताला लगाकर यहां से चले गए। 2 महीने बीतने को है। सरकारी आवास खाली कराने के लिए विभाग की ओर से उन्हें कई बार सूचनाएं भेजी जा चुकी। न तो वह आवास खाली करने के लिए कन्नौज आए और न ही विभाग को कोई सूचना दी। ऐसे में गुरुवार को जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य ने पांच सदस्यीय टीम गठित की। टीम के सदस्यों विनोद कुमार कुशवाहा, अशोक कुमार यादव, शुभम यादव बेंचेलाल वर्मा और वीरेंद्र दुबे ने मानीमऊ स्थित सरकारी आवास पर जाकर ताला तोड़ दिया। टीम के सदस्यों का आरोप है कि सरकारी आवास से फ्रिज, एसी, सीसीटीवी कैमरे, डीबीआर, रूम हीटर, इन्वर्टर, बैटरी, बर्तन और निर्माण व सम्पति विभाग की फाइल हरेंद्र राव ने गायब कर दीं हैं। फिलहाल सरकारी सामान के स्टॉक का मिलान कराया जाएगा। जिसके बाद ही पूरी स्थित स्पष्ट हो सकेगी।

# रेलवे टिकट की एडवांस बुकिंग अब 2 महीने पहले होगी

## अभी यात्रा से 4 महीने पहले शुरू होती है, नए नियम 1 नवंबर से लागू होंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे ने एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। पहले टिकट बुकिंग यात्रा से 120 दिन पहले शुरू होती थी, अब इसे घटाकर 60 दिन कर दिया गया है। नया फैसला 1 नवंबर 2024 से लागू होगा। रेल मंत्रालय के मुताबिक, एडवांस ट्रेन टिकट बुकिंग के नए नियमों का पहले से बुक किए गए टिकटों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। साथ ही, विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की डेडलाइन में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। अभी टिकट बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट, एप और रेलवे के बुकिंग काउंटर्स से होती है। आईआरसीटीसी से हर दिन 12.38 लाख टिकट बुक होते हैं। 2015 में रेलवे ने एडवांस रिजर्वेशन पीरियड बढ़ाया था 1 अप्रैल, 2015 तक एडवांस रिजर्वेशन पीरियड 60 दिन था। सरकार ने तब बुकिंग अवधि को 120 दिन करने पर तर्क दिया था। हालांकि तब कई लोगों ने तर्क दिया था कि रिजर्वेशन पीरियड को आगे बढ़ाने का रेलवे का उद्देश्य अतिरिक्त 60 दिनों के लिए ब्याज के साथ-साथ कैंसिलेशन की ज्यादा संख्या के माध्यम से एडिशनल रेवेन्यू कमाना है। आईआरसीटीसी की ब्याज और कैंसिलेशन से कमाई कम होगी एडवांस रिजर्वेशन पीरियड कम होने से आईआरसीटीसी की ब्याज और कैंसिलेशन से कमाई कम होगी। इसका असर उसके शेयर पर भी दिख रहा है। कंपनी का शेयर करीब 2.5 प्रतिशत नीचे 870 रुपए पर बंद हुआ है।

### पहले फैसला जान लेते हैं

भारतीय रेलवे ने ट्रेन टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है। इसकी नोटिफिकेशन आज यानी 17 अक्तूबर 2024 को रेल मंत्रालय द्वारा जारी कर दी गई। इसमें कहा गया कि अब 120 दिन नहीं 60 दिन पहले तक ही ट्रेन टिकट बुक किए जा सकेंगे। इससे पहले तक आप 120 दिन पहले तक ट्रेन टिकट बुक कर सकते हैं।

### कब से लागू होगा फैसला?


यहां ये भी जान लीजिए कि भारतीय रेलवे का ये फैसला अभी नहीं बल्कि, एक नवंबर 2024 से लागू होगा। ऐसे में अभी अक्तूबर महीने में बचे हुए दिनों में यानी 31 अक्तूबर 2024 तक पहले वाले नियम (इसमें आप 120 दिन पहले यानी 4 महीने पहले ट्रेन टिकट बुक करवा सकते हैं) के तहत ही आप ट्रेन टिकट बुक करवा सकेंगे।

### ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों के लिए है नियम

आपको अगर ट्रेन से यात्रा करनी है तो ऐसे में आप आईआरसीटीसी की एप या वेबसाइट से ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं या फिर आप रेलवे के टिकट काउंटर से टिकट लेते हैं, ये नया नियम (1 नवंबर 2024 से 60 दिन पहले ही ट्रेन टिकट बुक करवा सकते हैं) इन दोनों जगह पर लागू रहेगा यानी फिर चाहे आप काउंटर से टिकट ले रहे हैं या ऑनलाइन बुक कर रहे हैं।

### आईआरसीटीसी की कोर एक्टीविटीज

कैटरिंग एंड हॉस्पिटैलिटी
इंटरनेट टिकटिंग
ट्रैवल एंड टूरिज्म
पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर (रेल नीर)



### आम आदमी पर क्या असर?

अब तक अगर आपको ट्रेन टिकट बुक करना होता है तो आप 120 दिन पहले टिकट बुक कर सकते हैं, लेकिन 1 नवंबर 2024 के बाद ऐसा नहीं हो पाएगा। तत्काल ट्रेन टिकट से बचने के लिए लोग और कंफर्म टिकट मिलने के लिए पहले से ही लोग ट्रेन टिकट बुक कर लेते हैं। जो लोग पहले से कहीं जाने का प्लान करते हैं वे ट्रेन टिकट 120 दिन पहले या उस बीच में बुक कर लेते हैं। ऐसे लोगों को अब पहले से कम समय मिलेगा यानी 120 की जगह सिर्फ 60 दिन का समय।

### इन ट्रेनों या रूटों पर नहीं लागू होगा फैसला

जहां एक तरफ अब टिकट नियम में बदलाव किया गया है, तो वहीं ये फैसला ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस जैसी शॉर्ट रूट की ट्रेनों के लिए लागू नहीं होगा यानी यहां पहले वाले नियम ही लागू रहेंगे वहीं, विदेशी पर्यटकों को मिलने वाले 365 दिनों के एडवांस बुकिंग वाले नियम में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसलिए ये व्यवस्था भी पहले जैसे ही चलती रहेगी।

### रेलवे की वेटिंग लिस्ट को खत्म करने की भी योजना

आईआरसीटीसी ने हाल ही में कई बदलाव किए हैं, जिसमें ट्रेनों में अगले पांच से छह वर्षों के भीतर वेटिंग लिस्ट की लंबे समय से चली आ रही समस्या को खत्म करने की योजना भी शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर यात्री को एक कन्फर्म बर्थ मिले। एक रेलवे सुपर एप लॉन्च करने की भी योजना है, जिसमें यात्री टिकट बुकिंग से लेकर यात्रा की योजना बनाने जैसी सर्विसेज होंगी। रेलवे की योजना एआई इनेबल्ड कैमरा लगाने भी है। इससे फूड क्वालिटी की मॉनिटरिंग के साथ ट्रेन ऑक्यूपेंसी पर भी नजर रखी जाएगी। 1999 में भारतीय रेलवे में शामिल हुई थी आईआरसीटीसी इंडियन रेलवे कैटरिंग एवं टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक 'मिनी रत्न (श्रेणी-।)' सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज है। आईआरसीटीसी को 27 सितंबर 1999 को भारतीय रेलवे की एक शाखा के रूप में शामिल किया गया था। इसका उद्देश्य स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य स्थानों पर कैटरिंग और हॉस्पिटैलिटी को मैनेज करना है। इसके साथ ही बजट होटल्स, स्पेशल टूर पैकेज, इन्फॉर्मेशन एंड कॉमर्शियल पब्लिसिटी और ग्लोबल रिजर्वेशन सिस्टम के डेवलपमेंट के माध्यम से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। आईआरसीटीसी का कॉर्पोरेट ऑफिस नई दिल्ली में स्थित है।



# नायब 2.0

## दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने नायब सैनी

### नायब सैनी सरकार के मंत्रियों की लिस्ट

- नायब सिंह सैनी
- अनिल विज
- विपुल गोयल
- महिपाल ढांडा
- श्रुति चौधरी
- राव नरबीर
- आरती राव
- गौरव गौतम
- अरविंद शर्मा
- श्याम सिंह राणा
- कृष्ण कुमार बेदी
- कृष्ण लाल
- रणवीर गंगवा
- राजेश नागर

- 13 मंत्री बनाए, इनमें 6 पहले भी मंत्री रहे, सबसे ज्यादा 5 ओबीसी चेहरे, 2 महिलाएं
- प्रधानमंत्री की मौजूदगी में राज्यपाल ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ
- कैबिनेट में अनिल विज, कृष्णलाल पंवार और राव नरबीर सिंह भी शामिल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पंचकूला**

हरियाणा में नायब सैनी ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ले ली है। सैनी राज्य के 19वें मुख्यमंत्री बने। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले वे 11वें नेता हैं। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। शपथ ग्रहण में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्?डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह के साथ 18 राज्यों के ष्टरूव डिप्टी ष्टरूभी पहुंचे थे। ष्टरूसैनी के साथ 13 मंत्रियों ने शपथ ली। जिनमें सबसे ज्यादा 5 चेहरे ओबीसी वर्ग से हैं। जाट, ब्राह्मण और स्ष्ट वर्ग से 2-2 मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाबी, राजपूत और वैश्य बिरादरी से एक-एक मंत्री बनाया गया है। नए बनाए मंत्रियों में अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल और कृष्ण बेदी पहले मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा रणबीर गंगवा पिछली बीजेपी सरकार में डिप्टी स्पीकर थे। नए चेहरों में अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, आरती राव, श्रुति चौधरी और गौरव गौतम पहली बार मंत्री बने हैं। भाजपा ने हरियाणा में यूपी, राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह डिप्टी सीएम बनाने का फॉर्मूला नहीं अपनाया।

### यूपी के सीएम योगी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पहुंच गए हैं। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी पंचकूला पहुंच गए हैं। पाठक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को हरियाणा की 36 बिरादरी का आशीर्वाद मिला। मैं हरियाणा की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने अपने हक में फैसला लिया। कांग्रेस के राज में लूट, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और पर्ची-खर्ची को बढ़ावा मिला... हरियाणा ने कांग्रेस को नकार कर बीजेपी को जनादेश दिया... यूपी उपचुनाव में बीजेपी सभी 9 सीटें जीतेगी।

### प्रधानमंत्री सहित 18 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह के साथ 18 राज्यों के मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ जिन 13 मंत्रियों ने शपथ ली है उनमें सबसे ज्यादा 5 चेहरे ओबीसी वर्ग से हैं। जाट, ब्राह्मण और एससी वर्ग से 2-2 मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पंजाबी, राजपूत और वैश्य बिरादरी से एक-एक मंत्री बनाया गया है।

### मंच पर ये 13 विधायक पहुंचे

मंत्रिमंडल की शपथ लेने वाले विधायकों जो अभी तक मंच पर पहुंचे हैं, उनमें कृष्ण पंवार, रणबीर गंगवा, कृष्ण बेदी, श्याम सिंह राणा, आरती राव, श्रुति चौधरी, अनिल विज, महिपाल ढांडा, राजेश नागर, विपुल गोयल और राव नरबीर हैं। अगली लाइन में अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, राव नरबीर और अरविंद शर्मा बैठे हैं। ये सभी कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। दूसरी लाइन में श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, आरती राव, गौरव गौतम और राजेश नागर शामिल हैं। ये 6 विधायक राज्यमंत्री बन सकते हैं।

### केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने नायब सैनी को दी बधाई

केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने सीएम बनने पर नायब सैनी को बधाई दी है। ओराम ने कहा कि हमने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है...और कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस का सफाया हो रहा है लेकिन उसका अहंकार हर दिन बढ़ रहा है...पीएम मोदी भी तीसरी बार सत्ता में आए, यह आगे भी जारी रहेगा...हमारे सही शासन के कारण जनता हमें चुन रही है...इससे पता चलता है कि महाराष्ट्र और झारखंड में भी हम सरकार बनाएंगे।

### नायब कैबिनेट में श्रुति चौधरी सबसे अमीर मंत्री

नायब सिंह सैनी सरकार की नई कैबिनेट की औसत संपत्ति 30.82 करोड़ रुपये है। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी इस कैबिनेट की सबसे अमीर मंत्री हैं। तोशाम सीट पर अपने चचेरे भाई अनिरुद्ध चौधरी को हराने वाली श्रुति के पास 134 करोड़ 56 लाख 99 हजार रुपये की संपत्ति है। कैबिनेट के सबसे बुजुर्ग मंत्री श्याम सिंह राणा की संपत्ति सभी मंत्रियों में सबसे कम है। राणा ने चुनावी हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति एक करोड़ 16 लाख 42 हजार 600 रुपये बताई है। नायब सिंह कैबिनेट की औसत संपत्ति 30 करोड़ 82 लाख 13 हजार 661 रुपये है। खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5,80,52,714 रुपये की संपत्ति बताई है।

### सीएम सैनी के साथ 14 मंत्रियों ने ली शपथ

हरियाणा में नई सरकार का शपथ ग्रहण पूरा हो गया है। बीजेपी विधायक अनिल विज ने हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। बीजेपी विधायक आरती सिंह राव, राजेश नागर, गौरव गौतम ने हरियाणा सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा विधायक अरविंद कुमार शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर सिंह गंगवा और कृष्ण बेदी ने हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा विधायक कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा और विपुल गोयल ने हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पीएम मोदी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### दो मंत्री 70 पार

पलवल विधानसभा सीट से जीते गौरव गौतम नई कैबिनेट में सबसे युवा मंत्री हैं। 36 साल के गौरव ने गुरु जम्बेश्वर विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में स्नाकोत्तर किया है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के बेटी आरती सिंह राव इस कैबिनेट की दूसरी सबसे युवा मंत्री हैं। 45 साल की आरती अटेली विधानसभा सीट से जीती हैं। 50 साल से कम उम्र के तीन मंत्रियों में कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री श्रुति चौधरी भी शामिल हैं। 48 साल की श्रुति पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पोती हैं। इसी तरह आरती राव भी पूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह पोती हैं। 14 सदस्यीय कैबिनेट में दो मंत्री ऐसे हैं जिनकी उम्र 70 साल से अधिक है। इनमें अनिल विज और श्याम सिंह राणा शामिल हैं। अंबाला कैंट से जीते अनिल विज की उम्र 71 साल है तो श्याम सिंह राणा 76 साल के हैं। नायब सैनी कैबिनेट की औसत उम्र 56 साल नौ महीने है।

### नई कैबिनेट में तीन किसान, चार व्यवसायी

नई कैबिनेट में शामिल तीन मंत्रियों ने अपना पेशा किसानी बताया है। इन मंत्रियों में रणबीर गंगवा, राव नरबीर सिंह और श्याम सिंह राणा शामिल हैं। गंगवा ने किसानी के साथ समाजसेवा को भी अपना पेशा बताया है। कैबिनेट के सबसे युवा मंत्री गौरव गौतम ने भी अपना पेशा समाजसेवा बताया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत पांच मंत्रियों ने राजनीति को ही अपना पेशा बताया है। सैनी के अलावा अनिल विज, कृष्ण कुमार, अरविंद कुमार शर्मा और कृष्ण लाल पंवार उन मंत्रियों में शामिल हैं जिन्होंने चुनावी हलफनामे में राजनीति को अपना पेशा बताया है। इसी तरह व्यवसाय को अपना पेशा बताने वाले मंत्रियों की संख्या चार है। इन मंत्रियों में आरती सिंह राव, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल और राजेश नागर शामिल हैं। कैबिनेट की दो महिला मंत्रियों में शामिल श्रुति चौधरी ने वकालत को अपना पेशा बताया है।

### नई कैबिनेट में तीन मंत्री 12वीं पास

नायब सिंह सैनी कैबिनेट की शिक्षा की बात करें तो इसमें तीन मंत्री 12वीं पास हैं। छह के पास स्नातक, दो के पास स्नातक पेशेवर और तीन के पास स्नाकोत्तर की डिग्री हैं। राजेश नागर, रणबीर गंगवा और कृष्ण लाल पंवार कैबिनेट के सबसे कम पढ़े लिखे मंत्री हैं। तीनों मंत्री 12वीं पास हैं। इसी तरह आरती सिंह राव, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, राव नरबीर सिंह, अनिल विज और श्याम सिंह राणा ने स्नातक किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और श्रुति चौधरी के पास पेशवर स्नातक की डिग्री है। दोनों ने ही एलएलबी की है। वहीं, गौरव गौतम, कृष्ण कुमार और अरविंद कुमार शर्मा कैबिनेट के सबसे पढ़े लिखे मंत्री हैं। तीनों के पास परास्नातक की डिग्री है।

# याह्या सिनवार मर चुका है: पीएम नेतन्याहू



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गाजा में इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक अभियान के दौरान हमास के तीन लड़ाके मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ और इस्राइल सिक्योरिटी एजेंसी (आईएसए) यह जांच कर रहे हैं कि क्या इनमें से याह्या सिनवार भी था या नहीं। इस समय तक आतंकवादियों की पहचान की पुष्टि नहीं की जा सकी है। आईडीएफ के मुताबिक, जहां इन लड़ाकों को मारा गया है, उस इमारत में किसी भी बंधक की मौजूदगी के संकेत नहीं मिले हैं। क्षेत्र में अभियान चला रही सेना सतर्कता के साथ काम कर रही है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ हफ्ते पहले इस्राइल ने लेबनान में हवाई हमलों के जरिए हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार गिराया है। इससे पहले हमास की राजनीतिक शाखा के प्रमुख इस्माइल हानिया की ईरान में एक हमले में हत्या कर दी थी। तेहरान और हमास ने इस हमले के लिए इस्राइल को दोषी ठहराया था। हालांकि, इस्राइल ने इस आरोप को न तो स्वीकार किया और न ही इनकार किया। हानिया की हत्या के बाद सिनवार को हमास की राजनीतिक शाखा का प्रमुख बनाया गया। सिनवार को इस्राइल पर सात अक्तूबर के हमलों का मास्टरमाइंड माना जाना जाता है। हाल ही में आईडीएफ ने हमास के कई शीर्ष अधिकारियों को मार गिराया है, जिसमें गाजा में हमास सरकार के प्रमुख रावी मुश्ताहा और हमास के राजनीतिक कार्यालय में सुरक्षा विभाग के प्रमुख समह अल-सिराज शामिल हैं। मंगलवार को आईडीएफ ने बताया कि पिछले तीन दिन में जबालिया में हवाई हमलों में हमास के करीब 20 ऑपरेटर मारे गए। आईडीएफ ने जंग के बीच एक हथियारों के डिपो और अन्य हथियारों को भी नष्ट किया। आईडीएफ का कहना है कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब क्षेत्र में आतंकवादी समूहों के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट नहीं किया जाता। सोमवार को आईडीएफ ने उत्तरी गाजा के हनून, जबालिया और बीतलहिया में फलस्तीनियों को चेतावनी दी कि वे दक्षिण गाजा में इस्राइल द्वारा तय क्षेत्र में चले जाएं।

### हमले में मारे गए थे 1200 से ज्यादा इस्राइली

सात अक्तूबर को दक्षिण इस्राइल में हमास के हमले में 1200 से ज्यादा इस्राइली नागरिक मारे गए थे। जबकि करीब ढाई लोगों को बंधक बनाया गया था। वहीं, इस्राइली जवाबी कार्रवाई में फलस्तीन के अब तक 40 हजार से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं। गाजा से शुरू हुए युद्ध की लपटें अब लेबनान और ईरान तक पहुंच गई हैं।

### कौन था याह्या सिनवार?

याह्या सिनवार गाजा पट्टी में हमास का शीर्ष नेता है। इस्राइल में 7 अक्तूबर को हुए हमास के हमले का मास्टरमाइंड भी याह्या सिनवार को माना जाता है। सिनवार को गाजा का सबसे ताकतवर नेता माना जाता है। वह इस्राइल की कैद में रह चुका है और करीब 24 साल जेल में बिता चुका है। इस्राइली सैनिक गिलाद शालित के बदले में इस्राइल की जेल से 1027 फलस्तीनी कैदी रिहा किए गए थे, उन्हीं कैदियों में याह्या सिनवार भी शामिल था। सिनवार ईरान का करीबी है और हमास के कट्टरपंथी समूह का नेतृत्व करता है। याह्या सिनवार इस्राइल की उस सूची में शीर्ष पर है, जिनका इस्राइल खात्मा चाहता है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: वांछित आरोपितों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांछित आरोपितों के खिलाफ मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने गुरुवार को देश छोड़ कर भागने से रोकने के लिए लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। इन आरोपितों में शिवकुमार गौतम पर शूटर होने का, शुभम लोनकर का पूरे हत्याकांड का मास्टरमाइंड होने का और जीशान अख्तर का हथियार सप्लाई करने और हत्या में मदद करने का आरोप है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस कदम से उनके देश से भागने पर रोक लगेगी और अगर वे विदेश भागने की कोशिश करते हैं तो पुलिस को उन्हें पकड़ने में भी मदद मिलेगी। बांद्रा ईस्ट के खेरनगर में राकांपा नेता की हत्या के बाद से मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम फरार हो गया है। पुलिस ने घटना के बाद गुरमेल बलजीत सिंह और धर्मराज कश्यप को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने पुणे से प्रवीण लोनकर को भी गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों 21 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में हैं और पुलिस छानबीन कर रही है।

### सारण और सिवान में जहरीली शराब से 25 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना।** ब्राहिमपुर का रहनेवाला हूं, वहीं से खरीद कर मंगलवार रात को मैंने शराब पी थी। बुधवार सुबह 10 :30 बजे से तबीयत बिगड़ने लगी आंख से धुंधला दिखाई देने लगा..वहीं एक और मृतक शिवजी ठाकुर के भतीजे ने बताया कि मंगलवार को चाचा ने जहरीली शराब पी थी। बुधवार सुबह जब सोकर उठा तो उन्होंने कहा कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। इसके बाद उनको सीएचसी मशरख में भर्ती कराया गया। वहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां पहुंचे तो रास्ते में उनकी मौत हो गई। बिहार के छपरा जिले के धर्मेन्द्र साह ने अकेले जहरीली शराब नहीं पी थी। सिवान और छपरा के अस्पतालों में मंगलवार रात से जहरीली शराब का सेवन करने वाले बीमार लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। लगातार एंबुलेंस के सायरन की आवाज, पुलिस की गाड़ियां और परिजन खुद घायलों लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### 'जीवाश्म ईंधन के आयात को तत्काल कम करने की जरूरत'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होता है इसलिए जीवाश्म ईंधन के आयात को तत्काल कम करने की जरूरत है। मेथनॉल, इथेनॉल और बायो-सीएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग से भारत की लॉजिस्टिक लागत कम हो सकती है। उन्होंने बायोमास के अधिक कुशल स्रोतों और बायोमास के लिए लागत प्रभावी परिवहन तरीकों पर अतिरिक्त शोध का भी आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मेथनॉल सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर कहा कि भारत जैव ईंधन विशेषकर मेथनॉल के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। सस्ते और प्रदूषण मुक्त मेथनॉल के उपयोग में सफलता मिल रही है। कम गुणवत्ता वाला कोयला जिन राज्यों में उपलब्ध है, उनका उपयोग मेथनॉल बनाने के लिए भी किया जा रहा है। गडकरी ने मेथनॉल पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार और एक्सपो आयोजित करने के लिए नीति आयोग की सराहना की। गडकरी ने कहा कि फसल अवशेषों के उपयोग की पहल देशभर में किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर रही है।

### राहुल गांधी ने दिल्ली के वाल्मीकि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** वाल्मीकि जयंती पर गुरुवार को वाल्मीकि समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राहुल को अंगवस्त्र, पगड़ी और महर्षि वाल्मीकि का एक तैल चित्र भेंट किया। इसके पहले राहुल गांधी ने दिल्ली के मंदिर मार्ग स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके द्वारा रचित रामायण के आदर्शों का स्मरण किया।

**सम्मन तनकीह**

**न्यायालय श्रीमान मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम ट्रिब्युनल महोदय, रायबरेली**

वाद सं0 एम0ए0सी0नं0 111/2018
तारीख पेशी- 23.10.2024

रेखा सिंह आदि
.......वादी

बनाम

आशीष विरमानी पुत्र जयप्रकाश विरमानी निवासी म0नं0 3-एच0 72-एन0आई0टी0 फरीदाबाद हरियाणा - 121001 (वाहन स्वामी ट्रक सं0 एच0 आर0 38 यू0 3743)
..... प्रतिवादी

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख **माह 23.10.2024 दिन 10** बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकिब किया गया और कुल उमरात अहम मुकदमा मुतालिका जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शक्स हो कि जो जवबा ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आप को लाजिम है कि उसको रोजजूमला दस्तावेजात पेश करे जिस पर आप ताईद अपनी जवाब देही के हस्तदलाल करना चाहते हो।
आप को इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजबूर आप हजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप के मजमुह और फैसला होगा।
दिनांक- 25.09.2024

हस्ताक्षर
पीठासीन अधिकारी,
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
रायबरेली

**सम्मन तनकीह**

**न्यायालय श्रीमान मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम ट्रिब्युनल महोदय, रायबरेली**

वाद सं0 एम0ए0सी0न0 118/2018
तारीख पेशी- 23.10.2024

मीना सिंह आदि
.......वादी

बनाम

आशीष विरमानी पुत्र जयप्रकाश विरमानी निवासी म0नं0 3-एच0 72-एन0आई0टी0 फरीदाबाद हरियाणा - 121001 (वाहन स्वामी ट्रक सं0 एच0आर0 38 यू0 3743)
..... प्रतिवादी

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख **माह 23.10.2024 दिन 10** बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकिब किया गया और कुल उमरात अहम मुकदमा मुतालिका जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शक्स हो कि जो जवबा ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आप को लाजिम है कि उसको रोजजूमला दस्तावेजात पेश करे जिस पर आप ताईद अपनी जवाब देही के हस्तदलाल करना चाहते हो।
आप को इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजबूर आप हजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप के मजमुह और फैसला होगा।
दिनांक- 25.09.2024

हस्ताक्षर
पीठासीन अधिकारी,
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
रायबरेली

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,** (**प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी**) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**